राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

आज का दिन

1977 में निर्मित चेरनोबिल परमाणु ऊर्जा संयंत्र का उपयोग तत्कालीन सोवियत संघ या आधुनिक पिपरियात, यूक्रेन में बिजली बनाने के लिए किया गया था। 1986 में 25- 26 अप्रैल की मध्य रात्रि इस परमाणु ऊर्जा संयंत्र में विस्फोट से बेलारूस, यूक्रेन और रूसी संघ के बड़े क्षेत्रों में रेडियोधर्मी बादल फैल गया। आपदा की गंभीरता का पता इस बात से लगाया जा सकता है कि तीन यूरोपीय देशों में लगभग 8.4 मिलियन लोग विकिरण की चपेट में आए थे।

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 295 | रांची, शुक्रवार, 26 अप्रैल 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com

वोट की ताकत से देश विरोधी मानसिकता वालों को दें कड़ा संदेश : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को शाहजहांपुर में हुंकार भरते हुए लोगों का आह्वान किया कि वे वोट की ताकत से देश विरोधी मानसिकता वाले लोगों को कड़ा संदेश दें। उन्होंने कहा कि इस बार का चुनाव सामान्य नहीं बल्कि ऐतिहासिक है। जनसभा में उपस्थित लोगों का उत्साह देखते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रांतिकारियों की यह धरती और यहां के लोगों ने यह तय कर लिया है कि इस बार फिर मोदी सरकार बनेगी। मोदी ने कहा कि सपा सरकार में यहां योजनाएं ठप पड़ी रहीं। सड़क, कानून व्यवस्था, बिजली व्यवस्था हो फिर चाहें स्वस्थ्य सेवा हों, सभी कुछ ठप पड़ा था। योगी सरकार आते ही ठप योजनाएं चल पड़ी और विकास का पहिया दौड़ पड़ा। आज यहां एक्सप्रेसवे, गंगा एक्सप्रेस आदि हाइवे गुजर रहे हैं। लखनऊ-दिल्ली की लम्बी दूरी कम होने से शाहजहांपुर डिफेंस कॉरिडोर से जुड़ेगा। उन्होंने कहा कि जरी जरदोजी के काम को एक जिला एक उत्पाद योजना से जोड़ने से इस काम में लगे कारीगरों को लाभ मिलेगा। योगी सराकर में यहां के किसानों की भी किस्मत चमकी। गन्ना किसानों को समय से गन्ने का भुगतान हो रहा है। एथनॉल की दो इकाइयां स्थापित की गई। उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर कहा कि दो लड़कों की जोड़ी जो फ्लॉप हो चुकी है। उनसे कैसे विकास की उम्मीद की सकती है। जबकि युवा, महिलाएं, गरीब और किसान भाजपा सरकार के लिए पहली प्रथमिकता है। सरकार ने चार करोड़ पीएम आवास दिए इनमें अधिकतर मकान महिलाएं के नाम पर बने हैं। शौचालय, उज्ववला योजना, जल जीवन मिशन योजना से महिलाओं में जीवन में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि मोदी कि गारन्टी है कि सरकार बनी तो तीन करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाएंगे। मोदी ने कहा कि सपा कांग्रेस ने कभी अपने कार्यकाल का हिसाब नहीं दिया। मोदी ने कहा कि कांग्रेस, सपा के कार्यकाल में आतंकवादी घटनाएं हुई। बम धमाके हुए। जबकि भाजपा कार्यकाल का सारा हिसाब जनता के सामने है। उन्होंने मेडिकल कॉलेज बनवाए और रामलला में भव्य मंदिर का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के मरने पर कांग्रेस की सबसे बड़ी नेता आंसू बहाती हैं। सपा सरकार में आतंकवादियों को जेल से रिहा कराने के लिए कानूनी रास्ते तलाश जाते थे। सपा और कांग्रेस ने राममंदिर का निर्माण न हो, इसके लिए की जतन किए। इसके बाद भी सबकुछ भुलाकर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमन्त्रण दिया। लेकिन उन्होंने उसे भी ठुकरा दिया। उन्होंने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस की पहचान है कि जब उन्हें कोई कुकृत्य करना होता है तो वो देश और संविधान के नाम पर हो-हल्ला करने लगते हैं। कांग्रेस ने 70 के दशक में देश में आपातकाल लगाया और लाखों लोकतंत्र प्रेमियों को जेल में बंद कर दिया। बोलने पर लोगों को जेल जाने का डर लगता था। उन्होंने कहा कि कर्नाटक की कांग्रेस सराकर ने पिछड़े वर्ग आरक्षण से कटौती कर मुस्लिमों को रातों-रातों पिछड़ा घोषित कर दिया। कांग्रेस पूरे देश में इस मॉडल को लाना चाहती है। कांग्रेस की मंशा संविधान को बदल कर दलितों और पिछड़ों के आरक्षण को छीन कर खास वोट बैंक को देना है। जिस पर सपा भी कांग्रेस के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा को कांग्रेस के शहजादे कहते हैं कि कांग्रेस हर किसी की सम्पत्ति की एक्सरे जांच कराएंगे। कांग्रेस की नजर लोगों की सम्पत्ति और किसानों पर है। विरासत में पुरखों से मिलने वाली सम्पत्ति पर भी उनकी नजर है।

क्विक न्यूज

दो आईपीएस का तबादला, स्पेशल ब्रांच के एसपी बने चंदन झा

रांची। चुनाव आयोग की सहमति के बाद राज्य सरकार ने दो आईपीएस का तबादला किया है। जेएपीटीसी पदमा एसपी के पद पर पदस्थापित चंदन झा को स्पेशल ब्रांच का एसपी बनाया गया है, जबकि पदस्थापन के लिए प्रतीक्षारत अजीत पीटर डुंगडुंग को जैप-1 कमांडेंट बनाया गया है। इस संबंध में गुरुवार की देर शाम गृह, कारा एवं आपदा विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी का नामांकन 30 को

पलामू। चतरा से कांग्रेस उम्मीदवार के.एन त्रिपाठी का नामांकन 30 अप्रैल को होगा। इसमें लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले के तरहसी प्रखंड मुख्यालय में के एन त्रिपाठी ने गुरुवार को बैठक की। संचालन पूर्व प्रमुख अमुक प्रियदर्शी ने किया। अध्यक्षता खुर्शीद आलम ने की। अमुक प्रियदर्शी ने कहा कि पार्टी हर एक स्तर पर मजबूत है और अब हमें गांव की ओर चलने की जरूरत है। प्रखंड के अध्यक्ष अब गांव की ओर जाकर लोगों को समझाएं और पार्टी के आने वाले एजेंडा के बारे में बताएं कि लोकल प्रत्याशी जो आप लोग लंबे समय से मांग कर रहे थे। के.एन त्रिपाठी 1532 ई. के खतियानी हैं, जो चतरा लोकसभा से चुनाव लड़ रहे हैं। मौके पर चतरा लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी केएन त्रिपाठी ने कहा कि गरीब बेरोजगार को रोजगार देने संबंधित एजेंडा तैयार किया गया है और पार्टी हर एक बूथ स्तर पर एक कमेटी का गठन करेगी, जो बेरोजगारों को चिन्हित कर बताएगी। आप लोगों से मेरा यही आग्रह होगा कि आप सभी 30 अप्रैल को नामांकन में चतरा पहुंचने की कोशिश करें।

रांची-हावड़ा एक्सप्रेस 28 और 29 अप्रैल को डायवर्ट होकर चलेगी

रांची। दक्षिण पूर्व रेलवे में आद्रा-खड़गपुर रेलखंड के पियारडोबा स्टेशन पर चलने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के कारण कई ट्रेनों को डायवर्ट किया गया है। कुछ का आंशिक सपामन भी किया गया है। ट्रेन नंबर 18628 रांची-हावड़ा एक्सप्रेस, बोकारो-चंद्रपुरा-महुदा-भोजूडीह-आद्रा-बांकुड़ा की बजाय कोटशिला-पुरुलिया-चांडिल-टाटा-खड़गपुर होकर 28 और 29 अप्रैल व ट्रेन नंबर 18627 हावड़ा-रांची एक्सप्रेस वापसी में खड़गपुर-टाटा-चांडिल- पुरुलिया-कोटशिला होकर चलेगी। वहीं दूसरी ओर गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस बांकुड़ा तक ही चलेगी। फिर वहीं से वापस गोमो आ जाएगी। ट्रेन नंबर 18024 गोमो-खड़गपुर एक्सप्रेस 26, 27, 28, 29 अप्रैल और ट्रेन नंबर 18023 खड़गपुर-गोमो एक्सप्रेस, बांकुड़ा से ही पांच दिन वापस गोमो के लिए चलेगी। वहीं यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने धनबाद-भुवनेश्वर स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन का 30 जून तक विस्तार किया है।

राहुल की अपील, संविधान बचाने के लिए करें मतदान

नई दिल्ली। आम चुनावों के दूसरे चरण के मतदान से एक दिन पहले कांग्रेस नेता एवं वायनाड से पार्टी उम्मीदवार राहुल गांधी ने लोगों से संविधान बचाने के लिए मतदान करने की अपील की है। वायनाड में भी इसी चरण में मतदान है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर वीडियो संदेश में कहा कि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के इस चुनाव में, 'मित्र काल' से निकल कर 'हिन्दुस्तानियों की सरकार' बनाने में लोकतंत्र का अपना कर्तव्य निभाइए। युवाओं के सपनों को हकीकत बनाना कांग्रेस का संकल्प है। कांग्रेस जनता को 5 गारंटियां दे रही है जो आपकी तकदीर बदल देगी। राहुल गांधी ने पांच गारंटियों की चर्चा करते हुए कहा कि कांग्रेस भर्ती भरोसा और 30 लाख सरकारी पदों पर तत्काल स्थायी नियुक्ति, हर ग्रेजुएट और डिप्लोमाधारी को एक लाख रुपये प्रतिवर्ष स्टाइपेंड के अप्रेंटिसशिप और पेपर लीक रोकने के लिए नया

कानून बना कर विश्वसनीय ढंग से परीक्षा के आयोजन की गारंटी देती है। गांधी ने कहा कि कांग्रेस गिग इकॉनोमी की वर्क फोर्स के लिए काम की बेहतर परिस्थितियों, पेंशन और सामाजिक सुरक्षा 5 हजार करोड़ के राष्ट्रीय कोष से ज़िला स्तर पर युवाओं को स्टार्ट-अप फंड देकर उन्हें उद्यमी बनाने की गारंटी भी देती है। उल्लेखनीय है कि 19 अप्रैल को 102 लोकसभा क्षेत्र में मतदान हुआ था। दूसरे चरण के लिए 13 राज्यों की 88 सीटों पर 26 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया।

अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत

रांची। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है। चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी।

लोकसभा चुनावः दूसरे चरण का मतदान आज सभी तैयारियां पूरी

एजेंसी

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की तैयारियां पूरी कर ली हैं। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान होगा। चुनाव आयोग ने मतदाताओं से मतदान केंद्रों पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान करने का आह्वान किया है। बताया गया है कि मौसम सामान्य रहने की संभावना है और मतदाता आराम से अपना वोट डाल सकते हैं। मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी मतदान केंद्रों पर सुविधाओं समेत गर्म मौसम की स्थिति से निपटने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है।

सुरक्षा की दृष्टि से भी पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। दूसरे चरण में 13 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों के 88 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान निर्धारित है। इसमें 6 अनुसूचित जनजाति और 9 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। बहुजन समाज पार्टी के एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर अब मतदान तीसरे चरण में कराया जाएगा। मणिपुरी बाहरी सीट पर दो बार में मतदान कराया जा रहा है। इस बार इस सीट के एक हिस्से में मतदान होगा।

किन सीटों पर होगा मतदान

इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हसन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान होगा। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एनार्कुलम,

इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान होगा। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान होगा। कुछ सीटों को छोड़कर लगभग सभी जगह मतदान सुबह 7 बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा।

कौन-कौन खास नेता हैं चुनावी मैदान में

इस चरण में 1202 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इसमें पुरुष - 1098, महिला - 102 और तृतीय लिंग - 02 हैं। वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके खिलाफ सीपीआई की एनी राजा चुनाव मैदान में है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन भी उनके खिलाफ लड़ रहे हैं। इसी चरण में केरल में तिरुवनंतपुरम सीट पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर और केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर के बीच मुकाबला है। इस चरण में मथुरा और मेरठ में भी मतदान होगा, जिसमें फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी और रामायण में राम का किरदार निभाने वाले अरुण गोविल भाजपा के उम्मीदवार हैं। बिहार की पूर्णिया सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला नजर आ रहा है। यहां भाजपा और राष्ट्रीय जनता दल के अलावा निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर पप्पू यादव मैदान में हैं। छत्तीसगढ़ की राजनांदगांव सीट से पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल कांग्रेस की टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। केरल की अलपुझा सीट से कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, पश्चिम बंगाल की बालुरघाट सीट से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांता मजूमदार, उदयपुर सीट से ताराचंद मीना (कांग्रेस), भीलवाड़ा से कांग्रेस नेता सीपी जोशी, जालौर से पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे वैभव गहलोत, कोटा से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, जोधपुर राजस्थान से केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, कर्नाटक की तुमकुर सीट से वी सोमन्ना, मांड्या से जेडीएस नेता एचडी कुमार स्वामी, बेंगलुरु दक्षिण से भाजपा के युवा नेता तेजस्वी सूर्या और अमरावती से हाल ही में भाजपा में शामिल हुई नवनीत राणा चुनाव मैदान में हैं। उल्लेखनीय है कि पहले चरण में 21 राज्यों की 102 लोकसभा सीटों पर 19 अप्रैल को मतदान हुआ था। पहले चरण में मतदान का औसत लगभग 64 प्रतिशत रहा है। मणिपुर में कुछ स्थानों में दोबारा मतदान कराया गया था। मतदान सात चरणों में कराया जा रहा है। सभी सीटों के नतीजे 4 जून को आयेंगे।

मतदाताः-इस चरण में 15.88 करोड़ से अधिक मतदाताओं के लिए 1.67 लाख मतदान केंद्रों पर 16 लाख से अधिक मतदान अधिकारी तैनात किए गए हैं। मतदाताओं में 8.08 करोड़ पुरुष, 7.8 करोड़ महिला और 5929 तृतीय लिंग मतदाता हैं। 34.8 लाख पहली बार मतदाता वोट डालने के लिए पंजीकृत हैं। इसके अतिरिक्त, 20-29 वर्ष आयु वर्ग के 3.28 करोड़ युवा मतदाता हैं। 85 वर्ष से अधिक आयु के 14.78 लाख से अधिक पंजीकृत मतदाता हैं। 100 वर्ष से अधिक के 42,226 मतदाता हैं और 14.7 लाख दिव्यांग मतदाता हैं।

मतदान तैयारियां

मतदान और सुरक्षा कर्मियों को लाने-ले जाने के लिए 3 हेलीकॉप्टर, 4 विशेष ट्रेनें और लगभग 80 हजार वाहन तैनात किए गए हैं। 50 प्रतिशत से अधिक मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की जाएगी। 251 पर्यवेक्षक (89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक, 109 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। कुल 4553 उड़न दस्ते, 5731 स्थैतिक निगरानी दल, 1462 वीडियो निगरानी दल और 844 वीडियो देखने वाली टीमें चौबीसों घंटे निगरानी रख रही हैं। 1237 अंतरराज्यीय और 263 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां किसी भी अवैध आवाजाही पर कड़ी निगरानी रख रही हैं। स्थानीय विषयों के साथ 88 सीटों पर लगभग 4195 मॉडल मतदान केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। 4100 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन सुरक्षा कर्मचारियों सहित पूरी तरह से महिलाओं द्वारा किया जाएगा और 640 से अधिक मतदान केंद्रों का प्रबंधन दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) द्वारा किया जाएगा।

तीनों सेनाओं को मिले 112 मेडिकल स्नातक, सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया

एजेंसी

नई दिल्ली। पुणे के सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज से गुरुवार को 58वें बैच में पास आउट हुए 112 मेडिकल स्नातकों को सशस्त्र बलों में कमीशन दिया गया। सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक और सेना चिकित्सा कोर के वरिष्ठ कर्नल कमांडेंट लेफ्टिनेंट जनरल दलजीत सिंह ने कमीशनिंग परेड की समीक्षा की। परेड की कमान मेडिकल कैडेट (अब लेफ्टिनेंट) सुशील कुमार सिंह ने संभाली। नवनियुक्त अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा के महानिदेशक ने कहा कि अधिकारियों को पूर्ण समर्पण के साथ देश और सशस्त्र बलों की सेवा करनी चाहिए। परेड ग्राउंड में 58वें बैच के कैडेटों ने परीक्षाओं में असाधारण प्रदर्शन किया।

● सशस्त्र बल मेडिकल कॉलेज के 58 वें बैच की पासिंग आउट परेड पुणे में हुई

लोकसभा चुनावः 2019 के चुनाव में बाबूलाल मरांडी थे भाजपा के विरोधी, इस बार बने हैं खेवनहार

उज्जवल दुनिया संवाददाता

खूंटी। राजनीति कब क्या करवट लेगी, कौन विरोधी होगा और कौन साथ देगा, इसे कोई नहीं जानता। राजनीति में राजनेताओं की निष्ठा समय-समय पर अपनी जरूरत के अनुसार बदलती रहती है। अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट को ही लें। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी पार्टी उम्मीदवार अर्जुन मुंडा के सारथी बने हुए हैं, वहीं 2019 के चुनाव में मरांडी भाजपा के धुर विरोधी थे और कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के पक्ष में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसके उलट इस लोकसभा चुनाव में बाबूलाल मरांडी अर्जुन मुंडा की चुनावी नैया के खेवनहार बने हुए हैं और कालीचरण मुंडा के विरोध में जमकर प्रचार कर रहे हैं। इधर, तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में राज्य के पूर्व मंत्री राजा पीटर 2019 के संसदीय चुनाव में अर्जुन मुंडा के विरोध में थे।

पटना जंक्शन के पास होटल में लगी भीषण आग, छह लोगों की मौत, 20 झुलसे

पटना। राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जंक्शन के पास गुरुवार को पाल होटल में भीषण आग लग गई। इस दुर्घटना में अबतक छह लोगों की मौत हो चुकी है। 20 लोग बुरी तरह से झुलस गए हैं, जबकि 45 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से कुछ की हालत नाजुक बनी हुई है। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि मृतकों का आंकड़ा अभी और बढ़ सकता है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे पटना जंक्शन के पास स्थित पाल होटल में आग लगने के बाद चीख पुकार मच गई। देखते ही देखते आग पूरी बिल्डिंग में फैल गई और दर्जनों लोग उसमें

फंस गए। गर्म पछुआ हवा के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और बिल्डिंग के नीचे खड़ी कई गाड़ियों को भी अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी दिए जाने के बाद मौके पर पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीमें पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। सबसे पहले दमकल की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं, लेकिन आग की भयावहता को देखते हुए आसपास के फायर स्टेशनों से दमकल की और गाड़ियां मंगाई गईं। करीब दो दर्जन से अधिक दमकल की गाड़ियों की मदद से फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। इस दौरान होटल में फंसे 30 से अधिक लोगों का रेस्क्यू किया गया। पुलिस ने आग में झुलसे लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया है। पुलिस ने इस घटना में 6 लोगों के मौत की पुष्टि की है। पटना के सिटी एसपी सेंट्रल चंद्रप्रकाश ने 6 लोगों की मौत की जानकारी दी है। सिटी एसपी सेंट्रल ने बताया कि अबतक 6 लोगों की इस अग्निकांड में जलकर मौत हो चुकी है जबकि आग में झुलसे 20 लोगों को पीएमसीएच में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 12 लोगों को तुरंत आईसीयू में भर्ती किया गया है। इनमें से तीन की हालत काफी नाजुक है। अग्निशमन विभाग की डीजी शोभा अहोतकर भी मौके पर पहुंची और हालात का जायजा लिया है। उन्होंने बताया कि राहत और बचाव कार्य चल रहा है। आग पर काबू पा लिया गया है और फिलहाल बिल्डिंग और उसके आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पटना पुलिस की टीम और संबंधित अधिकारी मौके पर कैंप कर रहे हैं।

प्रेम प्रसंग के चक्कर में एक छात्रा ने किया आत्महत्या

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गुमला – गुमला जिला अंतर्गत बसिया थाना स्थित कलिगा ग्राम में एक छात्र अपने किराये के मकान में खूंटी जिला अंतर्गत मुर्गू ग्राम निवासी आयुष बारला ने आत्महत्या कर लिया, बताया जा रहा हैं की आयुष बारला का किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग का मामला चल रहा था, ग्रामीणों ने उक्त घटना की सूचना बसिया थाना पुलिस को दी गई, उक्त सूचना मिलते ही बसिया थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए , बसिया थाना पुलिस के एस . आई. संजय मुंडा ने अपने दल बल के साथ उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर पुछताछ और छानबीन शुरू करते हुए, उक्त शव को पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं।.

रामगढ़ में भाजपा ने किया प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

रामगढ। भारतीय जनता पार्टी रामगढ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय परिसर में गुरूवार को भाजपा द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि कांग्रेस द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर जो घोषणा पत्र जारी किया गया है, वह न ही राष्ट्रहित में है न समाजहित और ना ही लोकहित में ही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने तुष्टिकरण को हमेशा वोट बैंक के रूप में प्रयोग करने का प्रयास किया है और इसबार के चुनाव में भी वह ऐसा ही करने का प्रयास कर रही है। श्री सिंह ने कहा कि इसके विपरित भारतीय जनता पार्टी के लिए देशहित और समाजहित सबसे महत्वपूर्ण रहा है और भाजपा इसी को लेकर आगे बढ रही है। अविनेश कुमार सिंह ने कहा कि जब 2014 में केंद्र में भाजपा की सरकार बनी तो उस समय देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें नंबर पर थी। जो आज 5वें नंबर पर है। कहा कि भाजपा का यह हमेशा प्रयास रहा है कि देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हो और रक्षा के क्षेत्र में देश आत्मनिर्भर बने। उन्होंने कहा कि भाजपा में सभी समुदाय के लोगों को बराबर का प्रतिनिधित्व मिलता है, जबकि कांग्रेस हमेशा तुष्टिकरण को बढावा देने का प्रयास करती है। कहा कि भाजपा किसी एक परिवार या जाति की पार्टी नही है और भाजपा समाज के अंतिम व्यक्ति के उदय को लेकर नीति बनाती है। वहीं भाजपा में किसान, नौजवान, रिक्शा चालक सभी को आगे बढने का अवसर दिया जाता है। वहीं, कांग्रेस की सोच माओवादी जैसी है। कहा कि यदि किसी व्यक्ति की पैतृक संपत्ति दो जगहों पर है तो कांग्रेस की नीति ऐसी है कि व्यक्ति की एक स्थान की पैतृक संपत्ति छीन सकती है। क्योंकि कांग्रेस द्वारा लोगों की पैतृक संपत्ति के मूल्यांकन की बात कही जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि इस बार के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा कुछ ऐसे विषय लाए गए हैं जो चिंताजनक हैं।

लेकिन जनता कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति को समझती है, इसलिए लोग उनके झांसे में नही आएंगे। प्रेस वार्ता में पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी,जिला महामंत्री रंजन फौजी, मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान,नगर अध्यक्ष सूर्यवंश श्रीवास्तव, वरिष्ठ नेता शिव कुमार गुप्ता मौजूद थे।

मारवाड़ी महिला समिति का स्थापना दिवस सह पदस्थापना समारोह संपन्न

रामगढ। मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय शिवम इन होटल के सभागार में 34वां स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय अध्यक्षा अंजू सरावगी , प्रांतीय अध्यक्षा मंजू बागड़िया , प्रांतीय सचिव साधना देवरालिया, प्रांतीय कोषाध्यक्ष किरण गोयंका मौजूद थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष अंजू सरावगी ने की। उपरोक्त कार्यक्रम में आई हुई वरिष्ठ पदाधिकारियों ने रामगढ़ शाखा की नई पदाधिकारियों में नई अध्यक्ष निशा जैन, सचिव रिद्धि जैन एवं कोषाध्यक्ष प्रिया अग्रवाल को समिति के संविधान के प्रति निष्ठा व्यक्त करते हुए शपथ ग्रहण करवाया। राष्ट्रीय अध्यक्षा ने अपने उदबोधन के दौरान समिति से विगत 2 वर्षों के कार्यकाल में किए गए कार्यों की जानकारी ली तथा समिति द्वारा किए गए कार्यों की जमकर सराहना की। अध्यक्षा के रूप में निशा के नेतृत्व में शाखा के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में शामिल प्रांतीय अध्यक्षा मंजू बगड़िया ने समिति की अध्यक्षा को प्रांतीय कार्यकारणी में शामिल करते हुए, उन्हें पांच शाखाओं की अंचल प्रमुख का पद भार सौंपा , उपरोक्त अवसर पर शाखा के मुखपत्र *ज्योतिपुंज* के नए संस्करण का विमोचन किया गया। साथ ही दो जरुरतमंद महिला को निःशुल्क सिलाई मशीन प्रदान की गई। जिससे वे जीविकोपार्जन कर सकें। अपने उद्बोधन में शाखा की अध्यक्षा निशा जैन ने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के समक्ष समिति के आगे के कार्यक्रम को निष्ठा पूर्वक करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंतर्गत मंच संचालन शाखा की पूर्व सचिव सिंपल बरेलिया ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नवनियुक्त सचिव रिद्धि जैन किया एवं शाखा की सह सचिव नैना मेवाड़ ने अपना विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम में समिति की अरुणा जैन, मधु अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, सरिता जैन,रेनू मित्तल, नेहा मित्तल, श्वेता बगड़िया,।

बीडीओ द्वारा सभी कोषांगो के नोडल पदाधिकारी व सहायक कर्मियों के साथ की गई बैठक

गिद्दी। डाडी प्रखंड सभागार में सहायक निर्वाचक निबंधन सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया के द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के सफल संचालन के लिए प्रखंड सह अंचल स्तर पर गठित सभी कोषांगों के निर्वाचन से संबंधित नोडल पदाधिकारी एवं सहायक कर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में सभी कोषांगों के द्वारा किए जा रहे कार्यों कि समीक्षा कि गई।सहायक निर्वाचक निबंधन सह बीडीओ अनु प्रिया ने बताया कि इस निमित्त सभी कोषांगों को कई आवश्यक निर्देश भी जारी किए गए हैं।जिसमें,स्व्न कोषांग,आचार संहिता कोषांग, स्वीप कोषांग एवं प्रशिक्षण कोषांग को और भी अधिक कार्यक्षमता के साथ कार्य करने को कहा गया है।श्रीमती अनु प्रिया द्वारा सभी कोषांगों को सभी मतदान केंद्रों पर न्यूनतम सुविधाओं को शत प्रतिशत पूरा करने का निर्देश दिया गया है।मतदान प्रतिशत ब?ाने हेतु स्वीप कोषांग को अपने नये नये रचनात्मक विचारों से मतदाताओं को जागरूक करने पर बल दिया गया, साथ ही साथ प्रतिदिन प्रखंड के स्थित विभिन्न मतदान केंद्रों तथा क्षेत्रों में जाकर लोगों तक पहुंचकर डोर टू डोर भीजिट करने का निर्देश दिया गया।वहीं बीएलओ और वालंटियर को प्रशिक्षण भी डस जाने कि बात कही गई।वहीं अनु प्रिया ने बताया कि एक सप्ताह के उपरांत पुनः सभी कोषांगों के द्वारा किए गए कार्यों का अनुश्रवणबकिया जाएगा।बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी अनु प्रिया के साथ साथ सभी कोषांगों के नोडल पदाधिकारी मौजूद थे।जिसमें अजित कुमार तिवारी, देवेंद्र कुमार,उज्ज्वल किशोर,अंचल के प्रधान सहायक अनिल कुमार,जेएसएलपीएसके बीपीएम सुधीर गुप्ता,शिक्षा विभाग से आलोक चतुर्वेदी बीपीएम (बीआरसी) सहायक शिक्षक राजेश कुमार सिंह,गोपाल राम हरिशचंद्र महतो,सुरेश प्रजापति,प्रखंड समन्वयक राहुल राज,मो. एकलाख।

माता-पिता के पवित्र रिश्ते को किया शर्मसार, हत्यारे पुत्र को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गुमला – गुमला जिला अंतर्गत चैनपुर थाना स्थित लॉरंबा ग्राम निवासी जेवियर मिंज , पत्नी द्रोथिया मिंज को सनकी , संस्कार विहीन पुत्र ने अपने ही माता-पिता को कुल्हाड़ी से कटकर मौत के घाट उतार दिया । लोग कहते हैं , जहां संस्कार नहीं होगा वहां परिणाम यही होगा आधुनिक , कलयुगी , दिशाहीन , संस्कार विहीन , पुत्र 25 वर्षीय अर्पण मिंज ने अपने ही जन्मदाता पिता जेवियर मिंज और माता द्रोथिया मिंज को कुल्हाड़ी से कटकर मौत के घाट उतार दिया, हत्या के कारण का खुलासा अबतक नहीं हुआ है, चैनपुर पुलिस उक्त दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले अर्पण मिंज को गिरफ्तार कर अपने साथ चैनपुर थाना ले जाकर पूछताछ कर रहे हैं , हत्यारे अर्पण मिंज के , बड़े भाई वाल्टर मिंज के बताया की जब मैं संध्या लगभग पांच बजे काम कर अपने घर पहुंचा , तो अपने घर के आंगन में अपने ही माता-पिता का खून से लथपथ शव देखकर , हैरान और परेशान होकर अपने छोटे भाई अर्पण मिंज को , मैं बैचैन और परेशान होकर खोजने लगा , पर उसका कहीं अता पता नहीं चल रहा था , क्योंकि घर में मात्र तीन ही लोग थे , माता-पिता और उसका छोटा भाई , इसी क्रम में उसकी नजर घर के एक बंद कमरे में पड़ा तो , वह उक्त बंद दरवाजे के पास पहुंचकर अपने छोटे भाई अर्पण मिंज को जोर-जोर से आवाज देकर और बंद दरवाजे को ज़ोर ज़ोर से , पीट पीटकर कर खुलवाने का काफी प्रयास करने लगा , परन्तु अंदर से दरवाजा नहीं खुला गया तब अन्त में वह उक्त दरवाजे को तोड़ दिया और घर के अंदर घुसकर देखा की , एक कोने में अर्पण मिंज चुपचाप बैठा हुआ है , और काफी पूछताछ करने पर भी वह कुछ नहीं बताया, और उसकी स्थिति और व्यवहार देखकर वाल्टर मिंज को यह आभास हुआ की संभवतः अर्पण मिंज ने ही अपने और हमारे पिता जेवियर मिंज और माता द्रोथिया मिंज को अर्पण मिंज ने ही कुल्हाड़ी से काट काटकर निर्दयतापूर्वक निर्मम हत्या कर दिया हैं, ।

सरला बिरला के छात्र जेईई मेन्स अप्रैल-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन



रांची : सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेईई मेन्स अप्रैल-2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, धैर्य पांडे ने 98.9870230 पर्सेंटाइल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव ब?ाया, उसके बाद अपूर्बो रॉय ने 98.8447182 पर्सेंटाइल, आयुष राज यादव ने 98.7884367 पर्सेंटाइल, बुट्टा नागा वेंकट कृष्णा ने 97.9357413 पर्सेंटाइल, आर्यमान कुमार ने 97.6370999 पर्सेंटाइल, तीर्थ श्रेष्ठ 96.7736114 पर्सेंटाइल, शिवम मिश्रा 96.6872740 पर्सेंटाइल, सुधांशु कुमार 96.3091710 पर्सेंटाइल, रणवीर राज 95.9133237 पर्सेंटाइल, रूपेश आनंद 95.4146232 पर्सेंटाइल, भूमि केशरी 95.3957983 पर्सेंटाइल, प्रवु समर्पिता नायक 93.9703785 पर्सेंटाइल, आकर्ष कुमार सिंह 92.6028770 पर्सेंटाइल और सौरभ तिवारी ने 92.4346213 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढाई है।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कडी मेहनत और अभिभावकों तथा शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को अगले स्तर के लिए शुभकामनाएं दीं।...

इस बार दिन भर मतदान

गुमला –12-लोहरदगा (अ0ज0जा0) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा आम चुनाव 2024 के लिए निर्वाची पदाधिकारी 12-लोहरदगा (अ. ज. जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र श्री कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय में कुल 17 प्रत्याशियों से नामनिर्देशन हेतु प्रपत्र प्राप्त हुए हैं।

कुल अभ्यार्थियों की सूची -

1.श्री महेंद्र उरांव (ष्टक्क्ष्ठ पार्टी),2.श्री मनी मुंडा (भागीदारी पार्टी),3.श्री स्टेफन किंडो (स्वतंत्र),4.श्री बिहारी भगत (पीपल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया),5.श्री सनिया उरांव (स्वतंत्र),6.श्री पवन तिग्गा (स्वतंत्र),7.श्री मरियानूस तिग्गा (भारत आदिवासी पार्टी),8.श्री समीर उरांव (बी.जे.पी. पार्टी),9.श्री रामचंद्र भगत (लोकहित अधिकार पार्टी) ,10.श्री चमरा लिंडा (स्वतंत्र) ,11.श्री गिरजानंद उरांव (बहुजन समाज पार्टी),12.श्री ललित उरांव (बहुजन मुक्ति पार्टी) ,13. श्री अर्जुन टोप्पो (आजाद समाज पार्टी),14.श्री सुखदेव भगत (इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी),15.श्री अर्पण देव भगत (स्वतंत्र) ,16.श्री रंजीत भगत (स्वतंत्र) ,17.श्री एतवा उरांव (स्वतंत्र) ।

उक्त सभी प्रत्याशियों द्वारा प्राप्त प्रपत्रों के बाबत कल दिनांक 26 अप्रैल को स्क्रुटनी की प्रक्रिया की जाएगी जिसके पश्चात प्रत्याशियों की अंतिम सूची प्रकाशित की जाएगी।...

दस जब्त गोवंशीय पशुओं को ग्रामीणों के बीच बांटा गया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



गुमला – गुमला जिला अंतर्गत रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह को एक गुप्त सूचना मिली की मध्य प्रदेश , छत्तीसगढ़ से ग्यारह गोवंशीय पशुओं को अज्ञात तस्करों द्वारा गो तस्करी और गोवध के लिए झारखंड बॉर्डर क्षेत्र के रास्ते रायडीह थाना क्षेत्र के भलमंडा के रास्ते उक्त गोवंशीय पशुओं को तस्करी एवं वध करने के उद्देश्य से लें जाया जा रहा हैं, जिसे रायडीह थाना प्रभारी ने अपने वरीय पदाधिकारी (गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह) महोदय को दिया गया, जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुयें , गुमला पुलिस कप्तान शंभू कुमार सिंह ने एक छापामारी दल का गठन करते हुए, पुलिस निरीक्षक युधिस्ठिर कुमार, रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार एवं रायडीह थाना के सशस्त्र बल के जवानों को अवश्य दिशा निर्देश देते हुए , ।

उक्त गुप्त सूचना के सत्यापन और आवश्यक करवाई करने का निर्देश दिया , जिसके आधार पर छापामारी दल ने भलमंडा ग्राम पहूचे और उक्त पिकअप वाहन और रेकी कर रहे ऑल्टो कार को आता देख, पुलिस ने उक्त वाहनों को रुकने का संकेत तो उक्त लोगों पुलिस छापामारी दल को देखकर और तेजी से भागने लगे , पुलिस द्वारा पीछा करने पर उक्त सभी गोवंशीय पशु तस्करों में खलबली मचा गई, ।

गोवंशीय पशु तस्कर और पिकअप वाहन और ऑटो कार के चालक अपने अपने वाहन छोड़कर और जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे, बाद में छापामारी दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें और स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से उक्त पिकअप वाहन ठुंसा ठुंस कर भरे 11 ग्यारह गोवंशीय पशुओं को जब्त किया गया जिसमें एक गौवंशीय पशु को मृत पाया गया, जिसे सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार कर दी गई और रेकी कर रहे ऑल्टो कार को जब्त किया गया और दुसरे दिन स्थानीय ग्रामीणों के बीच लिखित जिया नाम के आधार पर 10 (दस) गोवंशीय पशुओं को ग्रामीणों के बीच वितरित कर दिया गया, पिछले माह भी दो बार गोतस्करों को गिरफतार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गुमला जेल भेज दिया गया था।

एक-नजर

आज कुल 6 प्रत्याशियों ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने -अपने नामांकन पत्र दाखिल किये

गुमला – गुमला - लोहरदगा निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गुमला , कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष में पहुंचकर , आज कुल 6 प्रत्याशियों ने लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये (1) गिरिजा नंदन उरांव - बहुजन समाज पार्टी (2) ललित उरांव - बहुजन मुक्ति पार्टी (3) अर्जुन टोप्पो आजाद समाज पार्टी (4) सुखदेव भगत - इंडियन नेशनल कांग्रेस (5) अर्पण देव भगत - स्वतंत्र (निर्दलीय) (6) रंजीत भगत - स्वतंत्र (निर्दलीय) (7) एतवा उरांव - स्वतंत्र (निर्दलीय) ने अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किये । उक्त सभी प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पत्र दाखिल करने से पूर्व अपने-अपने पार्टी समर्थकों के साथ सामूहिक रूप से जिला मुख्यालय गुमला के विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए एक जुलूस के शक्ल में ढोल नगाड़े के साथ जुलूस निकालकर , गुमला - लोहरदगा लोकसभा चुनाव 2024 के निर्वाचन पदाधिकारी सह गुमला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के कार्यालय कक्ष स्थल तक पहुंचे और अपने अपने नामांकन पत्र दाखिल किया।..

सीलम गांव में युवक ने कुएं में लगाई छलांग सर में लगी गंभीर चोट, लाया गया सदर अस्पताल

गुमला : सीलम गांव निवासी 27 वर्षीय पिंटू उरांव ने गांव के समीप स्थित एक कुएं में छलांग लगा दी। घटना में पत्थर से उसके सिर के पीछे भाग में गंभीर चोट लगी। तत्काल परिजन उसे लेकर सदर अस्पताल आए। जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक झारखंड सरकार द्वारा संचालित सीलम स्थित गुरुकुल कल्याण की ओर से हैदराबाद काम करने गया था। जहां उसकी मासिक स्थिति खराब हो गई। दो दिन पूर्व ही उसे गांव लाया गया था। इसके बाद वह अजीब हरकत करता था। रात रात भर गांव में घूमता रहता था। वही बुधवार की अपराह्न कुआं में छलांग लगा लिया।

टुडुरमा मोड में बाइक सवार ने डिवाइडर को मारी जोरदार टक्कर दो युवक हुए घायल, लाया गया सदर अस्पताल

गुमला : रायडीह थाना अंतर्गत टुडू रमा गांव के समीप मोड में बाइक सवार युवक ने डिवाइडर को जोरदार टक्कर मार दिया। घटना में कांसीर निवासी राजकुमार मुंडा और शीतल बेक घायल हो गए। घटना की सूचना पर परिजन दोनों को सदर अस्पताल लाए जहां इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक दोनों युवक शादी का कार्ड बांटने टुडू रमा गांव गए थे। लौटने के क्रम में टुडू रमा मोड में अनियंत्रित होकर डिवाइडर को जोरदार टक्कर मार दिया। दोनों युवक शराब के नशे में थे। घटना की सूचना पर परिजन एंबुलेंस की मदद से दोनों घायल को सदर अस्पताल लेकर आए।

एकल विद्यालय टोटो के समीप पति ने ईंट से पत्नी को मार कर किया गंभीर रूप से घायल, थाना में शिकायत दर्ज

गुमला : सदर थाना क्षेत्र के एकल विद्यालय टोटो के समीप खटंगा डान टोली निवासी 30 वर्षीय अमृता मिंज को उसके पति जितेंद्र मिंज ने ईट से सर पर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद रिश्तेदार घायल महिला को लेकर सदर अस्पताल आए। घटना के बाबत जानकारी देते हुए महिला ने बताया मेरा पति प्रतिदिन शराब पीता है वही शराब के नशे में मेरे साथ अक्सर मारपीट करता रहता है। घटना के दिन मैं एकल विद्यालय टोटो में फॉर्म जमा करने गई थी। तभी मेरे पति का फोन आया और उसने मुझे घर बुलाया वह शराब के नशे में था इसलिए मैं घर नहीं जाना चाहती थी। घर जाने पर वह मेरे साथ मारपीट करता यह सोचकर मैंने फोन काट दिया। कुछ देर बाद मेरा पति एकल विद्यालय टोटो चला आया और मुझे साथ में घर चलने को कहा पति शराब के नशे में होने के कारण मैंने मना किया। तभी वह पास रखे ईट उठाया और मेरे सिर पर जोर से मार दिया वहीं महिला ने गुमला थाना में अपने पति के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

भिजा पाट में पाकर पेड़ से नीचे चट्टान में गिरने से 8 वर्षीय बच्ची हुई घायल , अस्पताल में भर्ती

गुमला चैनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत भीजा पाट निवासी थेयोदर असुर की 8 वर्षय पुत्री रीमा असुर पाकर पेड़ से नीचे गिर गई चट्टान में सर के बल गिरने से उसे सिर में गंभीर चोट लगी। घटना मंगलवार की अपराह्न 5ः00 बजे की है लेकिन सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण बच्ची को बुधवार को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक गांव के चार-पांच बच्चे पाकर का फल खाने के लिए पेड़ में चढ़े थे। तभी बच्ची का पैर अचानक फिसल गया और वह सर के बल नीचे चट्टान में गिर गई।

रिभर साईड में श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न, भव्य भंडारा का हुआ आयोजन

भुरकुंडा (रामगढ)। रिवर साइड भुरकुंडा स्थित शिव नगर कॉलोनी बीटीटीआई में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों के बीच पांच दिवसीय श्रीश्री 108 रूद्र महायज्ञ सह प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न हो गया। वाराणसी खैरहकला के आचार्य सुशील कुमार भारद्वाज (पाठक बाबा) के देखरेख में वाराणसी बक्सर के आचार्य नरेन्द्र पंडित, रामजी पांडेय, शिवनगर रिभर साईड के सुभाष पांडेय व भुरकुंडा के निवास पांडेय द्वारा बुधवार को पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। यज्ञ के संपन्न होने पर गुरूवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया।

मौके पर सुरेश महतो व कपूर देवी, शंभू ठाकुर व पिंकी देवी, अविनाश कुमार व रेश्मी देवी, महेश साव व सुनीता देवी और लाल मोहन तिवारी व तिलोतमा तिवारी आदि मौजूद थें।

भंडारा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष कमलेश कुमार, उपाध्यक्ष सूरज सिंह, सचिव हिमांशु कुमार ठाकुर, सह सचिव कुणाल सिंह, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार यादव, सह कोषाध्यक्ष सुबोध कुमार यादव, अविनाश कुमार, शंभू ठाकुर, राजकुमार सिंह, शत्रुघ्न साहनी, बबलू पांडेय, आयुष कुमार, सुधांशु कुमार, मनोज कुमार पासवान, बादल पासवान, श्याम सिंह, किशन कुमार, दीपक कुमार, नागेंद्र पंडित, रंजीत मालाकार, रामजी ठाकुर, मनोज, रेशमी देवी, सानू देवी, किरण सिंह, सुनीता देवी, आशा देवी, माता देवी, रीता देवी, पिंकी देवी, शोभा पंडित, पार्वती देवी, शकुंतला देवी, सरस्वती देवी आदि का विशेष योगदान रहा।.

भारत विकास परिषद रामगढ की नई टीम का हुआ गठन , हरीश व प्रदीप ने जताया आभार

रामगढ। रामगढ़ जिमखाना क्लब के सभागार में एक बैठक का आयोजन किया गया।बैठक की अध्यक्षता भारत विकास परिषद रामगढ शाखा के अध्यक्ष अमित साहू एवं गोविंद मेवाड़ के मार्गदर्शन में कि गई।चुनाव प्रभारी उमेश राजगढ़िया ने सत्र 2024-2025 हेतू अध्यक्ष, सचिव एवं कोषाध्यक्ष के नामो का प्रस्ताव की लिस्ट प्रस्तुत किए एवं सर्व सम्मति से निविरोध उसे पारित किया गया। हरीश चौधरी अध्यक्ष, प्रदीप कुमार शर्मा सचिव एवं रामप्रवेश गुप्ता कोषाध्यक्ष , सभी ने नई टीम को बधाई दी।

बैठक में मुख्य रूप से पूर्व संस्थापक अध्यक्ष गोविंद मेवाड़,पूर्व अध्यक्ष उमेश राजगढ़िया, पूर्व अध्यक्ष अमित साहू, पूर्व उपाध्याय मनमोहन सिंह लाम्बा, पूर्व उपाध्यक्ष अनिल गोयल, पूर्व सचिव आलोक रत्न चौधरी, पूर्व कार्यकारिणी के सदस्य आनंद सर्राफ़, सचिन अग्रवाल, धीरज सिंह, देवाशीष साहा इत्यादि अनेकों लोग उपस्थित थे।

पूर्व अध्यक्ष गोविन्द मेवाड़ ने पुरानी टीम के अध्यक्ष अमित साहू की तारीफ की। कहा कि अमित साहू की टीम ने अनेकों सराहनीय कार्यक्रम किये।नये अध्यक्ष हरीश चौधरी एवं सचिव प्रदीप शर्मा ने सभी को विश्वास दिलाया कि उम्मीद में खरा उतरेंगे और सभी को साथ लेकर चलेंगे।

मतदान दिवस के लिए वाहन प्रबंधन रखें सही, नागरिकों को न हो कोई असुविधा: के. रवि कुमार

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने परिवहन विभाग से कहा है कि लोकसभा चुनाव के दौरान वाहन प्रबंधन इस ढंग से करें कि मतदान दिवस के दिन माहौल कर्फ्यू जैसा न रहे। आम नागरिकों को आवागमन में कोई असुविधा न हो, इसका हर संभव ध्यान रखें। आम नागरिक सहित चुनाव कार्य से जुड़े मतदान कर्मियों एवं सुरक्षा बलों को चुनाव ड्यूटी के दौरान आवागमन में कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। इसके लिए असेसमेंट कर 26 अप्रैल तक वाहन प्रबंधन से संबंधित रिपोर्ट सौंपना सुनिश्चित करें।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार गुरुवार को निर्वाचन सदन से सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी संग वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वाहन प्रबंधन की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि मतदान केन्द्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं को लाने के लिए भी पुख्ता इंतजाम रखें, ताकि मतदान केन्द्र पर खुद चलकर

आने में अक्षम मतदाताओं को सुविधा हो और वे उत्साहपूर्ण तरीके से मतदान केन्द्र तक पहुंचे और मतदान करें। उन्होंने दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए स्थानीय स्तर पर छोटे वाहनों की उपलब्धता हेतु प्लान तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने वाहनों की एडवांस तैयारी करने और आवश्यकता के अनुरूप संबंधित नजदीकी जिलों से संपर्क स्थापित कर व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

राज्य पुलिस के नोडल पदाधिकारी ए.वी होमकर ने कहा कि पुलिस जवानों को पहुंचाने के लिए वाहनों की व्यवस्था की पूर्व तैयारी कर लें, ताकि पुलिस जवानों को कोई परेशानी न हो और वे ससमय संबंधित गंतव्य पर पहुंच सकें।

बैठक में निर्वाचन सदन से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार, परिवहन सह कल्याण सचिव कृपानंद झा, राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी के अलावा अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह एवं डॉ. नेहा अरोड़ा, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, आईजी धनंजय कुमार सिंह, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-स्वीप के राज्यस्तरीय पदाधिकारी देवदास दत्ता एवं निर्वाचन कार्य से जुड़े अन्य वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे। सभी प्रमंडलीय आयुक्त, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार के सचिव, सभी जिलों के जिला परिवहन पदाधिकारी एवं उप निर्वाचन पदाधिकारी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक से जुड़े थे।

मतदान के लिए प्रवासी मजदूरों से संपर्क साधेगा चुनाव आयोग

रांची। चुनाव आयोग झारखंड के प्रवासी मजदूरों से संपर्क कर उन्हें मतदान के लिए प्रेरित करेगा। इसे लेकर गुरुवार को चुनाव आयोग कार्यालय में श्रम विभाग के साथ बैठक कर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने प्रवासी मजदूरों का डेटा आयोग को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

श्रम विभाग की ओर से बैठक में बताया गया कि उनके पास 1 लाख 70 हजार प्रवासी मजदूरों का डेटा है। उनके मोबाइल नंबर भी हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रवासी मजदूरों को उनके मोबाइल नंबर पर बल्क मैसेज भेजकर उनसे चुनाव महापर्व में भागीदारी करने और मतदान के लिए प्रेरित किया जाएगा।दूसरी ओर बैठक में शामिल गृह विभाग के अधिकारियों से मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि वे विभिन्न सिक्युरिटी एजेंसियों से संपर्क कर उसमें कार्यरत कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करें। गृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि उनके पास 416 सिक्युरिटी एजेंसियों का डेटा है। वे इन एजेंसियों को स्पीड पोस्ट से पत्र भेजकर आयोग की मंशा से अवगत कराते हुए उनके यहां कार्यरत प्रवासी कर्मियों को मतदान के लिए प्रेरित करने को कहेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि सिक्युरिटी एजेंसियों को आरपी एक्ट के तहत कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देते हुए मतदान में शामिल कराने के लिए प्रेरित करें।बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, संयुक्त सचिव गृह मनीषा तिग्गा, संयुक्त श्रम आयुक्त, राकेश प्रसाद सहित अन्य उपस्थित थे।

एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम सहित दो आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी

रांची। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने गुरुवार को दस साल पुराने एचईसी में हुए टेंडर घोटाले से जुड़े मामले की सुनवाई करते हुए एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम (सिविल एवं स्ट्रक्चरल डिजाइन) अनिल कुमार सिंह और कोलकाता की कंपनी मेसर्स कंसल्टिंग डिजाइन इंजीनियरिंग सेंट्रल प्रा. लिमिटेड के संचालक पार्थ चक्रवर्ती को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है।

यह मामला 20 जून 2012 में हुए टेंडर घोटाले को लेकर सीबीआई ने नवंबर 2014 में अनिल कुमार

सिंह, सीनियर डीजीएम प्रोजेक्ट डिवीजन बंधु तिग्गा और कंपनी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी। सुनवाई के दौरान बंधु तिग्गा की मौत हो गई थी। बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार कंठ ने अदालत के समक्ष पक्ष रखा। इस कारण सीबीआई ने घोटाले को साबित करने के लिए अदालत के समक्ष 17 गवाहों को प्रस्तुत किया था। बावजूद आरोप को साबित नहीं किया जा सका। इसका लाभ आरोपितों को मिला। मामले में एचईसी के पूर्व सीनियर डीजीएम पर गलत तरीके से ठेका देने का आरोप लगा था। एचईसी ने 20 जून 2012 को कृष्णशिला प्रोजेक्ट में डिजाइन और इंजीनियरिंग कार्य के लिए ठेका देने को लेकर एक निविदा निकाली थी। इसका अनुमानित लागत 2.6 करोड़ रुपए था।

झामुमो ने उपायुक्त को लिखा पत्र, चुनाव सामग्री संबंधित टेंडर रद्द करने की मांग की

रांची, । झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रांची जिला समिति ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को पत्र लिखकर टेन्ट, वीडियोग्राफी, सीसीटीवी से संबंधित टेंडर राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति को दिए जाने के कारण टेंडर रद्द करने की मांग की है।

झामुमो जिला अध्यक्ष मुस्ताक आलम ने गुरुवार को पत्र में लिखा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के जरिये प्रस्तुत किये जाने वाले नामांकन फॉर्म, चुनाव प्रचार, ईवीएम रेंडमाइजेशन, अन्य

क्रिटिकल घटनाओं, सामग्री वितरण, वापसी एवं मतगणना आदि के लिए वेबकास्टिंग एवं सीसीटीवी कैमरे अति संवेदनशील होते हैं। ऐसे में राजनैतिक लाभ लेने के लिए कभी भी इसका दुरुपयोग हो सकता है। ऐसी परिस्थिति में किसी भी राजनैतिक दल से जुड़े व्यक्ति से संबंधित कार्य लिया जाना आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। अतः एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड को चुनाव संबंधी कार्य से तत्काल प्रभाव से दूर रखा जाये एवं उनको निर्गत टेन्ट, वीडियोग्राफी का मिला टेंडर निरस्त किया जाये।

मुस्ताक आलम ने पत्र में कहा है कि एमएस अजमानी इंफ्रास्ट्रक्चर और प्रोजेक्ट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कुणाल आजमानी, भाजपा से जुड़े हैं। निर्वाचन आयोग के अनुसार, निविदादाता का किसी राजनैतिक दल और अभ्यर्थियों से कोई संबंध नहीं होना चाहिए। यदि इसका उल्लंघन होते पाया गया तो निविदा निरस्त कर दी जायेगी। उन्होंने पत्र के माध्यम से आजवानी के सोशल मीडिया पर डाली गई तस्वीर को भी उपायुक्त को प्रमाण के तौर पर सौंपा है।

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है सरहुल महोत्सव: कालीचरण मुंडा

खूंटी, । जिले के सिरूम गांव में गुरुवार को सरहुल महोत्सव पूरी श्रद्धा और पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ मनाया गया। खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मौके पर आयोजित सरहुल नृत्य में कालीचरण मुंडा ढोल-नगाड़े की थाप पर जमकर थिरके। उन्होंने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों के प्रकृति प्रेम और लगाव का प्रतीक है। जंगलों को बचाने की दिशा में काम करने की जरूरत है। सरहूल मानव सभ्यता को वन और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित करता है। साथ ही मानव जीवन दर्शन की मौलिकता को दशार्ता है। मुंडा ने कहा कि सरहुल महोत्सव हमारी पौराणिक संस्कृति को दशार्ती है, जरूरत है हमें इसे संजोने की। इस पर्व के माध्यम से हम प्रकृति के महत्व को समझते है।

सरहुल आदिवासी समाज का पारंपरिक पर्व है। यह पर्व आदिवासी समाज पीढ़ी दर पीढ़ी मनाता आ रहा है। आज के इस आधुनिक युग में इस पर्व को बचाये रखना हम सभी का कर्तव्य है।

महोत्सव में युवाओं की भूमिका अहम रहेगी। मौके पर चंद्र प्रभात मुंडा, विनसाय मुंडा, पंडेया मुंडा, फूलचंद टूटी, सुशील सांगा सहित सैकड़ो लोग शामिल हुए।

अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में झारखंड हाई कोर्ट से राहुल गांधी को बड़ी राहत

रांची। भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को झारखंड हाई कोर्ट से गुरुवार को बड़ी राहत मिली है। हाई कोर्ट ने चाईबासा सिविल कोर्ट द्वारा उनके खिलाफ जारी गैर जमानती वारंट पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही अदालत ने निचली अदालत में चल रही कार्यवाही पर भी रोक लगा दी है। वहीं न्यायाधीश जस्टिस राजेश कुमार की कोर्ट ने इस केस के सूचक को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है।

यह मामला भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और वर्तमान में देश के गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक बयान देने से जुड़ा है।

चाईबासा सिविल कोर्ट ने 27 फरवरी को अवमानना मामले में सुनवाई करते हुए राहुल गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया था। जिसके खिलाफ राहुल गांधी ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की थी। राहुल गांधी की ओर से हाई कोर्ट के अधिवक्ता पीयूष चित्रेश और दीपांकर राय ने बहस की।

शातिर ठग गिरफ्तार, 1.74 लाख रुपये बरामद

रांची। रांची की लालपुर थाना पुलिस ने एक शातिर ठग को गिरफ्तार किया है। वह अपने आप को कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर लोगों से ठगी करता था। शातिर ठग का नाम दीपक कुमार श्रीवास्तव है। इसके पास से एक लाख 74 हजार 500 रुपये नकद बरामद किए गए हैं। साथ ही इसके पास से तीन मोहर, जिस पर कृषि निदेशक झारखंड, जिला कोषागार पदाधिकारी धनबाद और जिला योजना पदाधिकारी धनबाद लिखा है, बरामद किया है। इसके अलावा अलग-अलग व्यक्ति का आधार कार्ड, सात पासबुक, 10 खाली चेक तथा चार मोबाइल फोन बरामद किया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में

बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि शातिर ठग दीपक कुमार श्रीवास्तव मोरहाबादी मैदान में आकर कृषि विभाग का पदाधिकारी बताकर ठगी कर रहा है। साथ ही सरकारी विभाग का स्टांप-मोहर भी रखे हुए है। वह कई थानों के दर्ज मामले में वांछित है। सूचना के बाद लालपुर थाना प्रभारी आदिकांत महतो के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने शातिर ठग को मोरहाबादी मैदान में पकड़ लिया। इसके बैग से ठगी किया हुआ पैसा सहित अन्य सामान बरामद किया है। पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि बरामद मोहर, पासबुक, चेक का उपयोग वह ठगी के लिए करता है।

एसएसपी ने बताया कि लालपुर थाना के एक पुराने मामले (कांड सं0-258/17) में विगत छह वर्षों से वह फरार था। इसका स्थायी पता उपलब्ध नहीं रहने के कारण पुलिस ठग को पकड़ नहीं पा रही थी। एसएसपी ने बताया कि इस मामले में कल्याण विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर कुल 155 लोगों से 75 लाख 65 हजार रुपये की ठगी की गई थी। आरोपित ने पैसे की लालच में ठगी करता था।

एसएसपी ने बताया कि कांके होचर के एक वकील से 12 लाख रुपये ठगी करने के मामले में आरोपित को पांच वर्ष की सजा भी हुई है।

रांची में 30 अप्रैल से राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग का

रांची। रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में 30 अप्रैल से देश की पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग (एनडब्ल्यूएचएल) का आयोजन होगा। यह नौ मई तक खेला जाएगा। इसमें युवा महिला खिलाड़ियों के हाथों हॉकी स्टिक का जादू देखने को मिलेगा। हॉकी झारखंड के प्रमुख और हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग हमारे महिला खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने और घरेलू स्तर पर उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए एक मंच प्रदान करेगी। लीग का चरण-1 रांची में 30 अप्रैल से 9 मई 2024 तक आयोजित होगा जो देश में महिला हॉकी के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा। अपनी तरह का यह पहला घरेलू लीग टूनार्मेंट होगा। इसमें देश की शीर्ष महिला हॉकी प्रतिभाओं का रोमांचक प्रदर्शन



दिखेगा।

एनडब्ल्यूएचएल का लक्ष्य खेल को ऊपर उठाना और स्थापित तथा महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों के लिए एक मंच प्रदान करना भी है। उद्घाटन चरण में हाल ही में संपन्न 14वीं हॉकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप की शीर्ष आठ टीमों को शामिल किया गया है।उन्होंने बताया कि हॉकी लीग में हॉकी हरियाणा, हॉकी महाराष्ट्र, हॉकी झारखंड (मेजबान), हॉकी मध्य प्रदेश, हॉकी बंगाल, हॉकी मिजोरम, मणिपुर हॉकी, हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिशा की टीम शामिल है। सभी टीमें एक-दूसरे से एक-एक मैच खेलेंगी। युवा प्रतिभाओं को निखारने के लिए लीग में अंडर-21 आयु वर्ग की खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। जमीनी स्तर के खिलाड़ियों के विकास और भविष्य की पीढ़ी के हॉकी सितारों पर मजबूत फोकस करना इसका लक्ष्य है।

सार-संक्षेप

चतरा से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह शुक्रवार को दाखिल करेंगे नामांकन

रांची। चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार कालीचरण सिंह 26 अप्रैल शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगे। उनके साथ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी उपस्थित रहेंगे। पार्टी के संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और महामंत्री एवं राज्यसभा सदस्य डॉ प्रदीप वर्मा भी इस अवसर पर मौजूद रहेंगे।

इसके बाद बाबूलाल मरांडी चतरा के बाबा घाट मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करेंगे। नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी भी सभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा मरांडी गिरिडीह के गांडेय स्थित लेद हटिया मैदान में आयोजित जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

महिला मतदान कर्मियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

खूंटी। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशिक्षण कोषांग बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में गुरुवार को प्रशिक्षण से छूटे मतदान कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना निदेशक, आइटीडीए सह प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी आलोक शिकारी कच्छप और जिला भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा अलग-अलग महिला मतदान कर्मियों को उनके कर्तव्यों एवं दायित्वों के बारे में अवगत कराया गया।

साथ ही सभी मतदानकर्मियों से प्रशिक्षण से संबंधित प्रश्न पूछा गया और निर्देश दिया गया गया कि प्रशिक्षण के दौरान दी जाने वाली सभी जानकारी से अपने आप में संतुष्ट हो जाने तक प्रशिक्षण प्राप्त करें। प्रशिक्षण के दौरान मतदान कर्मियों को पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की सभी प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया।

विभिन्न संस्थानों में चलाया गया मतदाता जागरुकता कार्यक्रम

खूंटी, । मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को विभिन्न संस्थानों में भी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही विभिन्न संस्थानों और बैंकों में वीएपी वोटर अवेयरनेस फोरम का गठन कर मतदाताओं को मतदान के महत्व की दी गई जानकारी।

इस अवसर पर आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों के भी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त जिले में ग्राम स्तर पर मतदाता जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वीप के तहत जागरूकता गतिविधियां व्यापक स्तर पर आयोजित किए जाने का निर्देश जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त द्वारा दिया गया है।

नामांकन के अंतिम दिन खूंटी संसदीय सीट से सात उम्मीदवारों ने दाखिल किया नामांकन

खूंटी, । अनुसूचित जनजातियों के लिए सुरक्षित 11 खूंटी संसदीय सीट के लिए नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन गुरुवार को सात उम्मीदवारों ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी लोकेश मिश्रा के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिन उम्मीदवारों ने गुरुवार को नामांकन दाखिल किया, उनमें भागीदारी पार्टी के जयपाल मुंडा, निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध पूर्ति, एपीआई के सामुएल पूर्ति, झारखंड पार्टी के प्यारा मुंडू, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के थॉमस डांग, बहुजन समाज पार्टी की सावित्री देवी तथा अंबेडकराइट पार्टी ऑफ इंडिया के सामड़ोम गुड़िया शामिल हैं।

इनके अतिरिक्त पूर्व में नामांकन दाखिल करने वाले कांग्रेस के कालीचरण मुंडा, झारखंड पार्टी की अर्पणा हंस तथा निर्दलीय बसंत कुमार लोंगा ने भी आज अन्य सेटों में नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। इस प्रकार खूंटी सुरक्षित सीट से दोनों राष्ट्रीय पार्टी भाजपा के अर्जुन मुंडा, कांग्रेस के कालीचरण मुंडा सहित कुल 16 उम्मीदवारों द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया है। विभिन्न उम्मीदवारों द्वारा दाखिल किए गए नाम निर्देशन पत्र की समीक्षा शुक्रवार को पूर्वाह्न 11 से की जाएगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल अपराह्न तीन बजे तक है।

तस्कर गिरफ्तार, 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद

रांची। रांची की सदर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर का नाम अभिषेक जायसवाल है। इसके पास से 3.02 ग्राम ब्राउन शुगर और मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर सिटी एसपी राजकुमार मेहता के निर्देशन और सदर डीएसपी के नेतृत्व में एक छापेमारी टीम गठन किया गया। टीम ने प्राप्त सूचना के आधार पर बांधगाड़ी स्थित मंदिर के पीछे मिलन चौक से एक व्यक्ति को पकड़ा। जांच के क्रम में उसके पॉकेट से छोटे-छोटे पुड़िया में ब्राउन शुगर को बरामद किया गया। पूछने पर उसने बताया कि वह ब्राउन शुगर को 500 से 600 रुपये प्रति पुड़िया की दर से बिक्री करता है। पूछताछ में और कई जानकारियां मिली हैं उसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

हथियार के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

रांची। रांची की सदर थाना पुलिस ने हथियार के साथ दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार बदमाशों में मोइन अंसारी और गुलबसर अंसारी के नाम शामिल हैं। दोनों ठाकुर गांव थाना क्षेत्र के मनातू गांव के रहने वाले हैं। इनके पास से एक लोडेड देशी कट्टा, एक बाइक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है।

एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दो बदमाश हथियार लेकर किसी

कार्यालय,
विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनियर्स हॉस्टल,धुर्वा, रॉंची

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/24–25

लोक सभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर जमशेदपुर एवं अन्य जिलों कें अन्तर्गत मतगणना केन्द्रों, ब्रजगृह, वाहन कोषांग, सामग्री वितरण कोषांग तथा उससे सम्बद्ध होने वाले अस्थायी विद्युतीकरण के कार्यो हेतु चुनाव कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्राधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि एवं शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित किया जाता है।

1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 03.05.24 (2.00 बजे अपराह्ण तक।) तक।
2. परिमाण विपत्र का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची, विद्युत कार्य अंचल, रॉंची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
3. निविदा प्राप्ति का समय एवं तिथि :– 2.00 बजे अपराह्ण तक दिनांक – 04.05.24 को।
4. निविदा खोलने की तिथि समय एवं स्थान :– विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची/ 3.30 बजे अपराहण दिनांक 04.05.24 को।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 250/–, 500/–, 750/– एवं ,1250/–
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

PR 324088 Energy(24-25).D

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची

संक्षिप्त खबरें

विद्यालय में बारातियों के ठहराव से स्कूल प्रशासन परेशान

खाली पड़े मिले लंच पाकेट, शराब की बोतल

बरही। शादी व्याह के मौसम आते ही प्रखंड के कई स्थानों पर विद्यालयों में बारातियों की ठहराए जाने से विद्यालय प्रशासन परेशान है. ऐसी ही एक घटना राजकीय प्राथमिक विद्यालय गौरिया करमा की सामने आई है। जहां बीते रात बारातियों को ठहराया गया था। रात भर बाराती विद्यालय में ही रुके थे जो सुबह विदा हुए। इस दौरान बारातियों को विद्यालय में ही स्वागत किया गया। कुछ बारातियों ने खाना नाश्ता के साथ शराब का भी सेवन किया और खाली डब्बे व शराब की बोतलें विद्यालय में ही छोड़ कर चले गए। जिससे सोमवार की सुबह विद्यालय खुलने पर विद्यालय प्रबंधन को कठिनाइयों का सामना झेलना पड़ा और अनावश्यक साफ सफाई में विद्यालय का समय बर्बाद हुआ। इसकी शिकायत विद्यालय प्रधान ने स्थानीय मुखिया से करते हुए विद्यालय परिसर में बरात नहीं ठहरने की मांग किया है। मुखिया ने मामले को गंभीरता से लिखते हुए मामले पर उचित कारवाई का आश्वासन दिया है। इस घटना को लेकर बुद्धिजीवियों में भी आक्रोश है और विद्यालय में बारात ठहराव का विरोध किया है।

हजारीबाग लोकसभा के लिए 26 अप्रैल से मिलेगा नामांकन प्रपत्र

नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के अभ्यर्थियों के लिए नामांकन पत्र कल यानी 26 अप्रैल से जिला समाहरणालय भवन के तृतीय तल के सी विंग कमरा संख्या 302 निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय ने बताया कि 26 अप्रैल से अभ्यर्थी (27 एवं 28 अप्रैल अवकाश छोड़कर) नामांकन प्रपत्र निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। तथा 3 मई (अंतिम तिथि) तक प्रपत्र भरकर निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में जमा कर सकते है। वहीं आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए अभ्यर्थी एवं उनके प्रस्तावक और समर्थक सहित पांच लोग अधिकतम को ही निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय में प्रवेश

की अनुमति रहेगी। निवार्ची पदाधिकारी के कार्यालय से 100 मीटर की दूरी तक आचार संहिता का पालन करते हुए अन्य लोगों का प्रवेश वर्जित रहेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा है कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान समाहरणालय भवन के मुख्य गेट से सरकारी वाहनों को छोड़कर अन्य सभी वाहनों का प्रवेश वर्जित रहेगा। वहीं अभ्यर्थियों के लिए तीन वाहन अधिकतम के प्रवेश की अनुमति होगी। आमजनों के वाहन गेट के बाहर पार्क होंगे तथा पैदल प्रवेश करेगें।उन्होंने बताया कि 26 अप्रैल से 3 मई तक अभ्यर्थी अपना नामांकन प्रपत्र भर सकते है जिसकी समयावधि 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक होगी।

- ✔ *26 अप्रैल से 3 मई (27 व 28 अप्रैल अवकाश) तक अभ्यर्थी 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक अपना नामांकन दाखिल कर सकते है*
- ✔ *नाम निर्देशन पत्र दाखिला, संविक्षा, नाम वापसी एवं निर्वाचन प्रतीक आवंटन का कार्य संपादन (26 अप्रैल से 06 मई 24) तक समाहरणालय भवन परिसर के 200 की परिधि तक धारा 144 लागू*
- ✔ *समाहरणालय भवन में सरकारी वाहनों को छोड़कर कर अन्य वाहनों का प्रवेश रहेगा वर्जित,अभ्यर्थियों के लिए तीन वाहन अधिकतम के प्रवेश की अनुमति*

मासिक अपराध गोष्ठी में एसपी ने दिए कई निर्देश

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने बुधवार को मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन किया। इसमें उन्होंने डीएसपी, इंस्पेक्टर और थानेदारों को कई निर्देश दिए। इसमें वारंट कुर्की का निष्पादन का निर्देश दिया। वहीं पोस्को एक्ट के ससमय निष्पादन के साथ आगामी लोकसभा चुनाव से संबंधित कई बिंदुओं पर सभी थाना प्रभारी को सूचना तंत्र को मजबूत करने सहित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

शराब के नशे ने ली मड़मो के रहने वाले 25 वर्षीय नवयुवक की जान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

विष्णुगढ़। वर्तमान युवा पीढ़ी में युवाओं के बीच नशीले पदार्थों का सेवन अभिभावकों के लिए एक गंभीर समस्या बनी हुई है जो को समय दर समय बढ़ती ही जा रही है। विष्णुगढ़ प्रखण्ड अंतर्गत ग्राम मड़मो निवासी लखन रवानी के 25 वर्षीय पुत्र रवि रवानी का बुधवार को निधन हो गया। बताया गया कि पिछले बुधवार की संध्या युवक रवि रवानी शराब के नशे में अपने घर के छत पर गया था लेकिन अत्यधिक नशे में होने की वजह से संभालने और समझने की परिस्थिति में नहीं होने के कारण वह अपने घर की छत से नीचे गिर गया। छत से गिरने पर मांथे एवम शरीर के अन्य भागों में काफी गहरी चोटें आई। जिसके

उपरांत स्थित गंभीर होने की वजह से बेहतर इलाज हेतु रांची के रीम्स में भर्ती कराया गया था। लेकिन बीते दिन बुधवार की सुबह नवयुवक का निधन हो गया। इस दुर्घटना से विचलित लोगों के मुख में केवल एक ही बात है की युवा पीढ़ी नशीले पदार्थों के सेवन से खुद को बचाएं एवम सुरक्षित रहें।

वायरिंग मिस्त्री की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, सड़क जाम

बरही। प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत केवला (सिंघरावा) निवासी मो शहरयार पिता युनुस खान का सड़क हादसा में निधन हो गया है। जानकारी के अनुसार बुधवार की संध्या मृतक अपने बाईक से बरही से काम कर वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में जीटी रोड पुरहरा के नजदीक अज्ञात वाहन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय व मृतक के परिजन घटना स्थल पर पहुंचकर सड़क जाम कर दिए। मृतक बरही में वायरिंग मिस्त्री का काम करता था। हालांकि मौके पर पुलिस के पहुंचने से जाम तुरंत खुल गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हजारीबाग भेज दिया।

एचिवर्स क्लासेस के 223 विद्यार्थियों का जेईई-मेन 2024 के फाइनल परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। कालीबाड़ी रोड स्थित एचिवर्स क्लासेस के प्रखर ने 99.82 परसेन्टाइल लाकर हजारीबाग का नाम रौशन किया वही आशीष 99.73 आदित्य 99.61,आयुष 99.24,सानू 99.22,श्रेयस ने 99.2 सौर्य नचिकेत 99.10 एवं सिकन्दर 99.14,अक्षर 98.82 सकलदेव 98.73,प्रवीण 98.68,संजीत 98.61,शिखर 98.57,रंजन 98.3,शंकर 98.28.गगन 98.21,शाश्वत 98.31,कविता 98.21,शालिनी 98.3,करण 98,धमेन्द्र 98.27, रिंकू 98.36,धर्मेश 97.96, राजन 97.92,करण 97.52, मयुखी 97.51,शौर्य नचिकेता 97.30,सजल 97.02,रंजन

97.33,शाहिल 97.32,जीवन 97.23,सरोज 97.22,पियूष 97.04,देवेश 97.02,जागेश 96.92,गणेश 96.96,ललित 96.69,शानू 96.58,शेखर 96.56,गगन 95.56,आकांक्षा 96.22,अविनाश 96.15,बद्री 96.21,अमितांश 96.46 विराज 96.11,मिनाक्षी 96.08, महेश 96.18,विक्रम 96.06, सुलेखा 94.33,सलमान 95.88,सुलेखा 95.71,जीवत 95.25,दयाल 95.16,अंकित 95.02,सुनील 95.02,कमल 95.11,शिवा 95.17,अनीष 93.61,अमन 94.66, मृदुला,अंशिका रचना,कृष्णा, प्रीति,मानसी,अंकित,सावन इसके अलावा रिषभ,नागेन्द्र, ललिता,प्रणव,राखी,मयंक,अनुज निशान,शशिरंजन,रूचि,उपेन्द्र, नवीन,पोहू,कुणाल,स्नेहा,सुनील मेहता,राजू,तनय,तनिष्क,शिप्रा, मेघा,दानिश,संजय,धनराज, शिवांगी,सोनम,शीतल,प्रियव्रत, शुभाशीष,प्रियंका सिंह,रितु नन्दी,महिपाल सिंह,अमित यादव,रिया,कुलदीप,अभय इत्यादि ने 90 परसेन्टाइल से अधिक लाकर हजारीबाग का नाम रौशन किया है।इस रिजल्ट से सभी विद्यार्थियों में काफी उत्साह दिखा।एचिवर्स क्लासेस के निदेशक ई.अजय ठाकुर एवं निदेशक ई.अरविन्द ठाकुर ने कहा कि इस तरह के रिजल्ट से हजारीबाग एवं हजारीबाग के आस-पास के विद्यार्थियों का मनोवल और बढ़ता है और मेहनत करने की प्रेरणा मिलती है। इस रिजल्ट का श्रेय यहाँ के सभी फैकल्टी के उचित मार्गदर्शन के साथ साथ विद्यार्थीयों के लगातार की गई मेहनत को सराहा एवं आइआइटी जेईई एडवांस के लिए शुभकामनाएं दी। इस वर्ष 2024 जेईई-एडवांस का कट ऑफ जेनरल का 93.23, ईडब्लूएस का 81.32 ओबीसी का 79.67 एस सी का 60.09 एस टी 46.69 पी डब्लू का 0.0018 परसेन्टाइल रहा है जो भी विद्यार्थी कम से कम इतना परसेन्टाइल लाएगा वो सारे जेईई एडवांस की परीक्षा दे सकता है, ज्ञात हो कि जेईई मेन के स्कोर से एनआईटी,बिआईटी मेसरा, आईआईएससी बंगलुरू, आईआईटी,स्टेट इंजीनीयिरिंग बीआईटी सिन्दरी, आइआइइएसटी इन सभी में नामांकन होता है।

सात दशक बाद एक गरीब को मिला है मौका:कुंज बिहारी साव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बड़कागांव। लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी कुंज बिहारी साहू ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बहुत सारे जिम्मेदार नेता जनता को धोखा दे कर और शासन करने का काम किए हैं। आज खुशी की बात है कि 75 साल बाद अगर किसी गरीब बेटा को मौका मिला है, सांसद पद पर तो इस गरिमा को बचाए रखने की जरूरत है। अगर लोकहित अधिकार पार्टी के नेता कुंज बिहारी साव ने संसदीय क्षेत्र से जीत हासिल कर लेती है तो सबसे पहले हजारीबाग लोकसभा अंतर्गत जगह-जगह इंजीनियरिंग कॉलेज व मेडिकल कॉलेज का निर्माण कराएंगे। साथ ही जगह-जगह अस्पताल बनाएंगे। जहां बड़े से बड़े बीमारी को मुफ्त में इलाज दिया जाएगा एवं सामाजिक न्याय के तहत सरकारी फंड को गरीबों के बीच समान अधिकार दिया जाएगा। हजारीबाग की जनता विस्थापित परिवारों को जमीन

के बदले जमीन दिलाया जाएगा और 50 लाख रुपए के हिसाब से मुआवजा दिलाने का काम करेंगे। आज तक जितने भी नेता आए हैं कंपनी के गुलाम बन कर रह रहें हैं और जनता को नोचने का काम किए हैं। इसलिए मैं हजारीबाग लोकसभा के जनता से प्रार्थना करता हूं कि कुंज बिहारी साव को भारी मतों से विजय बनाएं जिससे यह इतिहास होगा और केंद्र में शिक्षा मंत्री बनाने का काम करें।

झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा 1 मई को भरेंगे नामांकन पर्चा

झापा के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का करेंगे शिरकत

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से झारखंड पार्टी (झापा) प्रत्याशी राजकुमार कुशवाहा (बब्लू कुशवाहा) 1 मई को झारखंड पार्टी के हजारीबाग लोकसभा प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। इस नामांकन कार्यक्रम के अवसर पर झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एनोस एक्का, केंद्रीय महासचिव अशोक भगत, केंद्रीय उपाध्यक्ष

ऐनुल हक अंसारी सहित झारखंड पार्टी के कई पदाधिकारी शामिल होंगे। इस संबंध में जानकारी साझा करते हुए झारखंड पार्टी के हजारीबाग जिला अध्यक्ष सूरज कुमार कुशवाहा ने बताया कि 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के नामांकन कार्यक्रम में झारखंड पार्टी के नेताओं कार्यकताओं और समर्थकों सहित हजारों की तादाद में पुरे लोकसभा क्षेत्र से लोग शामिल होंगे। 1 मई को राजकुमार कुशवाहा के निवास स्थान तिलैया-झुमरा से मेरू, अमृत नगर, कोर्रा होते हुए मटवारी के गांधी मैदान में सभी एक जगह जमा होंगे और वहां से पैदल यात्रा करते हुए डिस्ट्रीक्ट बोर्ड चौक होते हुए समाहरणालय पहुंचेंगे। जहां जिला निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल करेंगे। बताया कि उनके नामांकन कार्यक्रम को लेकर उनके समर्थकों और कार्यकताओं में काफी उत्साह का माहौल देखा जा रहा है जिसको लेकर तैयारियां जोरों पर है।

एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल ने पतरातु क्षेत्र के तीन दर्जन गांवों में जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल पिछले करीब 55 दिनों से हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र क हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न भाजपा मंडलों के तूफानी दौरे पर है। गुरुवार को उन्होंने रामगढ़ जिला अंतर्गत बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के पतरातू प्रखंड क्षेत्र के डेढ़ दर्जन पंचायतों के करीब तीन दर्जन गांवों का 42-44 डिग्री सेल्सियस तापमान में सघन दौरा कर भाजपा और अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया और जन संवाद किया। पतरातू प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांवों तक मनीष जायसवाल ने अपनी पहुंच बनाई और ऐसे क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का दिल जीता। पतरातू प्रखंड क्षेत्र में सांसद प्रत्याशी श्री जायसवाल ने अपने दौरे की शुरूआत सुबह ग्राम पंचायत तालाटांड़ से की और समापन देर शाम को लबगा पंचायत के ग्राम रसदा में जनसंवाद के साथ किया। इस दौरान सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने तालाटांड़, पतरातु डैम, उचरिंगा, गरेवाटांड़, कटिया बस्ती, मंडाटांड़, कुरबीज, बटुका, पालू, पारगढ़ा, डाड़ीडीह, किरिगढ़ा, सांकुल, बरवाटोला, पतरातु, जयनगर, सौंदा बस्ती, सौंदा डी, शाह कॉलोनी, पंच मंदिर, हनुमान गढ़ी, न्यू मार्केट, बिरसा मार्केट और रसदा सहित अन्य गांवों में लोगों से संवाद किया। सभी गांवों मेंभाजपा और आजसू कार्यकताओं के साथ ग्रामीणों ने मिलकर ग्रामीण पुरुषों ने गाजे-बाजे के साथ ढोल-मांदर की थाप पर थिरकते हुए फूल माला पहनाकर और माता-बहनों ने पुष्प वर्षा करके एवं फूल माला और पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत कर अपना स्नेह, प्यार, आशिर्वाद दिया और पूर्ण समर्थन का भरोसा जताया। मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद मौके पर एनडीए सांसद उम्मीदवार मनीष जायसवाल के साथ विशेषरूप से बड़कागांव के पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, रामगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय साहू, रामगढ़ जिला अध्यक्ष दिलीप दांगी, प्रसिद्ध समाजसेवी राधेश्याम अग्रवाल, सरदार अनमोल सिंह, प्रो. संजय सिंह, भुरकुंडा भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश मोहन मिश्रा, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहें ।

एनडीए प्रत्याशी को अपने बीच पाकर क्षेत्र की जनता दिखी बेहद खुश, किया स्वागत

पतरातु डैम में मुस्लिम समाज के लोगों ने किया मनीष का स्वागत

बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पतरातु प्रखंड के तालाटांड़ पंचायत स्थित पतरातु डैम की तलहटी पर बसा उचरिंगा में विस्थापित नाविक युवा संघर्ष समिति, पतरातु डैम द्वारा हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए सांसद प्रत्याशी मनीष जायसवाल का अभिनंदन किया गया। यहां वारिश खान के नेतृत्व में बड़ी संख्या में मुस्लिम समुदाय के युवकों ने उनका स्वागत किया और आगामी लोकसभा चुनाव में फोन समर्थन का भरोसा जताया।

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल गोला प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

इस दौरान गोला प्रखंड के 13 स्थानों में प्रचंड गर्मी, शादी- विवाह का लग्न होने के बावजूद बड़ी संख्या में लोगों का उमड़ा हुजूम उमड़ा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के प्रखंड गोला के नेमरा, उपरबरगा बाजार टांड, बलरंगा बाजार टांड, सरगडीह गांव, डिमरा चौक दुर्गा मंदिर, नवाडीह, चौकड़बेड़ा, कोराम्बे, मोहनबेड़ा, पुरबडीह, रायपुरा, बारघुद्ध मे किया जनसंपर्क अभियान। गुरुवार को अपने दौरे की शुरूआत प्रातः सुबह गोला प्रखंड के नेमरा से

किया और समापन देर शाम को प्रखंड क्षेत्र के बारघुद्ध में जनसंवाद के साथ किया। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में चुनावी महायुद्ध में कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान का तूफानी प्रभाव देखने को मिला। लोगों की भावनाओं और समर्थन को देखते हुए उनके प्रति विश्वास और आकर्षण ने प्रतिस्पर्धी दलों के लिए चिंता का विषय बना दिया है।बच्चों, युवाओं, महिलाओं समेत सभी वर्गों से लोगों ने उत्साह और सहयोग दिखाया। गर्मी के बावजूद जनता ने स्नेह और समर्थन जताते हुए प्रत्याशी के साथ खूबसूरत संवाद को साझा किया। प्रखंड गोला में कार्यकताओं संग परिचयात्मक बैठक के समन्वय स्थापित कर उनसे चुनाव अभियान में अपने तरीके से मैदान में उतरते और प्रचार प्रसार में सहयोग करने का अपील किया। उन्होंने सामाजिक और आर्थिक समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करने का आश्वासन दिया और लोकसभा में अपने प्रदर्शन के माध्यम से जनमानस की प्रतिध्वनि बनाए रखने का भरोसा दिया। उन्होंने अपने कामकाज कार्यक्रम में जनता के साथ साझेदारी पर जोर दिया और उनके विकास और कल्याण के लिए पूरी मेहनत और समर्थन की दावेदारी ली। इसके साथ ही हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लिए उनके सपनों को साकार करने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत और परिश्रम का संकल्प भी दिया।क्षेत्र की जनता कड़ी धूप और प्रचंड गर्मी के बावजूद सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के अथक मेहनत और परिश्रम को देखते हुए उन्हें खूब प्यार, स्नेह, आशिर्वाद और पूर्ण समर्थन का भरोसा जता रही है।सांसद उम्मीदवार जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा की हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सम्मानित जनता जनार्दन द्वारा मिल रहा अपार स्नेह, सहयोग, समर्थन और आशीर्वाद से अभिभूत हूँ। लोगों से मिल रहा अपार जनसमर्थन आगामी चुनावों में इंडिया गठबंधन की प्रचंड विजय का शंखनाद है। जय प्रकाश भाई पटेल हजारीबाग के क्रांतिकारी परिवार से ताल्लुक रखते हैं और विस्थापन के दर्द को बखूबी समझते हैं। उन्होंने कहा कि अपने माटी के लाल जय प्रकाश भाई पटेल को सांसद चुनकर दिल्ली भेजें निश्चित रूप से विस्थापन के मुद्दे को संसद भवन में पुरजोर तरीके से उठाएंगे।

क्षेत्र के नागरिकों ने उनकी सच्चाई और संवेदनशीलता को सामाजिक सभाओं में भी स्वागत किया। लोगों ने उनके वादों, प्रतिबद्धता और कर्मठता को प्रशंसा करते हुए कहा कि वे एक सच्चे जननायक हैं और उन्हें सही दिशा में जाने का सहयोग करना चाहिए। जनसंपर्क अभियान के दौरान जनता ने अपने समस्त समस्याओं और मांगों को प्रस्तुत किया और उनकी साझेदारी की आशा जताई। संघर्ष में जनता के साथ खड़े रहने का वादा करते हुए प्रत्याशी ने जनता के साथ जिन्दगी भर का साथ देने का संकल्प जताया।अंत में जय प्रकाश भाई पटेल ने कहा कि जिसने भी यह कार्यक्रम संचालित किया, सभी को जमकर सम्मान एवं आभार बक्शा जाता है। निरंतर उनके प्रति विश्वास और साथी कार्यकताओं के समर्थन के लिए धन्यवाद।

संक्षिप्त खबरें

पड़ रही है भीषण गर्मी, चौक चौराहे बाजार में प्याउ सेंटर खोलने की जरुरत

बड़कागांव। बड़कागांव में इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। चौक चौराहों एवं बाजारों में हजारों लोगों का आवागमन प्रतिदिन होता रहता है। गर्मी के कारण लोगों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है । जल स्तर काफी नीचे चले जाने के कारण कई होटलों में भी पानी की समस्या देखी जा रही है। कई होटल में तो लोग बिना कुछ खाए पानी तक नहीं देते हैं। इसमें गरीब तबके के राहगीरों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। बड़कागांव टैक्सी स्टैंड, बैंक ऑफ इंडिया शाखा, बस स्टैंड, टँडवा रोड, दैनिक बाजार आदि स्थानों के पास प्याउ सेंटर की नितांत आवश्यकता है। प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। मामले को लेकर बड़कागांव अंचलाधिकारी बालेश्वर राम से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जल्द से जल्द प्याऊ सेंटर खुलवाने का प्रयास किया जाएगा ।

चमगढ़ा पुल के पास बाइक एक्सीडेंट, चालक घायल

बड़कागांव। गुरुवार सुबह 6:00 बजे चमगढ़ा पुल के पास हाई स्पीड में आ रही बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। जिसके कारण बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल विष्णु कुमार टंडवा प्रखंड का रहने वाला बताया जाता है। घायल व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग ले जाया गया। घायल विष्णु शादी समारोह में शामिल होने के लिए अपना ससुराल राजधनवार जा रहा था। बताते चले की उक्त घटनास्थल पुल के पास दर्जन भर से अधिक बार मोटरसाइकिल व फोर व्हीलर दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। जिसमें पुल के नीचे गिर जाने से कई लोगों की मौत भी हो चुकी है। चालकों को इस सड़क पर नियंत्रण में वाहन चलाने की आवश्यकता है। ताकि अपने आप को दुर्घटनाग्रस्त होने से बचाया जा सके।

पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्र मालाकार के 7वीं पुण्यतिथि पर शोक सभा का आयोजन

बड़कागांव। बड़कागांव के पत्रकार स्वर्गीय उपेंद्रनाथ मालाकार के सातवीं पुण्यतिथि पर वरिष्ठ पत्रकार उग्रसेन गिरी की अध्यक्षता में एयरटेल कार्यालय में शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित पत्रकारों ने स्वर्गीय मालाकार के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पत्रकारिता जीवन के कार्यकाल पर प्रकाश डाला। पत्रकारों ने कहा कि स्वर्गीय मालाकार एक निर्भीक एवं निडर पत्रकारिता करते हुए क्षेत्र की प्रमुख समस्याओं का उजागर करते रहते थे। आज से बीस वर्ष पहले अपने जीवन काल में पैदल एवं साइकिल से क्षेत्र की भ्रमण करते हुए समस्याओं एवं समाचार का संकलन करते थे। सच्चाई का आईना दिखाने का काम किया करते थे। इस अवसर पर पत्रकार उग्रसेन गिरी, शिव शंकर कुमार, संजय सागर, नरेश कुमार, दीपक सिन्हा, अशोक कुमार शर्मा, पिंटू कुशवाहा, संजय राम सहित अन्य लोग शामिल थे।

प्रेसवार्ता कर बरही एसडीपीओ ने दी जानकारी, एक सप्ताह में हुई छः लोगों की गिरफ्तारी, सैकड़ों गौवंशो को कराया गया है मुक्त

चौपारण थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ व अवैध शराब के खिलाफ जारी है अभियान, पुलिस को मिल रही है सफलता : एएसपी

एक सप्ताह में हुई है चार प्राथमिकी दर्ज, अवैध मवेशियों को लेकर जारी रहेगा अभियान : सुरजीत कुमार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बरही एसडीपीओ सह अपर पुलिस अधीक्षक सुरजीत कुमार ने गुरुवार को अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता आयोजित किया। पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने बताया कि पिछले एक सप्ताह के अंदर वरीय पुलिस पदाधिकारियों के निर्देश पर अनुमंडल के विभिन्न थाना के पदाधिकारियों ने अवैध मवेशियों की तस्करी मामले में लगातार कार्रवाई कर रही है। उन्होंने बताया कि नेशनल हाइवे के माध्यम से अवैध रूप से ले जा रहे मवेशी के खिलाफ उनके निर्देश पर सभी थानों ने कार्रवाई की है।

कब किस थाना में हुई है कार्रवाई

एसडीपीओ सह एएसपी सुरजीत कुमार ने पत्रकारों को बताया कि बरही थाना में 21 अप्रैल को ट्रक संख्या यूपी 75 एम 9007 पर लदा 32 काडा को जब्त करते हुए कांड संख्या 162/24 में धारा 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई है और मामले में दो लोगो को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा गया है। वहीं बरकट्ठा में 23 अप्रैल को घँघरी स्थित विभिन्न खटालो से 131 गाय, 40 भैंस, 69 गाय का बच्चा और 22 भैंस का बच्चा को जब्त करते हुए कांड संख्या 74/24 में धारा 414/34 भादवि एवं 11 पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई हुई है। इसके अलावा चौपारण में 24 अप्रैल को पिकअप वाहन संख्या जेएच-01 डीडी 0406 पर लदा 04 भैंस, 1 गाय, 01 भैंस का बच्चा को जब्त करते हुए कांड संख्या 128/24 में धारा 414/279/34 भादवि एवं 11(1)(घ) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगो को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा गया है। बरकट्ठा थाना में 25 अप्रैल को पिकअप वाहन संख्या जेएच-10 बीए 2498 पर लदा 05 गाय व 1 गाय का बछड़ा को जब्त करते हुए कांड संख्या 77/24 में धारा 414/34 भादवि, 11(डी) पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम एवं 3/4(ए)/12 झारखंड गोवंशीय पशु हत्या प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए दो लोगो को जेल भेजा गया है।

अवैध कारोबारियों पर पुलिस की है नजर, लगातार की जा रही है कार्रवाई

एएसपी सुरजीत कुमार बताते है कि उनके पदस्थापना के बाद से ही चौपारण थाना क्षेत्र में मादक पदार्थ के खिलाफ छापेमारी अभियान में पुलिस को बड़ी उपलब्धि मिली है। मादक पदार्थ के अलावा अवैध शराब के खिलाफ भी छापेमारी अभियान चला है, जहां कई बड़ी सफलता मिली है। उन्होंने बताया कि अवैध कारोबारियों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है और सूचना मिलने पर पुलिस अभियान चलाकर छापेमारी करती है। उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि अगर अवैध कारोबार की सूचना किन्ही के पास हो तो इसकी सूचना वह उनतक पहुंचा सकते है। उनकी सूचना को बिल्कुल गोपनीय रखा जाएगा।

बीती रात बरकट्ठा में हुई कार्रवाई, दो लोगों को किया गया गिरफ्तार :

अपर पुलिस अधीक्षक सह बरही एसडीपीओ सुरजीत कुमार ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर बुधवार रात्रि बरकट्ठा पुलिस ने चेकिंग अभियान लगाया। जिसमें कोसमा महावर मोड जीटी रोड के पास बरही की तरफ से आने वाली गाड़ियों का चेकिंग प्रारंभ किया गया। चेकिंग के दौरान करीब 3 बजे रात्रि एक पिकअप गाड़ी संख्या जेएच 10 बीए 2498 को चेकिंग स्थल पर रोका गया लेकिन पुलिस बल को देखकर गाड़ी चालक और वाहन में बैठे एक व्यक्ति गाड़ी खड़ा कर भागने का प्रयास किया परंतु गश्ती दल में शामिल पुलिस जवानों की मदद से उनलोगों को पकड़ा गया। पकड़ाये पिकअप गाड़ी का विधिवत तलाशी ली गई जिसमें 4 काला रंग का गाय, 1 गोरा रंग का गाय, 1 गाय का बछड़ा कुल 6 गोवंशियो को क्रूरता पूर्वक एवं क्षमता से अधिक लोड कर ले जाते हुए पाया गया। पकड़े चालक ने बताया कि उक्त मवेशी को तिलैया कोडरमा से लोड कर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। गिरफ्तार अभियुक्तों में पिकअप गाड़ी संख्या के चालक राजकुमार यादव उम्र करीब 31 वर्ष पिता रूपलाल यादव साकिन बड़ा पांडेडीह हरना पोस्ट खांडोडीह थाना बाघमारा जिला धनबाद, व्यापारी बैकुंठ कुमार उम्र 24 वर्ष पिता रामानुज राय साकिन दक्षिणीचक थाना अथमल गोला जिला पटना बिहार वर्तमान पता ग्राम पलटन थाना रायगंज जिला धनबाद शामिल है। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक राजदेव प्रसाद सिंह, बरकट्ठा थाना के थाना प्रभारी राजदेव प्रसाद सिंह समेत पुलिस बल के जवान शामिल थे।

प्रशस्ति पत्र मिलने पर लोगो ने इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी को दी बधाई

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। बीते 15 मार्च को बीपीएससी टीआरई 3.0 की परीक्षा में हुए प्रश्नपत्र लीक प्रकरण मामले में बिहार पुलिस को बेहतर सहयोग करने के लिए बिहार पुलिस ने हजारीबाग पुलिस का अभार जताया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार बिहार के एडीजे (आ) हसनैन अख्तर ने इस बेहतर स्पोर्ट के लिए जिले के एसपी सहित आठ पुलिस अधिकारियो को प्रशस्ति पत्र भेजकर सम्मानित किया है। जिसमे बरही इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार का भीं शामिल है। इस उपलब्धि के लिए बरही के प्रबुद्धजनों, सामाजिक व राजनीति कार्यकताओं ने इंस्पेक्टर श्री कुमार को बधाई दी है। साथ ही आगे भी बेहतर करने के लिए शुभकानाएँ दी है। विदित हो कि बीते 15 मार्च को बीपीएसी ने बिहार में शिक्षक नियुक्ति को लेकर परीक्षा आयोजित किया था। जिसे बिहार के कुछ शिक्षा माफियाओं ने पूरे क्वेश्चन व आंसर शीट को 10 से 20 लाख में बेचने का काम किया था। साथ ही खरीदने वाले अभ्यर्थी को हजारीबाग के विभिन्न होटलों में 13 मार्च से ही रखकर तैयारी करवाई जा रही थी। इस दौरान सभी अभ्यर्थियों को परिजनों व मोबाइल से भी दूर रखा गया था। इसकी सूचना बिहार पुलिस को लग गई थी। जिसे परीक्षा के दिन ही परीक्षा देने जाते समय हजारीबाग पुलिस के सहयोग से करीब पौने तीन सौ अभ्यर्थियों सहित प्रश्नपत्र बेचने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया गया था। इसमें बरही थाना ने भी दो बस में अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया था। इसमें इंस्पेक्टर ने सराहनीय भूमिका निभाई थी।

पशु लदा पिकअप सहित दो व्यक्तियों को चौपारण पुलिस ने दबोचा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

चौपारण। बुधवार को चोरदाहा चेकपोस्ट के पास वाहनों के सघन चेकिंग के दौरान दिन में करीब एक बजे चौपारण की ओर से एक पिकअप वाहन संख्या-जेएच-01डीडी-0406 आता हुआ दिखाई दिया, जिसे जांच हेतु रूकने का ईशारा करने पर वाहन चालक अपना वाहन को रोकने के बजाय और तेजी से चलाकर भागने का प्रयास करने लगा परन्तु आगे बड़ी वाहन रहने के कारण भागने में सफल नहीं हो पाया, जिसके उपरांत वाहन से 02 व्यक्ति उतरकर भागने का प्रयास कर रहे थे, जिन्हें साथ के सशस्त्र बल के सहयोग से पकड़ लिया, जिनका नाग संतोष यादव उम्र करीब 33 वर्ष पिता-सिद्धनाथ यादव सा0+थाना-टुपुदाना जिला-रांची एवं शिवदुलार यादव उम्र करीब 55 वर्ष पिता-स्व० यमुना यादव सा०-बदारी टोला छपरा थाना-बगेन गोला जिला-बक्सर (बिहार) वर्त्तमान पता करम चौक गंगानगर रोड नं0-02 थाना-सुखदेवनगर जिला-रांची है। वाहन जांच के कम में पिकअप वाहन के डाला में 04 भैंस, 01 गाय एवं 01 भैंस का बच्चा कुरतापूर्वक लोड पाया गया, जिनके बैठने तक का स्थान वाहन में नहीं था और पशु तस्कर इतनी गर्मी के मौसम में क्षगता से अधिक पशुओं को खुले धुप में वाहन में लोडकर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़े गये, जिनसे बरामद वाहन एवं जानवरों के संदर्भ में वैध कागजात का मांग करने पर कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया, तत्पश्चात दोनों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर एवं बरामद प्रदर्श को जप्त कर चौपारण थाना काण्ड सं0-128/24 दिनांक-24.04.2024 धारा-414/279/34 भादवि, 11 (1) (घ) पशु कुरता निवारण अधि0-1960 दर्ज कर अनुसंधानभार पुअनि सुबीन्द्र राम को सौंपा गया है।

लोक सभा निर्दलीय प्रत्याशी शशि भूषण केशरी ने जनसंपर्क अभियान चलाकर मतदाताओं से मांगा समर्थन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र से अपने आप को निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में घोषणा करने के साथ शशि भूषण केशरी ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान। इस क्रम में इन्होंने पदमा प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया। जहाँ लोगों के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों के द्वारा भी इनके चुनाव लड़ने पर खुशी जाहिर करते हुए अपना समर्थन दिया। पदमा प्रखण्ड जाने के क्रम में पदमा गेट के पास सूरजपुर के युवाओं ने भव्य स्वागत करते हुए इनके जनसंपर्क अभियान में शामिल हुए । प्रखण्ड के क्षेत्रों में लोगों को संबोधित करते हुए इन्होंने अपने आप को राजनीति में आने के कारणों को स्पष्ट करते हुए कहा कि मैं एक ऐसे समाजसेवी और आंदोलनकारी का बेटा हूं, जिन्होने अपना सारा जीवन समाज के लिए न्योछावर कर दिया । जनसंपर्क अभियान के दौरान श्री केशरी ने लोगों के विभिन्न समस्याओं को सुना और कहा कि आज के नेताओ ने तो राजनीति की परिभाषा ही बदल दी है। सच्चे अर्थों में राजनीति सेवाभाव का नाम है। लेकिन आज के नेता राजनीति के नाम पर लूट और भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं।

दो बिरहोर की मौत के बाद बिरहोरों को बेहाल छोड़ने वाले अब आए होश में

बिरहोर परिवारों को ऋत्विक कंपनी पौष्टिक भोजन देने लगी

उज्जवल दुनियां संवाददाता

केरेडारी। एनटीपीसी के चट्टी बरियातू कोल माइंस के एमडीओ माइनिंग कंपनी ऋत्विक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा खनन कार्य शुरू करने के बाद बेहाल छोड़ने और इस दौरान दो मौतों के बाद भारत सरकार, मानवाधिकार आयोग द्वारा कार्रवाई की पहल के बाद अब पगार बिरहोर टोला में निवास कर रहे 32 आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों के 120 सदस्यों को रोजाना पौष्टिक आहार युक्त भोजन दिया जाने लगा है। एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा अबतक बिरोहर टोला को परियोजना क्षेत्र में से बाहर बताकर उनकी जिम्मेवारी लेने से बचती रही थी। लेकिन अब उसके एमडीओ कंपनी की यह पहल रामनवमी के बाद शुरू किया गया है! इस संदर्भ में ऋत्विक कंपनी के अधिकारी रवि सिन्हा ने बताया कि आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों को पौष्टिक आहार नहीं मिलने से उनकी शारीरिक और मानसिक रूप से संपूर्ण विकास नहीं हो रहा था! कंपनी जब तक यहां पर माइनिंग का कार्य करेगी, बिरहोर परिवारों को रोजाना पौष्टिक भोजन मिलता रहेगा! इसके आलवे इनके शारीरिक और मानसिक विकास के लिए नियमित अंतराल पर स्वास्थ जांच के साथ शिक्षा पर भी सार्थक प्रयास कर रही है। जिससे बिरहोर परिवार का विकास हो वे भी स्वस्थ और अच्छी तरीके से जीवन यापन कर सके । वहीं इस सवाल का जवाब नही दे रही है कि बिरोहर तोला पर ऋत्विक कंपनी का स्नेह अचानक क्यों उमड़ रही है। खनन से पूर्व उसके द्वारा बिरहोरों को बसाए जाने पर चुप्पी साध ली जाती है और जब दो मौत के बाद दबाव पड़ा तो यह पहल क्यों कि जा रही है। यह आम जन में चर्चा का विषय है । आखिर कंपनी द्वारा अब जो पहल की जा रही है वह अब तक क्यों नही किया और इतने दिनों बाद क्यों करना पड़ रहा है।

नवनिर्मित शनिदेव जी महराज मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकली नगर भ्रमण शोभा यात्रा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

बरही। प्रखंड परिसर स्थित मनोकामनेश्वर मंदिर के बगल में नवनिर्मित शनिदेव महाराज की मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा पूजा प्रारंभ हुई। जिसे लेकर गुरुवार को नगर भ्रमण हेतु शनिदेव की प्रतिमा को सजाकर फूल माला अर्पित कर आरंभ किया गया, जिसकी अगवाई मंदिर प्रधान लखन शर्मा ने किया। उनके साथ गुप्ता परिवार के संपूर्ण सदस्य माता शकुंतला देवी की दिशा निर्देश पर हुआ। नगर भ्रमण कार्य मंदिर परिसर से आरंभ किया गया, जो बरही के चारों मुख्य मार्गो से होते हुए अंत में हजारीबाग रोड हनुमान मंदिर का दर्शन कर शनिदेव महाराज के प्रतिमा को मंदिर में स्थापित किया गया। जिसमें अहम भूमिका अदा करने वालों में गुप्ता परिवार की माता शकुंतला देवी के साथ भरत साहू, मंटू प्रसाद गुप्ता, शंकर गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, शेफाली देवी, राजेश प्रसाद गुप्ता, सुनीता देवी, धर्मेंद्र गुप्ता, राखी देवी, नरेश गुप्ता, गुड़िया देवी, प्रमोद गुप्ता, माधुरी देवी, करण गुप्ता, कुणाल गुप्ता, गौरी गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, देवधारी प्रजापति, गीता देवी, नेहा कुमारी, रूबी देवी आदि उपस्थित रहे। वेदवक्ता में अनुज शर्मा, जितेंद्र पांडे, वेदाचार्य राहुल कुमार, अर्जुन पांडे, शिवम कुमार, जगदीश पांडे, रतन कुमार शर्मा आदि शामिल हैं।

राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर डेंटल कॉलेज में आयोजित, जागरूकता कार्यक्रम

- **चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर खुशी और कृतज्ञता के रूप में डेंटल किट वितरण**
- **वृद्धजनों में खुशीयां बांटकर एवं जागरूक कर आत्मीय खुशी मिलती है : डॉ प्रवीण श्रीनिवास**

उज्जवल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में दिन बुधवार को राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ओरल मेडिसिन और रेडियोलॉजी विभाग में आस- पास के वृद्धाश्रम से वृद्धजनों को ससम्मान लाया गया। इस अवसर पर चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों को मौखिक का जांच कर कैंसर सहित कई घातक बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थों व गलत आदतों को छोड़ने तथा उत्तम स्वास्थ्य का परामर्श दिया गया। इस दौरान डेंटल कॉलेज परिवार की ओर से खुशी और कृतज्ञता के प्रतीक के रूप में डेंटल किट प्रदान किया गया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल के सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि वृद्धजनों में खुशीयां बांटकर एवं जागरूक कर आत्मीय खुशी मिलती है। बचपन से ही वृद्धजनों से मेरा खासा लगाव रहा है। राष्ट्रीय मौखिक चिकित्सा एवं रेडियोलॉजी दिवस पर एक विशेष पहल के तहत वृद्धजनों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वृद्धजनों को गंभीर बिमारियों से बचने के लिए नशीले पदार्थ एवं गलत आदतों को छोडने का आग्रह किया गया। मौके पर मुख्य रूप से ओएमआर विभाग के प्रमुख डॉ के श्रीकृष्ण एवं ओएमआर विभाग के प्रोफेसर डॉ डी नंदी उपस्थित थे।

श्री श्री 1008 शिव परिवार, हनुमत लल्ला, कृष्ण जी, विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महा यज्ञ मे शामिल हुए मुन्ना सिंह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

हजारीबाग। सदर प्रखंड के रेवार गांव में आयोजित श्री श्री 1008 शिव परिवार, हनुमत लल्ला, कृष्ण जी, विश्वकर्मा प्राण प्रतिष्ठा सह रूद्र महा यज्ञ में समाजसेवी तथा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने आकर आशीर्वाद ग्रहण किया। जिसमें बडी संख्या में ग्रामीणों ने फूल माला तथा भगवा वस्त्र पहनाकर समाजसेवी श्री सिंह का स्वागत किया। इससे पहले वहीं बुधवार को सैकड़ों की संख्या में महिलाओं ने कलश में जल लेकर मंदिर प्रांगण में प्रवेश कर मंत्रोच्चारण के साथ आये हुए आचार्यों द्वारा इस महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। श्री सिंह ने कहा कि गांव वासियों के प्रयासों से बहुत ही सुंदर और भव्य मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जा रहा है। जिसमें नित्य संध्या में पुण्य कथा वाचन का आयोजन भी किया गया है जिसके लिए वे आयोजनकताओं को शुभकामनांए तथा धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि रेवार गांव के प्रत्येक से उनका आत्मीय संबंध है तथा इस आयोजन से वे काफी उत्साहित हैं। इस दौरान अरुण यादव, अजित यादव, जितेन्द्र कुमार, राकेश कुमार, अनिल ठाकुर, शारदा देवी, महादेव गोप, रघु गोप, विनोद राणा, राजेन्द्र यादव, राजू सिंह, बालो गोप सहित सैंकड़ो ग्रामीण मौजूद रहें।

खाना पूर्ति के नाम पर नल जल योजना में बरती गई भारी अनियमितता

घटिया सामग्री से निर्मित हल्की आंधी में उड़ कर क्षतिग्रस्त हो रहे हैं सोलर प्लेट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता/ भास्कर दुबे

विष्णुगढ़। कहने को योजनाएं जनता के हित में बनाई जाती हैं लेकिन अधिकांश योजनाएं केवल कागज पर ही पूरी होती हैं। वहीं धरातल पर होती है केवल खाना पूर्ति। इसी क्रम में विष्णुगढ़ प्रखंड में केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर घर, नल जल योजना इन दिनों खाना पूर्ति योजना बन कर रह गई है।

प्रखंड के लगभग सभी पंचायतों में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर इस योजना में भारी अनियमितता बरती गई है। प्रखंड के बकसपुरा और बराय पंचायत में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग किया गया वहीं जलमीनार जैसे तैसे खड़ा कर अधूरा छोड़ दिया गया है। प्रखंड के कई पंचायत तो ऐसे हैं जहां बिना बोरिंग किए तो कहीं बोरिंग करने पर बिना पानी निकले ही जलमीनार खड़ा कर दिया गया है। प्रखंड के विष्णुगढ़, सारूकुदर, मड़मो, करगालो, अचलजामो, जोबर, खरकी, बेड़ाहरियारा जैसे गांवों में योजना के तहत निर्माण कार्य में पाइप व नल निम्न गुणवता वाले लगाए गए हैं। कई जगहों पर नल टूट जाने की खबर है तो कहीं ढांचे में दरार आ गई है।

बीते महीनों पूर्व विष्णुगढ़ पंचायत अंतर्गत ग्राम टंडा में लगे जलमीनार में हल्की आंधी में ही उड़े सोलर प्लेट क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

इस बात से नकारा नहीं जा सकता की संपूर्ण प्रखंड क्षेत्र में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकारी राशि बंदर बांट की गई है। इसको लेकर ग्रामीणों में काफी रोष है क्योंकि गर्मी अपने प्रचंड स्तर पर है जिसकी वजह से क्षेत्र में पानी की घोर किल्लत होती नजर आ रही है। चिंतन का विषय है की इस परिस्थिति में ग्रामीण पानी के बगैर जीवन व्यापन कैसे करेंगे, इधर-उधर भटकने को हो रहे हैं मजबूर।

पूर्व में बेड़ाहरियारा पंचायत में भी इस संबंध में विरोध प्रकट किया गया था लेकिन उसके बाद भी किसी तरह की कार्रवाई नहीं की गई। वहीं इस संबंध में ग्रामीणों ने ठेकेदार एवम विभाग दोनों को इस परिस्थिति से अवगत कराया लेकिन इसके बाद भी कोई ठोस कदम नहीं लिया गया। लगभग पंचायतों में योजना सिर्फ कागजों में ही पूर्ण है लेकिन शिकायत के बाद भी उसी ठेकदार के विभाग के द्वारा इस योजना अंतर्गत और कार्य निर्गत किए गए। इस परिस्थिति में रोष महसूस करना जायज है, जनता की उम्मीदें इन्हीं योजनाओं से जुड़ी होती हैं जो की शायद उनके जीवन व्यापन में अहम भूमिका निभाती हैं।

इसलिए ग्रामीणों का कहना है की यदि कार्य में प्रगति और सुधार नही किया गया तो उनके द्वारा बड़े पैमाने पर आंदोलन किया जाएगा जिसकी सारी जबाबदेही विभाग के आला अधिकारियों की होगी। इन योजनाओं में बरती गई अनियमितता सघन जांच का विषय है।

संक्षिप्त खबरें

आग लगने से बोल्डर लदा हाइवा जलकर नष्ट

मरकच्चो :- नवलशाही थाना क्षेत्र के नवलशाही- देवीपुर मुख्य मार्ग पर अंबा नदी पुल के समीप आग लगने से एक बोल्डर लदा हाईवा खल्02अऊ5941 जलकर नष्ट हो गया। उक्त हाइवा सीमावर्ती जिला गिरिडीह से बौल्डर लाद कर ग्रामीण सड़क धोबियाडीह की ओर से देवीपुर के रास्ते क्रेशर मंडी की ओर आ रहा था। इसी क्रम में गाड़ी का अगला पहिया अत्यधिक गर्मी होने के कारण ब्लास्ट हो गया जिससे अचानक आग उत्पन्न हो गया और देखते ही देखते पूरा गाड़ी धु धुं कर जलने लगा। देखते ही देखते आग की लपटे तेज हो गयी और पूरी गाड़ी जलकर नष्ट हो गया। वहीं सूचना मिलने पर थाना प्रभारी नीतीश कुमार अपने सशस्त्र पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर पानी टंकी मंगवाकर आग बुझाने का प्रयास किया।

विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

सतगावां :- विश्व मलेरिया दिवस पर जिला स्वास्थ्य समिति कोडरमा के तत्वावधान में गुरुवार प्रखंड के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पोखरडीहा में विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में मलेरिया से बचाव, लक्षण तथा इसके उपचार पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। मौके पर वार्डेन-प्रतीक्षा मिंज, शक्ति कुमार, सी.एच.ओ हाकिम सिंह,एम.पी.डब्लू.सह एम.टी.एस सोनू कुमार,पी.डब्लू.-विश्व दीपक सान्याल, गणेश कुमार, कौलेश्वर कु.रविकर, गुड़िया कुमारी, काजल कुमारी,नेहा कुमारी प्रीति कुमारी, करीना कुमारी समेत कई शिक्षक व छात्रायें मौजूद थे।

शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रमेश उपाध्याय का तबादला

झुमरीतिलैया : शिवतारा सरस्वती विद्या मंदिर में पदस्थापित प्रधानाचार्य रमेश कुमार उपाध्याय का तबादला जरीडीह बोकारो हो गया है।उनके स्थान पर अवध बिहारी सरस्वती विद्या मंदिर जरीडीह बोकारो के प्रधानाचार्य अजय कुमार पाठक ने आज अपना योगदान विद्यालय में दिया।वही विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव सुभाष प्रसाद बर्णवाल ने योगदान करवाया। योगदान के बाद नए प्रधानाचार्य के रूप में योगदान करते हुए अजय कुमार पाठक ने कहा कि विद्यालय का सफल संचालान हमारी पहली प्राथमिकता होगी।विद्यालय का पठन-पाठन के साथ हर गतिविधि को ससमय कराना भी हमारी मुख्य धारा में होगी।वही विद्यालय के सचिव सुभाष प्रसाद बर्णवाल ने कहा कि इनके योगदान करने से आशा है कि विद्यालय को नई गति प्रदान होगी।

उपायुक्त मेधा भारद्वाज के आदेशानुसार मतदान कर्मियों का द्वितीय दिवस का ओराशिक्षण सम्पन्न

कोडरमा :- 05 कोडरमा लोक सभा चुनाव को सफलतापूर्वक संचालित करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा मेधा भारद्वाज के आदेशानुसार बाघिटांड़ कोडरमा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज में उप विकास आयुक्त ऋतुराज के निर्देशन में द्वितीय मतदान पदाधिकारियों का प्रशिक्षण कार्य सम्पन्न हुआ। बारी-बारी से प्रशिक्षण कक्षो में जाकर उपायुक्त के द्वारा सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों से पूरे मन से प्रशिक्षण प्राप्त करने एवं खुद से इवीएम संचालित कर वोट करवाने के तकनीकी पहलू पर दक्षता हासिल करने के लिए प्रेरित कीं।वहीं उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने पोस्टल बैलेट से वोट करने के तरीकों के बारे में बताया एवं ठीक से प्रशिक्षण प्राप्त कर सफल मतदान के लिए जरूरी बातें बताईं। प्रशिक्षण दो पालियों में दिया गया। प्रशिक्षक अश्विनी तिवारी, सुदीप सहाय एवं राजेश्वर पांडेय ने तृतीय मतदान पदाधिकारी के कार्यो की जानकारी देते हुए बताया कि तृतीय मतदान पदाधिकारी अमिट स्याही, मतदाता रजिस्टर 17 अ के प्रभारी होते हैं एवं मतदाता पर्ची भी इन्ही के द्वारा निर्गत की जाती है। प्रशिक्षकों ने वोट करने आए मतदाताओं की अंगुली में अमिट स्याही लगाने के तरीकों की जानकारी देते हुए बताया कि सामान्य मतदाताओं के मामले में अमिट स्याही उनके बाएं हाथ की तर्जनी में लगेगा।अंधे एवं दिव्यांग मतदाताओं के मामले में उनके साथी रहने पर साथी के दाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी जबकि दिव्यांग मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाई जाएगी।इसी तरह मतदाता रजिस्टर 17 अ में कुल पाँच कॉलम हैं जिनमे नियमानुसार प्रविष्टि की जाएगी। मतदाता द्वारा एउक द्वारा पहचान के लिए जारी दस्तावेजों में से कोई दस्तावेज जैसे वोटर कार्ड, आधार कार्ड आदि में से कोई एक साथ मे लाना अनिवार्य होगा जिसके बिना वोट देने की अनुमति नही दी जाएगी । कॉलम 3 में दस्तावेज का लघु नाम एवं अंतिम 4 अंक की प्रविष्टि की जाएगी । कॉलम 4 में मतदाता का हस्ताक्षर या निरक्षर मतदाता के मामले में बाएं हाथ के अँगूठे का निशान लिया जाएगा। प्रशिक्षक नरेश यादव, उमेश सिन्हा रामचन्द्र ठाकुर एवं मनोज चौरसिया ने बताया कि अरऊ मतदाताओं के मामलों में पहचान सत्यापित होने के बाद फॉर्म 16 में घोषणा लेकर हस्ताक्षर एवं अंगूठे का निशान दोनों लिया जाएगा। नियम का पालन नहीं करनेवाले या अमिट स्याही नहीं लगवानेवालों या मतदान की गोपनीयता का उल्लंघन करनेवाले मतदाताओं को रूल 49 ट के तहत वोट देने की अनुमति नही दी जाएगी। प्रशिक्षकों ने रूल 49 ड एवं रूल 49 टअ के तहत टेस्ट वोट के बारे में विस्तार से जानकारी दी।कुल 5 अलग-अलग कमरों दिए जा रहे प्रशिक्षण में मनोज चौरसिया, उमेश सिन्हा, दिलीप बर्णवाल, संजय सुमन, उदय सिंह, विवेक रंजन, माधव कुमार, रविकांत रवि, सत्यजीत हिमवान उप विकास आयुक्त द्वारा समयवार एवं बिंदुवार तय किए गए कार्यक्रमों के तहत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण की मॉनिटरिंग भू अर्जन पदाधिकारी, सहायक प्रशिक्षण पदाधिकारी सन्नी दयाल शर्मा के द्वारा की गई। व्यवस्था की देखरेख प्रभारी लिपिक प्रेम कुमार के द्वारा की गई।

जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन मतदान पदाधिकारी द्वितीय को दिया गया प्रशिक्षण

उज्जवल दुनिया संवाददाता

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का लिया जायजा, दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने मे आपकी भुमिका अहम: जिला निर्वाचन पदाधिकारी

हर प्रक्रियाओं को बारीकी से अध्ययन करें: जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज

कोडरमा :- लोकसभा निर्वाचन 2024 के आलोक में मतदान केंद्रों पर पीठासीन एवं मतदान पदाधिकारियों के रूप में कार्य करने वाले कर्मियों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज और उप विकास आयुक्त ऋतुराज ने अभियंत्रण महाविद्यालय,बागीटांड़,कोडरमा भवन का दौरा किया और प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को चुनाव कार्य को सफलतापूर्वक और त्रुटि रहित संपन्न कराने के लिए ईवीएम पर अच्छे से हैंड्स ऑन ट्रेनिंग लेने, मास्टर ट्रेनर द्वारा बताई गई हर बात का बारीकी से अध्ययन करने एवं उसका पालन करने की बात कही। साथ ही मशीन के एरर पर ध्यान देने और उसका निराकरण करना सीख लेने का निर्देश दिया। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। आज 450 मतदान पदाधिकारी द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजूर समेत मास्टर ट्रेनर मौजूद रहे।

30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर 15 प्रतिशत तक की छूट

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोडरमा :- शशि शेखर सुमन प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा के द्वारा बताया गया कि नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत 30 जून तक होल्डिंग टैक्स जमा करने पर करदाताओं को वित्तीय वर्ष 2024-25 के कर में अधिकतम 15 प्रतिशत तक की छूट मिल रही है जो निम्न प्रकार है :- सभी कर दाताओं को 5 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इसके अतिरिक्त (1) होल्डिंग महिला के नाम होने से 5 प्रतिशत की छूट, (2) वरिष्ठ नागरिक होने से 5 प्रतिशत की छूट (3) स्वयं कार्यालय में आकर जमा करने पर 2.5 प्रतिशत की छूट, (4) आर्मी, ट्रांसजेंडर होने पर 5 प्रतिशत की छूट एवं (5) विकलांग होने पर 5 प्रतिशत की छूट, साथ ही यह छूट केवल आवासीय घृतियो पर लागू होगी। यदि आप बिना कार्यालय गए होल्डिंग टैक्स भरना चाहते हैं तो आप ऑनलाइन होल्डिंग टैक्स भी भर सकते हैं इसके लिए आपको विभाग के वेबसाइट (http://udhd.jharkhand.gov.in) पर जमा कर सकते हैं जिसमें आपको 5 प्रतिशत की छूट का प्रावधान है।

ऑनलाइन के लिए वेबसाइट पर जाकर अपना नगर निकाय चयन करना होगा इसके बाद वार्ड नंबर व होल्डिंग नंबर डालते ही भुगतान का विकल्प आ जाएगा। इसमें क्रेडिट कार्ड व डेबिट कार्ड से पेमेंट कर सकेंगे। 30 जून के बाद बकाया टैक्स पर प्रतिमाह एक प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा।

दहेज हत्या के आरोपी सास -ससुर को 7 वर्ष कारावास

- **अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश दितीय अजय कुमार सिंह की आदालत ने सुनाई सजा**
- **5000 रू जुमार्ना भी लगाया**
- **जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी**
- **मृतक महिला के पति को पूर्व में सुनाई जा चुकी है सजा**

मामला वर्ष 2022 का है ।इसे लेकर सतगावा थाना कांड संख्या 127/ 2022 एवं रल- 94/2022 दर्ज किया गया था

अभियोजन का संचालक लोक अभियोजक पीपी श्रीमती एंजेलिना वारला ने किया। इस दौरान सभी 10 गवाहों का परीक्षण कराया गया । लोक अभियोजक पीपी एंजेलिना वारला ने कार्रवाई के दौरान अपराध की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय से अभियुक्त को अधिक से अधिक सजा देने का आग्रह किया। वहीं बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनवर हुसैन ने दलीलें पेश करते हुए बचाव किया। अदालत ने सभी गवाहों और साक्षयो का अवलोकन करने के उपरांत अभियुक्त को दोषी पाते हुए सजा मुकर्रर की और जुमार्ना लगाया। इसे लेकर मृतक के पिता कोलेश्वर यादव ने सतगावा थाना में मामला दर्ज कराया था । थाना को दिय आवेदन में कहा था कि उसकी पुत्री ममता देवी की शादी वर्ष 2018 में सतगामा निवासी बबलू यादव पिता सरयू यादव के साथ हुई थी । कुछ दिन ठीक रही । इस दौरान उसे दो पुत्री हुई । उसके बाद दहेज के रूप में एक बोलेरो गाड़ी मांगने लगे और देने में असमर्थता जताने पर, मेरी पुत्री को प्रताड़ित करने लगे । इसे लेकर पंचायती भी हुई लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। 24/ 10/ 22 को गांव वालों ने फोन किया कि आपकी पुत्री की तबीयत खराब है। मोटरसाइकिल से तुरंत वहां पहुंचा। लेकिन वहां पर कोई नहीं थे। पता चला कि साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से उसकी पुत्री की ससुराल वालों द्वारा हत्या कर लाश को जला दिया है। उन्होंने थाने को दिये आवेदन में उचित कार्रवाई करने की मांग की थी।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

कोडरमा : दहेज के लिए हत्या किए जाने के एक मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वितीय अजय कुमार सिंह की अदालत ने गुरुवार को आरोपी ससुर सरयू यादव , पिता - पिता ललन व सास सुनीता देवी पति सरयू यादव यादव सतगामा जिला- कोडरमा निवासी को 304 (बी)आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 7 वर्ष कारावास की सजा सुनाई। 201/34 आईपीसी के तहत दोषी पाते हुए 3 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाया। साथ ही 5000 जुमार्ना लगाया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। सभी सजाऐ साथ-साथ चलेंगी।

इनर व्हील क्लब के द्वारा मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 27 व 28 अप्रैल को

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- रोटरी भवन पानी टंकी रोड में इनर व्हील क्लब कोडरमा के द्वारा दिनांक 27 एवं 28 अप्रैल को मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का कैंप लगाया जाएगा।इस स्वास्थ्य शिविर में शहर के प्रसिद्ध चिकित्सकों के द्वारा विभिन्न रोगों का इलाज किया जाएगा। शहर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉक्टर संगीता प्रसाद स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अलंकृता मंडल डॉक्टर श्रद्धा शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भारती एवं डॉ अजय सेठ जनरल फिजिशियन डॉक्टर अभिषेक कुमार दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर सागरमानी सेठ चर्म रोग विशेषज्ञ डॉक्टर समीक्षा इस शिविर में रजिस्ट्रेशन कराने वाले मरीजों का इलाज करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार इस मौके पर मौजूद रहेंगे।कार्यक्रम की परियोजना निदेशक रंजीता सेठ एवं आरती आर्य ने बताया कि इनर व्हील क्लब कोडरमा जिले में स्वास्थ्य सेवा के लिए हमेशा जागरूक रहती है। और समय-समय पर जनहित में स्वास्थ्य शिविर कैंप लगती है। यदि किसी लोगों को भी अपना रजिस्ट्रेशन करना हो तो मोबाइल नंबर 70046 8 2019 रंजीता सेठ एवं 9939 5 9573 5 आरती आर्य एवं 9973 5 1947 1 मुक्ता बरहपुरिया एवं 93345 26591 माला दारूका पर संपर्क कर सकते हैं।

महात्मा हंसराज की जयंती महोत्सव पर प्रीति एवं पृथ्वी राष्ट्रीय स्तर पर हुए पुरूस्कृत

उज्जवल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- डीएवी पब्लिक स्कूल के दो विद्यार्थी प्रीति कुमारी और पृथ्वी राज यादव को महात्मा हंसराज की जयंती महोत्सव जो डीएवी पब्लिक स्कूल थर्मल कॉलोनी पानीपत हरियाणा में आयोजित हुआ था। इसमें राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय खेलकूदों में उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले बच्चों को डीएवी कॉलेज मैनेजिंग कमेटी नई दिल्ली द्वारा सम्मानित किया गया। डीएवी राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता 2023 -24 में डीएवी कोडरमा के इन दो बच्चों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीत कर विद्यालय को गौरवान्वित किया । इस प्रतियोगिता में प्रीति कुमारी को 800 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक एवं 5100 सौ रुपए तथा 1500 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक एवं 5100 रुपए का चेक प्रदान किया गया। वहीं पर पृथ्वी राज यादव को 800 मीटर की रेस में स्वर्ण पदक तथा 5100 रू का चेक पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य कृष्ण कुमार सिंह ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विद्यालय परिवार की तरफ से प्रीति कुमारी एवं पृथ्वी राज यादव को तथा उनके अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएँ दी । साथ ही साथ विद्यालय के खेल शिक्षक उज्ज्वल घोष एवं अनिल कुमार को बच्चों की इस सफलता के लिए बधाई दी।उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए बड़े ही गर्व की बात है। इन बच्चों के माध्यम से हमारे विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर विख्यात हुआ । उन्होंने बताया कि पूरे झारखंड में प्रीति कुमारी को दो स्वर्ण पदक मिले हैं जो हम सबके लिए बड़े ही गौरव की बात है । विद्यालय के बच्चे ऐसे ही हमेशा आगे बढ़ें और अपने विद्यालय, परिवार व देश का नाम रौशन करें यह हमारी शुभकामना है। खेलकूद व्यक्ति को अनुशासित , स्वस्थ्य संयमित तथा गम्भीर बनाता है। बच्चों को पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ खेलकूद तथा अन्य गतिविधियों में भी अपना बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। बच्चों की इस सफलता पर विद्यालय के सभी लोगों में हर्ष का माहौल है।

इस तरह के आयोजन से बच्चे मस्ती के साथ शिक्षा को ग्रहण कर पाते हैं: प्राचार्या

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- बचपन प्ले स्कूल अ यूनिट ऑफ ग्रिजली पब्लिक स्कूल में बच्चों को रंगों के महत्व से परिचित कराने के उद्देष्य से कक्षा पी०जी० के बच्चों के लिए रेड कलर डे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने लाल रंग की पहचान की और जीवन में उसके महत्व को जाना। इस विशेष दिन को खास बनाने के लिए कक्षाओं को रेड कलर के गुब्बारों रिबन, बॉल, तितली, सेब, टमाटर, गाजर, स्ट्रॉबेरी, फ्रॉक, की आकृति से सजाया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चे अपने घर से लाल रंग की वस्तुएँ अपने टिफिन में लेकर आए। साथ ही साथ बच्चे व शिक्षिका भी लाल ड्रेस में थी। इस दौरान शिक्षिकाओं ने बच्चों को बहुत सारी रेड कलर की वस्तुएँ, रेड कलर से संबंधित कविता तथा गीत का पाठ करवाया। बच्चों के लिए फैंसी ड्रेस का भी आयोजन था। जिसमें अरनव, रिशन्या, अथर्व, आरूष आनंद (सेब), श्वेतज (कार), रूद्र, श्रव्या, चार्वी, मो० अनस (स्ट्रॉबेरी), प्रथम (टमाटर), प्रीषा (लाल मिर्च) ने बनकर खूब मजा किया। फैंसी ड्रेस कार्यक्रम में पी०जी० की छोटी बच्ची शरण्या पांडेय आर्कषण का मुख्य केंद्र थी। जिसने रेड कलर में रक्तदान का संदेष दिया। बच्चों ने कक्षा में रेड एप्पल भी बनाया। कार्यक्रम के अंत में बच्चों ने 'रेड कलर - रेड कलर' गाने की धुन पर नृत्य की धमाकेदार प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में धमाल मचा दिया। इस अवसर पर प्राचार्या नीरजा ने कहा कि बच्चों में रंगों की पहचान के लिए नियमित शिक्षा के अलावा रेड डे, येलो डे, पिंक डे जैसे आयोजन उन्हें सीखने में मदद करते हैं। इस तरह के आयोजन से बच्चे मस्ती के साथ षिक्षा को ग्रहण कर पाते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजिका पूजा झा, षिक्षिका अंजली सलूजा, ब्यूटी, शैलजा सेठ, श्वेता अग्रवाल, मनीमाला दत्ता, विकास गुप्ता एवं स्कूल के अन्य लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

भाजपा विधानसभा कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक सम्पन्न, 2 मई को नामांकन को ले हुई चर्चा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

झुमरीतिलैया :- भारतीय जनता पार्टी कोडरमा विधानसभा की कोर कमेटी एवं मंडल अध्यक्षों की बैठक केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी के आवास पर हुई। बैठक में मुख्य रूप से कोडरमा विधायक सह कोडरमा विधानसभा संयोजक डॉ नीरा यादव उपस्थित हुई। बैठक की अध्यक्षता कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव तथा संचालन जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने किया। बैठक में डॉ नीरा यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी 2 मई को 11:00 बजे गिरिडीह में अपना नामांकन करेगी। और वहां के सर्कस मैदान में एक आमसभा भी रखी गई है । जिसमें केंद्रीय मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं गठबंधन के नेता गण उपस्थित रहेंगे । कोडरमा विधानसभा से अधिक से अधिक कार्यकर्ता नामांकन में जाएंगे उसके लिए भी रणनीति बनाई गई। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि 1 मई 2024 को सतगावां के बासोडीह बाजार में प्रदेश अध्यक्ष एवं झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की सभा होने जा रही है उसकी तैयारी की रणनीति बनाई गई। एवं मंडल अध्यक्षों को निर्देश दिया गया की 2 मई को अन्नपूर्णा देवी के नामांकन की तैयारी के लिए आप पंचायत संयोजक ,सह संयोजक एवं बूथ अध्यक्षों की सूची बनाएं की हर पंचायत और बूथ से कार्यकर्ता नामांकन के दिन गिरिडीह चले एवं 3 तारीख को सभी मंडलों में चुनाव के लिए कार्यालय खोला जाए। कार्यक्रम में उपस्थित कोडरमा विधानसभा प्रभारी विनय सिंह, विधानसभा सह संयोजक रामनाथ सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रवि मोदी, विजय साव,पूर्व जिला अध्यक्ष प्रकाश राम,वीरेंद्र सिंह , जिला महामंत्री राजकुमार यादव, शिवेन्द्र नारायण सिन्हा, विरेन्द्र मेहता, राजकुमार यादव, सुधीर यादव, जिला मिडिया प्रभारी चन्द्रशेखर जोशी, रामचन्द्र राम,कोडरमा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष दिनेश सिंह, नरेन्द्र पाल, विजय यादव, मुकेश कुमार, सुरेन्द्र यादव, महेश वर्मा, जयशंकर प्रसाद, राजेश सिन्हा, द्वारिका राणा, रामदेव मोदी , विजय राणा, आदि उपस्थित हुए।

बीडीओ ने प्रखंड टॉपर कोमल कुमारी को किया सम्मानित

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। प्रखंड स्तर पर मैट्रिक की परीक्षा में टॉप करने वाली छात्रा कोमल कुमारी को छतरपुर के बीडीओ आशीष कुमार साहू ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। कोमल कवल बास बालिका उच्च विद्यालय की छात्रा हैं, जो आगे आइएएस अधिकारी बनना चाहती हैं। बीडीओ ने कोमल को बताया कि उन्हें किसी भी तरह का काउंसलिंग चहिए तो उनसे संपर्क कर सकती हैं। साथ ही उन्होंने कोमल के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं कोमल ने सम्मान के लिए प्रखंड कार्यपालक का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्य रूप से कार्यालय में समाजसेवी अरविंद गुप्ता चुनमुन, प्रखंड कार्यालय के बडा बाबू नवाब खान, पंचायत कोऑर्डिनेटर विवेक श्रीवास्तव, आवास कोऑर्डिनेटर संतन गुप्ता, बीपीआरओ संतोष पासवान, बबलू चंद्रवंशी उपस्थित थे।

रील्स के माध्यम से सखी दीदियां वोटरों को कर रही हैं जागरुक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू में डिजिटल प्लेटफार्म से मतदाताओं को जागरुक करने के अभियान की शुरुआत की गई है। इस अभियान में शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के लोग शामिल हो रहे हैं। पलामू में करीब 16 हजार स्वयं सहायता समूह हैं। इन स्वयं सहायता समूहों से करीब ढाई लाख महिलाएं जुडी हुई हैं। महिलाओं का अपना सोशल मीडिया अकाउंट भी है। 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सखी दीदी रील्स बना रही हैं और अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रही हैं।

स्वयं सहायता समूह से जुडी सखी दीदियां छोटे-छोटे वीडियो बना रही हैं। इन वीडियो के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करने का संदेश दिया जा रहा है। अच्छे संदेश वाले वीडियो को पलामू डीसी के सोशल मीडिया अकाउंट से भी शेयर किया जा रहा है। झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के डीपीएम शांति मार्डी बताती हैं कि 2024 के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी कडी में सखी दीदियां रील्स तैयार कर रही हैं और सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड कर रही हैं। मतदाताओं को जागरुक करने के लिए रील्स के माध्यम से संदेश दिए जा रहे हैं। कई सखी दीदियों के व्यूज हजारों में हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में पलामू जिला प्रशासन ने वोट का प्रतिशत 80 से अधिक ले जाने का लक्ष्य रखा है। स्वीप के तहत कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इसी कडी में सोशल मीडिया का इस्तेमाल करने की योजना तैयार की गई है। ग्रामीण क्षेत्र की महिलाएं रील्स बनाने में आगे हैं। पलामू में सखी दीदियों ने अब तक 1000 से भी अधिक रील्स तैयार किए हैं। सखी दीदी संगीता ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सब की भागीदारी है, आधी आबादी उनकी है। सभी को जागरुक किया जा रहा है। आज के वक्त में अधिकतर लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट हैं। अनिता देवी ने बताया कि वे रील्स तैयार कर रही है। लोग रील्स को देखें और जागरुक हों।.

पलामू लोकसभा निर्वाचन के सामान्य प्रेक्षक ने आरओ सह डीसी सहित अन्य पदाधिकारी के साथ बैठक की

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। पलामू लोकसभा निर्वाचन के लिये आगामी 13 मई को मतदान होना है।इसी क्रम में चुनाव संबंधित तैयारियों को लेकर बुधवार को सामान्य प्रेक्षक रेम्या मोहन ने विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारियों संग बैठक की।इस दौरान उन्होंने पलामू लोकसभा के निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन से कुल नामांकन की जानकारी ली,बताया गया कि कुल 11 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया गया है।बैठक में सामान्य प्रेक्षक ने पोस्टल बैलेट से मतदान करने वाले की संख्या,पोस्टल बैलेट का स्ट्रांग रूम आदि की जानकारी ली।उन्होंने ईवीएम रेंडमाइजेशन,पोलिंग स्टाफ का रेंडमाइजेशन आदि से भी अवगत हुई।इसके अलावे उन्होंने नामांकन के सभी वीडियो रेकॉर्डिंग का भी अवलोकन किया।उन्होंने सभी संबंधितों को आदर्श आचार संहिता के नियमों के अनुरूप व आरओ हैंडबुक में दिये गये मैनुअल्स के अनुसार ही सभी कार्य करने पर बल दिया।मौके पर उप विकास आयुक्त समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।.

पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी की विस्तारित बैठक 28 को

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। शहर के बारालोटा स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर में सबरे सात बजे से मंदिर कमेटी की बैठक हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 28 अप्रैल को सुबह आठ बजे से मंदिर प्रांगण में स्थानीय लोगों की विस्तारित बैठक आयोजित की जायेगी। बैठक में पंचमुखी हनुमान मंदिर के रखरखाव, उसकी स्वच्छता, पंडित की सेवा हेतू मासिक खर्च देने आदि पर चर्चा होगी। आज की बैठक में पंचमुखी हनुमान मंदिर कमेटी के अध्यक्ष सत्येंद्र तिवारी, कोषाध्यक्ष संतोष तिवारी, उपाध्यक्ष श्रीकान्त तिवारी, उपकोषाध्यक्ष मनोज तिवारी, सचिव योगेन्द्र दुवे, मीडिया प्रभारी सह संचालक निदेशक रविन्द्र कुमार तिवारी, संरक्षक चन्दन तिवारी, भूदानकर्ता अरूण तिवारी ।

अफीम के साथ दो युवक गिरफ्तार

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। गुप्त सूचना के आधार पर सदर थाना के रजवाडी बाईपास रोड से अनिल राजपूत एवं संजय कुमार नामक युवकों को पुलिस ने अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। अनिल राजपूत्र यूपी के शाहजहांपुर के मिर्जापुर थाना का रहने वाला है, वहीं संजय कुमार पांकी थाना के बरवइया गांव का रहने वाला है। दोनों को सदर अंचलाधिकारी के समक्ष आधा किलो अफीम के साथ गिरफ्तार किया गया है। आज दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया है। छापामारी दल में थाना प्रभारी उत्तम कुमार राय, सअनि भरत भूषण सामड और थाना के सशस्त्र बल के हवलदार एवं आरक्षी शामिल थे।.

ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद् के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह का उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एके सिंह ने किया। समारोह में विद्यालय के हेड बॉय कृष कुमार, हेड गर्ल पूजा भारती तथा स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर बॉय आदित्य राज सिंह, स्पोर्ट्स को-ऑर्डिनेटर गर्ल श्रुति रानी तथा सभी सदन के कप्तानों को विद्यालय के प्राचार्य ने बैज तथा सैसे प्रदान कर सम्मानित किया। सभी सदनों के चयनित कप्तान, उपकप्तान, स्पोर्ट्स कप्तान, लिटरेरी कप्तान तथा कल्चरल सेक्रेटरी को हाउस मोडरेटर एवं को-ऑर्डिनेटर के द्वारा भी बैज तथा सैसे प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ने पदधारकों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें अपने कार्य को सुचारू रूप से करने को कहा।.

विधायक ने किया भक्ति जागरण का उद्घाटन

पांकी (उज्ज्वल दुनिया)। पांकी प्रखंड के बोरोदीरी गांव में श्री रुद्र महायज्ञ सह शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के तहत बुधवार की रात भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता ने फीता काट कर किया। इस दौरान यज्ञ समिति के लोगो ने विधायक को फूल-माला व अंग वस्त्र से स्वागत किया। मौके पर समाजसेवी मुकेश सिंह चंदेल, रौशन सिंह, विजय सिंह, सुधीर तिवारी, कार्तिक सिंह, सुमन सिंह,उमेश सिंह, अनु कुमार वर्मा, राजन कुमार सिंह, अजय रवि, अनुज कुमार रवि, अशोक रवि, शुभम कुमार सिंह, पप्पू कुमार सिंह ।

दो सगी बहनों की चेकडैम में डूबने से मौत

छतरपुर (उज्ज्वल दुनिया)। नगर पंचायत के वार्ड छह के रामगढ मस्जिद टोला निवासी रशीद अंसारी की दो सगी बेटियों साजदा खातून (10 वर्ष) एवं हाजरा खातून (8 वर्ष) की चेकडैम में डूबने से मौत हो गई। बताया जाता है कि लगभग 12 बजे दिन में चार -पांच लडकिया डैनीदह चेकडैम में नहाने गई थीं। नहाने के दौरान गहरे पानी में दोनों बहनें चली गई और नीचे जा कर फंस गईं। साथ मे गयीं लडकियों ने कुछ देर तक उनके निकलने का इंतजार किया। इसके बाद लडकियों ने दौडकर घर जाकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजनों के साथ गांव वालों द्वारा डैम में काफी खोज के बाद दोनों सगी बहनों का शव मिला।

शव को निकालकर छतरपुर थाना को सूचना दी गई। छतरपुर थाना प्रभारी राजेश रंजन ने सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचकर मामले का जायजा लिया और शवों को छतरपुर थाना लाया गया। इसके बाद दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेदिनीनगर भेज दिया गया। इस हादसे से गांव में मातम छाया हुआ है।.

सीपीआई ने जारी किया घोषणा पत्र

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता सूर्यपत सिंह, सीपीआई के पलामू लोकसभा उम्मीदवार अभय कुमार भूइंया, सच्चिदानंद सिंह, उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी, सोहैल अख्तर ने आज कचहरी परिसर में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। घोषणा पत्र में कहा गया है कि पलामू लोकसभा क्षेत्र के सभी खेतों में सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था करना, पलामू जिला में नए उद्योग लगाकर नौजवानों के लिए रोजगार सृजित करना, बच्चों की प?ाई के लिए स्कूल एवं अस्पतालों पर्याप्त दवाई की व्यवस्था करवाना, समाज के अंतिम पायदान पर रह रहे गरीब मेहनतकश मजदूर वर्ग, आदिम जनजातियों व शोषित वंचितों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराकर पलामू के लिए विशेष पैकेज की मांग करना, सभी प्रखंडों में व्याप्त घूसखोरी एवं भ्रष्टाचार पर रोक लगाना भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की पहली प्राथमिकता होगी। वही निगम क्षेत्र सहित पूरे जिले में व्याप्त जल संकट को दूर कर सभी तालाबों-नदियों को अतिक्रमण मुक्त कर जल स्रोतों को बचाने का प्रयास किया जायेगा। पलामू जिला के नौजवानों पर विशेष रूप से ख्याल किया जायेगा। बंद प? खदानों को चालू कर स्थानीय युवाओं को रोजगार दिया जायेगा ताकि पलायन पर रोक लग सके। माता शबरी को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए संसद में कानून लाने का प्रयास किया जायेगा तथा 24 फरवरी को शबरी माता के जयंती एवं एक मई को विश्व मजदूर दिवस, परशुराम जयंती एवं वीर कुंवर सिंह जयंती पर राष्ट्रीय छुट्टी घोषित करवाने का प्रयास किया जायेगा।

पलामू से ममता भुइयां की जीत तय: गौतम सागर राणा

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। इसबार पलामू लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी ममता भुईयां का जीत निश्चित है। इसके लिए गठबंधन के सारे लोग कमर कर चुके हैं। उक्त बातें राजद के लोकसभा प्रभारी गौतम सागर राणा में कही। वह होटल चंद्रा रेजिडेंसी में इंडिया गठबंधन के प्रमुख नेताओं की बैठक में बोल कर रहे थे। श्री राणा ने कहा कि पलामू में भाजपा प्रत्याशी के कारनामों को जनता जान चुकी है। अब उनका इस बार सूप?ा साफ होने वाला है। श्री राना ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों के सभी नेता व कार्यकर्ताओं से इसके लिए कमर कसकर लगने का निवेदन किया।

बैठक में तीन प्रभारी के भी बनाए गयए, जिसमें गठबंधन के प्रवक्ता सह प्रेस प्रभारी आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल को बनाया गया। वहीं सोशल मीडिया प्रभारी झारखंड मुक्ति मोर्चा के सन्नी शुक्ला को बनाया गया, जबकि सभी दलों के मुख्य संयोजक के रूप में राजद के रामनाथ चंद्रवंशी को बनाया गया। बैठक में इन्हें कई जिम्मेदारियां दी गई। सभी घटक दलों के प्रमुख नेताओं के साथ मिलकर लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम और प्रेस के अलावा सोशल मीडिया की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी घटक दल के नेता प्रखंड स्तर के गठबंधन के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ भी बैठक कर समन्वय स्थापित करें। बैठक में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक, झारखंड मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा, आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकारनाथ जायसवाल, आम आदमी पार्टी के जिला संयोजक चंद्रावली चैबे, वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष भरदुल चैधरी, माले नेता रामराज पासवान के अलावा प्रदेश युवा राजद के रंजन कुमार यादव, अनीता यादव, रामदेव यादव, राजेश रोशन, विश्वनाथ राम घूरा, अरुण वर्मा के अलावा अन्य लोग शामिल थे।.

एक-नजर

हथियार के साथ तीन गिरफ्तार

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। चैनपुर थाना की पुलिस ने तीन युवकों को एक देसी कट्टा एवं कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवकों में अख्तर अंसारी, मुमताज अंसारी एवं विजय कुमार राम के नाम शामिल हैं। तीनों चैनुपर थाना के सेमरा गांव के खरोह टोला के रहने वाले हैं।

अदबी संसार ने कव्वाल मुराद आतिश को किया सम्मानित

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया) अदबी संसार के प्रतिनिधि मंडल ने आज अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कव्वाल मुराद आतिश को स्टेशन रोड स्थित सूर्यांश होटल में अंगवस्त्र व माला प्रदान कर सम्मानित किया। अदबी संसार के संस्थापक एमजे. अजहर, संरक्षक अमीन रहबर, सेक्रेट्री शाहिद अनवर, हाजी मोहम्मद यासीन, अखिल झारखंड प्राथमिक उर्दू शिक्षक संघ के अध्यक्ष फैयाज अहमद ने मुराद आतिश के पलामू आगमन पर खुशी प्रकट की है। विदित हो कि शाहपुर स्थित हजरत हाशिम शाह दाता रहमतुल्लाह अलैह के उर्स के अवसर पर मुराद आतिश दो दिवसीय कव्वाली कार्यक्रम में भाग लेने पलामू आए थे। उन्होंने कहा कि पलामूवासी कलाकारों की इज़्?त करना जानते हैं। यहां जो उन्हें सम्मान मिला है, वे कभी नहीं भूलेंगे। अदबी संसार के संस्थापक एमजे अजहर ने आतिश मुराद को अपनी पुस्तक 'नींद खुली तन्हाई है' भेंट किया। उन्होंने कहा कि आतिश मुराद की कव्वाली गायिकी से मनोरंजन के साथ साथ आदर्श जीवन की प्रेरणा मिलती है। उनकी गायिकी से हिंदू-मुस्लिम भाईचारा और राष्ट्रीय एकता को म?बूती मिली है।

नहीं रहे शिक्षक पंडित मुखदेव उपाध्याय

मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)। चेचरिया गांव के निवासी शिक्षक मुखदेव उपाध्याय नही रहे। दिल का दौरा पढने से 90वर्ष की उम्र में उन्होंने अंतिम सांस ली। शिक्षाविद मुखदेव उपाध्याय ने अपने जीवन काल में लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे बढाया। हर वर्ग का ख्याल उन्होंने रखा। साथ ही क्षेत्र के लोगों को शिक्षित बनाकर उचित मार्गदर्शन दिया। उनके जाने से क्षेत्र में शोक की लहर है। लोग अपने गुरु जी को याद कर भावुक हुए। कोयल नदी के तट पर बडे पुत्र रजनीकांत उपाध्याय ने मुखाग्नि दी। जैसे ही उनकी मौत की खबर क्षेत्र में फैली लोगों का शोक संदेश मिलना शुरू हो गया। मौके पर पलामू लोकसभा से इंडिया गठबंधन की उम्मीदवार ममता भुइयां, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह यादव, विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे, चिंटू दुबे, बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व विधायक सतेंद्र तिवारी, सांसद बीडी राम सहित काडी संख्या में लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

मानसून से पहले पूरे जिले में मलेरिया को लेकर चलेगा जागरूकता अभियान : सिविल सर्जन

गढ़वा ¬विश्व मलेरिया दिवस को लेकर गुरुवार को सदर अस्पताल गढवा के ओपीडी हाल में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इसका उद्घाटन सिविल सर्जन डा. अशोक कुमार, जिला भीबीडी पदाधिकारी डा. पुष्पा सहगल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक समरेश सिंह, जिला महामारी विशेषज्ञ डा. संतोष कुमार मिश्रा, जिला भीबीडी सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मलेरिया उन्मूलन को लेकर शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम का संचालन जिला भीबीडी सलाहकार अरविंद कुमार द्विवेदी ने किया।

मौके पर सिविल सर्जन ने कहा कि ग?वा जिला में मलेरिया नियंत्रण में बेहतर कार्य किया जा रहा है। इसे लगातार बनाये रखते हुए आज संकल्प लेने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 के बाद जिले में मलेरिया से मृत्यु का आंकड़ा शून्य है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों वितरित मेडिकेटेड मच्छरदानी के प्रयोग के कारण भी मलेरिया के मामले कम हुए हैं। सिविल सर्जन ने कहा कि अभी भी सीएचसी भंडरिया एवं मझिआंव के अंतर्गत गांवों में मलेरिया के मामले सामने आ रहे हैं। इन क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम चलाकर मलेरिया नियंत्रण को सफल बनाने का प्रयास है। जबकि मानसून से पहले पूरे जिले में मलेरिया को लेकर जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मलेरिया की जांच एवं दवा जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में निश्शुल्क उपलब्ध है। बुखार होने पर लोग अपने गांव की स्वास्थ्य सहिया या नजदीकी स्वास्थ्य उपकेंद्र में संपर्क करें। वहां से मरीज की जांच एवं इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जबकि रात में सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग जरूर करें। मौके पर सदर अस्पताल के सहायक विमलेश कुमार, सुरेंद्र गुप्ता, सुबोध कुमार सिंह समेत एएनएम, जीएनएम एवं आम लोग भी उपस्थित थे।

स्वीप के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन।

गढवा गोपीनाथ सिंह महिला महाविद्यालय कल्याणपुर, गढ़वा के राष्ट्रीय सेवा योजना (एन एस एस) इकाई द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्वीप कैलेंडर के अनुसार मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कर रहे प्राचार्या डॉ संयुक्ता कुमारी सिंह, एन एस एस पदाधिकारी प्रो. अनीता तूफानी ने छात्राओं को मतदान की विशेषता बताते हुए मतदाता जागरूकता पर जोर दिया। सभी मतदाता विद्यार्थियों को वोट देने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में उपस्थित प्रो. अर्चना कुमारी, प्रो शीशम साहू, एस एन रॉय, डॉ राजश्री अखौरी, डॉ कविता कुमारी, डॉ कुमार महीपाल, प्रो रंजीत कु. सोनी, प्रो नेलन तिर्की, प्रो सुनील पाल, प्रो ललिता कुमारी तथा रमेश कुमार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में विजय छात्रा प्रतिभागी प्रथमङ्कस्नेहा केशरी, द्वितीयङ्क पायल कुमारी, तृतीयङ्कश्रेया कुमारी, जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

सरायकेला खरसावां ने कोडरमा को 12 रन से दी शिकस्त

रामगढ। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर16 में छावनी क्रिकेट ग्राउंड में कोडरमा बनाम सरायकेला खरसावां के बीच मैच खेला गया। जिसमें सरायकेला खरसावां ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में 35.3 ओवर मे मात्र 120 रन ही बना सका। सरायकेला खरसावां की ओर से यश राज 49 एवं आयुष मुंडा ने 19 रन बनाए।

संपादकीय

घटता मतदान प्रतिशत किस खतरें का संकेत...?

विश्व के सबसे बड़े और प्राचीन लोकतंत्री देश भारत की आजादी के पचहत्तर वर्ष बाद आज विश्वस्तर पर यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि क्या भारत में लोकतंत्र के प्रति आस्था में कमी आती जा रही है? क्या देशवासी लोकतंत्र की कथित राजनीतिक तानाशाही से परेशान होकर अंग्रेज राज को याद कर रहे है? क्या लोकतंत्र की रीढ़ चुनाव प्रणाली के प्रति आम रूचि कम हो रही है? ये कुछ ऐसे सवाल है, जो आज मानव के सामाजिक जीवन के हर क्षेत्र में उठाए जा रही है, इसका सबसे मुख्य उदाहरण हर चुनाव के समय मतदान प्रतिशत में स्पष्ट हो रही कमी है, इसका ताजा उदाहरण लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में हुआ मतदान है, जिसमें पूर्व चुनावों की तुलना में दस प्रतिशत से भी कम मतदान सामने आया है। इसलिए यदि लोकतंत्रीय नजरिये से देखा जाए तो यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़े खतरे का संकेत है।

वैसे भी आज कांग्रेस सहित करीब-करीब सभी प्रतिपक्षी दल यह गंभीर आरोप लगा रहे है कि 2024 का लोकसभा चुनाव हमारे लोकतंत्री देश का आखरी चुनाव होगा, अब प्रतिपक्ष किन संकेतों के आधार पर यह आशंका व्यक्त कर रहा है? यह तो वहीं जाने, किंतु वास्तविकता यह भी है कि आम भारतीय नागरिक की प्राथमिकताओं में मतदान प्राथमिकता नहीं रहा है, खासकर देश का भविष्य युवावर्ग तो इस लोकतंत्री प्रक्रिया से दिल दिमाग और देशभक्ति के साथ जुड़ने की कौशिश ही नही कर रहा है, देश का नौकरीपेशा मतदाता वर्ग जहां मतदान दिवस का अवकाश अपने परिवार के साथ मौजमस्ती के साथ मनाने को आतुर रहता है। वहीं युवा वर्ग की भी प्राथमिकता में मतदान नही है, उसकी सोच है कि अवकाश की मौजमस्ती में यदि समय मिला तो वोट डाल आएंगें और यदि वह इन क्षणों में मतदान केन्द्र पर जाता है और उसे वहां वोट डालने वालों की लम्बी लाईन नजर आती है तो वह बिना वोट डाले वापस अपनी मस्ती में शामिल हो जाता है, कुल मिलाकर मतलब यह कि मतदान अब युवाओं की प्राथमिकता नही रहा, और इस वर्ग के सदस्यों को परिवार के वृद्धजन कितना ही लोकतंत्री महत्व नागरिक कर्तव्य का ज्ञान दे, किंतु इस कथित अरूचिपूर्ण उपदेश को वह एक कान से सुनकर दूसरे कान से निकाल बाहर करता है, मतदान प्रतिशत दिनों दिन कम होने का यह भी एक मुख्यकारण है। भारत की इस अहम् समस्या के पीछे दोषी युवा वोटर नहीं बल्कि हम सब है, जिन्होंने हमारी नई पीढ़ी को राष्ट्रीयता व राष्ट्रज्भक्ति का पाठ ही नही पढ़ाया, यदि उनकी प्रारंभिक घरेलु शिक्षा में इस विषय को भी शामिल कर लिया होता तो आज हमें यह दिन देखने को मजबूर नहीं होना पड़ता। वैसे यदि अपने दिल पर हाथ रखकर यदि हम यह आत्मचिंतन करें कि हम स्वयं कितने राष्ट्रज्भक्त व नागरिक कर्तव्यों व अधिकारों के सही उपयोगकर्ता है? तो हम स्वयं अपने से ही निराश होगें, क्योंकि हम भी पारिवारिक व सामाजिक आपाधापी में देश और अपने कर्तव्यों के बारे में आत्मचिंतन-मनन करने का वक्त ही कहां मिल पाता है?

....पर अभी भी वक्त है, हमें अपनी नीजि चिंताओं के साथ राष्ट्र की चिंता के साथ भी जुड़ना पड़ेगा और आज की राजनीति देश को किस दिशा में ले जा रही है, इस पर गंभीर देशहित में आत्मचिंतन करना पड़ेगा, वर्ना फिर हमें भी वही घीसी-पीटी कहावत अब पछतावत होत का, जब चिड़िया चुग गई खेत, बार-बार दोहराना पड़ेगा, इसलिए चुनावी लोकतंत्र की इस अहम् बेला में मेरा अनुरोध है कि पूरा देश इन संकेतों को गंभीरता से लेकर आत्मचिंतन कर देशहित में कुछ संकल्प लें।

व्यवहार परिवर्तन : पृथ्वी के तापमान बढ़ने का एक बड़ा कारण

प्लास्टिक को अपने जीवन से हटाएं : बिहार के गौरैया मैन संजय कुमार

हमारे परिवेश में पशु-पक्षी व हरियाली सकारात्मक ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत : सबीहा बानो, प्रिंसिपल, मिल्लत एकेडमी स्कूल, रांची

संजय कुमार

केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, रांची व मिल्लत एकेडमी स्कूल, रांची के संयुक्त तत्वाधान में देश के सुप्रसिद्ध पक्षी प्रेमी व गौरैया विशेषज्ञ संजय कुमार ने आज ह्लबढ़ता तापमान / लु और जीव जंतुओं का महत्वह्व विषय पर मिल्लत एकेडमी स्कूल, रांची कैंपस में एक जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किया ।

संजय कुमार ने कहा कि पूर्व में मिट्टी / खपड़े के मकान व हाथ-पंखे व घड़े के पानी के दौर से निकलकर वर्तमान में हम पक्के मकान व फ्रिज एवं एयर कंडीशन के दौर में पहुंच चुके हैं। तेजी से उद्योग और प्लास्टिक उत्पादन से कार्बन का उत्सर्जन बढ़ता ही जा रहा है ।ऐसे और इस प्रकार के अनेकों व्यवहार / जीवन-शैली परिवर्तन आज पृथ्वी के तापमान बढ़ने का एक प्रमुख कारण है।

श्री संजय ने तापमान / लु से बचाव , जलवायु परिवर्तन , जल / पर्यावरण संरक्षण व जीव जंतु प्रेम पर अपने विस्तृत व ज्ञानवर्धक व्याख्यान के दौरान कहां की प्लास्टिक को अपने दैनिक जीवन से पूरी तरह बाहर करने का प्रयास करना चाहिए। प्लास्टिक का प्रयोग इसी प्रकार निरंतर बढ़ता रहा तो आने वाले दिनों में पृथ्वी का तापमान तीन गुना बढ़ जाएगा। समुद्र पर प्लास्टिक के कचरे से भरते जा रहे हैं और एक वक्त आएगा कि मछलियां विलुप्त हो जाएंगी।

बढ़ते तापमान की विनाशलीला पर प्रकाश डालते हुए श्री संजय ने अपना एक मार्मिक संस्मरण प्रस्तुत करते हुए कहा कि किस प्रकार एक गर्मी के दोपहर में अचानक एक चिड़िया उनके फ्लैट के अंदर आकर जोर जोर से चिं-चिं करने लगी। उन्होंने देखा कि वह गौरैया पानी के बेसिन के निकट अपना मुंह खोले प्यास की मुद्रा में इधर-उधर जा रही है। उन्होंने बेसिन खोलकर चिड़िया को पानी पिलाया और वह उड़ गई।

श्री संजय ने सभा में शामिल सभी लोगों, विशेष कर बच्चों से आह्वान किया कि वे अपने घरों में पक्षियों के लिए पानी और दाने का व्यवस्था करें और साथ-साथ अपने आसपास ऐसे पेड़ पौधे लगाएं जिसमें पक्षी अपना ठिकाना बना सकतीं हो। इसके लिए उन्होंने मालती के पौधा और बैगन बेलिया का विशेष रूप से उल्लेख किया। घर में बचे हुए खाने को भी कूड़ेदान में फेंकने की जगह पर पक्षियों एवं अन्य जंतुओं को खिलाने की व्यवस्था करें।

बिहार में गौरैया मैन के नाम से प्रसिद्ध संजय कुमार, वर्तमान में उप निदेशक के पद पर , केंद्रीय संचार ब्यूरो/प्रेस इन्फोर्मेशन ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, पटना मे कार्यरत हैं। गौरैया संरक्षण में वे 2007 से ही सक्रिय हैं।वे राष्ट्रीय व स्थानीय पत्र-पत्रिकाओं में विविध विषयों खासकर मीडिया, वंचित वर्ग, सामाजिक सरोकर, पर्यावरण एवं -जीव-जंतु संरक्षण के मुद्दे को लेकर लगातार लिखते रहते हैं।उनकी अब तक 14 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, जिसमें तीन किताबें गौरैया संरक्षण पर है। साथ ही साथ उन्हें विभिन्न महत्वपूर्ण अवाड्र्स से भी सम्मानित किया गया है।

इस अवसर पर बोलते हुए मिल्लत एकेडमी स्कूल की प्रिंसिपल सबीहा बानो ने कहा कि हम लोग अत्यंत भाग्यशाली हैं कि संजय कुमार जैसे व्यक्तित्व का आज हमारे स्कूल में भ्रमण हुआ और हम लोगों ने पर्यावरण / जीव-जंतु संरक्षण पर उनके विचारों से अपने ग्रह की हालत सुधारने के लिए प्रेरित हुए। प्रिंसिपल सबीहा बानो ने कहा कि हमारे परिवेश में पशु-पक्षी व हरियाली सकारात्मक ऊर्जा का महत्वपूर्ण स्रोत है और यह एंटीडिप्रेसेंट भी है। प्रिंसिपल महोदय ने कहा कि संजय कुमार जी के समक्ष आज हम लोग यह वादा करते हैं कि पर्यावरण व पशु-पक्षी संरक्षण के लिए हर संभव प्रयास मैं आवश्यक रूप से सहयोग करेंगे ।

संजय कुमार , सुप्रसिद्ध पक्षी प्रेमी व गौरैया विशेषज्ञ

नौकरशाही ने लोकतंत्र के बुनियाद को कमजोर किया है

नीरज कृष्ण



लोकतंत्र का मूल सिद्धांत नीतियों के रूप में स्वशासन है जो लोगों की इच्छा को प्रतिबिंबित करता है। यह सुनने में भले ही सराहनीय लगे, लेकिन इसे सक्षम बनाने वाले तंत्र सांसारिक और जटिल नौकरशाही हैं। नौकरशाही संस्थाएं लोगों की इच्छा को व्यावहारिक कानून में तब्दील करती हैं, और सरकार से लोगों तक सेवाओं की सुविधा प्रदान करती हैं। आवश्यक कार्यों के उस साधारण प्रबंधन पर ही हमारा लोकतंत्र टिका है, और (वर्तमान में) बिखर गया है।शासन की जटिल संरचना में, नौकरशाही लोकतंत्र के ताने-बाने को बुनते हुए एक बुनियादी धागे के रूप में खड़ी है।फिर भी, इसकी उपस्थिति अक्सर बहस और जांच को जन्म देती है।

एक वाक्य बीते कई दशकों से हमारी जेहन में पैवस्त है- क्यों माने तुम्हारी बात? कहीं के कलेक्टर हो क्या? दरअसल, अंग्रेजी शासनकाल में कलेक्टर अपने जिले का वह तानाशह होता था, जो जैसे चाहे जनता को हांक सकता था। लेकिन आजादी के बाद देश के नागरिकों को कई सारे संवैधानिक अधिकार तो मिले लेकिन कलेक्टर का रूतबा और मानसिकता दोनों ही अंग्रेजों के जमाने वाली ही रही।

लोकतंत्र लोगों की, लोगों द्वारा और लोगों के लिए सरकार का वादा करता है - एक ऐसी प्रणाली जहां नागरिक निर्वाचित प्रतिनिधियों के माध्यम से अंतिम शक्ति रखते हैं। फिर भी, नौकरशाही का उदय जटिलता की एक परत पेश करता है जो अक्सर शासितों को शासितों से दूर करती है। हालाँकि नौकरशाही किसी भी राज्य के सुचारू कामकाज के लिए आवश्यक है, लेकिन इसकी अनियंत्रित वृद्धि अक्षमता, अस्पष्टता और मतदाताओं से अलगाव पैदा कर सकती है।

लोकतंत्र की अवधारणा स्वयं जनता के बीच सत्ता को अधिक समान रूप से वितरित करने की इच्छा से उभरी है। ऐतिहासिक रूप से, लोकतांत्रिक आदर्शों का उद्देश्य कुछ चुनिंदा लोगों के हाथों में सत्ता की एकाग्रता को कम करना था, चाहे वे राजा हों, अभिजात वर्ग हों या कुलीन वर्ग हों।

लोकतांत्रिक सिद्धांतों के व्यावहारिक कार्यान्वयन के लिए नीतियों को कुशलतापूर्वक और निष्पक्षता से निष्पादित करने के लिए तंत्र की आवश्यकता होती है। यहीं नौकरशाही की उत्पत्ति निहित है। लोकतंत्र में नौकरशाही को शामिल करने का मूल उद्देश्य शासन की एक ऐसी प्रणाली स्थापित करना था जो जवाबदेही, पारदर्शिता और समानता जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखते हुए कानूनों, विनियमों और सार्वजनिक सेवाओं को प्रभावी ढंग से प्रशासित कर सके।

समय के साथ नौकरशाही और लोकतंत्र के बीच संबंध विकसित हुए हैं, जिससे प्रगति और चुनौतियाँ दोनों बढ़ी हैं। एक ओर, नौकरशाही ने सरकारी सेवाओं के विस्तार, सामाजिक कल्याण कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और जटिल आधुनिक समाजों के विनियमन की सुविधा प्रदान की है। इसकी पेशेवर विशेषज्ञता और संगठनात्मक संरचना ने शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, परिवहन और कानून प्रवर्तन जैसी आवश्यक सेवाओं की डिलीवरी को सक्षम बनाया है।

लोकतंत्र में नौकरशाही को शामिल करने का मूल उद्देश्य एक पेशेवर, निष्पक्ष तंत्र स्थापित करना था जो दक्षता और ईमानदारी के साथ शासन चलाने में सक्षम हो। जबकि नौकरशाही ने लोकतांत्रिक आदर्शों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, लोकतंत्र के साथ इसका संबंध प्रगति और नुकसान दोनों के साथ गतिशील बना हुआ है।

लोकतांत्रिक समाजों में, पारदर्शिता और जवाबदेही महत्वपूर्ण स्तंभ हैं जो सरकार और उसके नागरिकों के बीच विश्वास को कायम रखते हैं। हालाँकि, जैसे-जैसे नौकरशाही संस्थानों का विस्तार होता है और निर्णय लेने की प्रक्रियाएँ तेजी से जटिल होती जाती हैं, जवाबदेही अक्सर नौकरशाही गुमनामी के कोहरे में बदल जाती है। नागरिक अपने जीवन को आकार देने वाली नीतियों और कार्यों के लिए किसी को वास्तव में जवाबदेह ठहराने के लिए संघर्ष करते हुए, खुद को विभागों और एजेंसियों के चक्रव्यूह में घूमते हुए पाते हैं।

नौकरशाही के प्रभुत्व से नीति निमार्ताओं और आम नागरिकों द्वारा सामना की जाने वाली वास्तविकताओं के बीच अंतर पैदा हो सकता है। जैसे-जैसे निर्णय लेने की प्रक्रियाएँ नौकरशाही ढाँचे के भीतर बढ़ती जा रही हैं, नीति निमार्ताओं का उन लोगों की जमीनी चिंताओं और आकांक्षाओं से संपर्क खोने का जोखिम है जिनकी वे सेवा करते हैं। यह अलगाव नागरिकों में आक्रोश और मोहभंग पैदा कर सकता है, राजनीतिक प्रक्रिया से अलगाव की भावना को बढ़ावा दे सकता है।

नौकरशाह अक्सर सरकारी संस्थानों के भीतर महत्वपूर्ण संसाधनों और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं के द्वारपाल के रूप में कार्य करते हैं। बजट आवंटन से लेकर विनियामक अनुमोदन तक, सत्ता के प्रमुख लीवरों पर उनका नियंत्रण उन्हें राजनेताओं पर महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करता है। कई मामलों में, राजनेता जटिल नौकरशाही से निपटने और अपने नीतिगत उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नौकरशाहों पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं। हालाँकि, इस निर्भरता का फायदा भी उठाया जाता है, क्योंकि नौकरशाह अपने सहयोग के बदले में सुविधा या रियायतें लेने में जरा भी नहीं हिचकते हैं।

इसके अलावा, नौकरशाही तंत्र स्वयं भ्रष्टाचार के लिए प्रजनन भूमि के रूप में कार्य कर सकता है, दण्डमुक्ति और स्वार्थ की संस्कृति को बढ़ावा दे सकता है। पदानुक्रमित संरचनाएं, नौकरशाही लालफीताशाही और पारदर्शिता की कमी अवैध गतिविधियों के पनपने के लिए उपजाऊ जमीन तैयार करती है। ऐसे वातावरण में काम करने वाले नौकरशाह जवाबदेही और परिणामों से बचने की अपनी क्षमता में आश्वस्त होकर, अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने के लिए साहसी हो जाते हैं।

एक परेशान करने वाली प्रवृत्ति सामने आई है जहाँ राजनेता और नौकरशाह, जिन्हें लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने का काम सौंपा गया है, इसके बजाय लोकतांत्रिक शासन की नींव को कमजोर करने के लिए मिलीभगत कर रहे हैं। निर्वाचित अधिकारियों और अनिर्वाचित नौकरशाहों के बीच यह अपवित्र गठबंधन पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक भागीदारी के सिद्धांतों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है, जिस पर लोकतंत्र आधारित है।

यह मिलीभगत प्रकट होने का एक तरीका चुनावी प्रक्रियाओं में हेरफेर है। सत्ता से चिपके रहने की चाहत से प्रेरित राजनेता अक्सर चुनावी मैदान को अपने पक्ष में झुकाने के लिए चुनावी जिलों को घेरने की कोशिश करते हैं या प्रतिबंधात्मक मतदान कानून बनाते हैं। इस बीच, नौकरशाह चुनाव परिणामों को प्रभावित करने के लिए अपने नौकरशाही अधिकार का दुरुपयोग कर सकते हैं, चाहे नियमों के चयनात्मक प्रवर्तन के माध्यम से या कुछ राजनीतिक गुटों को लाभ पहुंचाने के लिए संसाधनों के आवंटन के माध्यम से।

इसके अलावा, राजनेता और नौकरशाह अक्सर अपने और अपने सहयोगियों को समृद्ध करने के लिए अपने पद का उपयोग करके भ्रष्टाचार और भाईचारे में लिप्त रहते हैं। यह नापाक प्रथा न केवल लोकतांत्रिक संस्थानों की अखंडता को कमजोर करती है बल्कि राजनीतिक व्यवस्था में जनता के विश्वास को भी कम करती है। जब नागरिकों को यह महसूस होता है कि उनके निर्वाचित अधिकारी और सरकारी नौकरशाह सार्वजनिक हित की तुलना में व्यक्तिगत लाभ के बारे में अधिक चिंतित हैं, तो मोहभंग और उदासीनता पैदा होती है, जो लोकतंत्र के मूल ढांचे को कमजोर करती है।

इस मिलीभगत का एक और घातक पहलू सरकार के भीतर नियंत्रण और संतुलन का ह्रास है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में, कार्यकारी, विधायी और न्यायिक शाखाओं का उद्देश्य एक-दूसरे के प्रति प्रतिकार के रूप में काम करना है, यह सुनिश्चित करना कि कोई भी इकाई अनियंत्रित शक्ति अर्जित न करे। हालाँकि, जब राजनेता और नौकरशाह मिलीभगत करते हैं, तो वे इन नियंत्रणों और संतुलनों को दरकिनार कर, कुछ चुनिंदा लोगों के अधिकार मजबूत कर असहमति की आवाजों को दरकिनार कर देते हैं।

कई बार यह भी देखा जाता है कि जिन नौकरशाहों को नीतियों के कार्यान्वयन और कार्यान्वयन का काम सौंपा जाता है, वे अक्सर निर्णय लेने का अधिकार रखने वाले राजनीतिक नेताओं के साथ खुद को अलग पाते हैं। हितों के इस टकराव ने एक जहरीला वातावरण तैयार हो जाता है, जिससेविकाश के कार्य बाधित हो जाते हैं और लोगों की जरूरतें हाशिए पर चली जाती है।

इस संघर्ष का एक प्रमुख कारण विश्वास की कमी है। एक स्वस्थ लोकतंत्र में, नौकरशाहों और नेताओं के बीच एक सहजीवी संबंध मौजूद होता है, जो आपसी सम्मान और सहयोग पर आधारित होता है।हालाँकि, जैसे-जैसे विश्वास कम होता जाता है, वैसे-वैसे सामान्य लक्ष्यों की दिशा में सहयोगात्मक रूप से काम करने की क्षमता भी कम होती जाती है। इसके बजाय, नौकरशाही की अंदरूनी कलह और राजनीतिक चालें केंद्र में आ जाती हैं, जिससे आम नागरिक निराश और सरकारी योजनाओं से वंचित हो जाते हैं।

इसके अलावा, व्यक्तिगत एजेंडे की खोज ने सामूहिक कल्याण की जगह ले ली है, जिससे लोकतांत्रिक संस्थानों के भीतर एक खतरनाक ध्रुवीकरण हो गया है। नौकरशाह खुद को विशिष्ट राजनीतिक गुटों के साथ जोड़ लेते हैं, जबकि नेता व्यापक भलाई के बजाय पक्षपातपूर्ण हितों को प्राथमिकता देते हैं। यह हम-बनाम-वे मानसिकता शत्रुता को जन्म देती है और लोकतंत्र की समावेशी प्रकृति को कमजोर करती है, जहां विचारों की विविधता का जश्न मनाया जाना चाहिए, न कि अपमानित किया जाना चाहिए।

लोकतांत्रिक मानदंडों के ह्रास ने सत्तावादी प्रवृत्तियों के पनपने का मार्ग प्रशस्त किया है। जब नौकरशाह और नेता सत्ता संघर्ष में संलग्न होते हैं, तो वे एक शक्ति शून्य पैदा करते हैं जिसका फायदा उठाने के लिए सत्तावादी ताकतें बहुत उत्सुक रहती हैं। नियंत्रण और संतुलन का क्षरण, नागरिक स्वतंत्रता के क्षरण के साथ मिलकर, लोकतंत्र की नींव के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है।

इस संकट से निपटने के लिए, एक आदर्श बदलाव की आवश्यकता है - एक ऐसा बदलाव जो व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं और पक्षपातपूर्ण राजनीति पर लोकतंत्र के सिद्धांतों को प्राथमिकता दे। नौकरशाहों को निष्पक्षता और व्यावसायिकता के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित होकर, सार्वजनिक हित के संरक्षक के रूप में अपनी भूमिका को पुनः प्राप्त करना चाहिए। इसी तरह, नेताओं को दलगत राजनीति के संकीर्ण दायरे से ऊपर उठकर शासन के लिए अधिक समावेशी और सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

जहाँ नौकरशाही आधुनिक राज्यों के कामकाज में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, वहीं इसका अनियंत्रित विस्तार लोकतंत्र के सिद्धांतों के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा है। पारदर्शिता, जवाबदेही और नागरिक भागीदारी के मूल्यों को बनाए रखने के लिए नौकरशाही के अतिक्रमण को सतर्कता और सक्रिय उपायों से पूरा किया जाना चाहिए। केवल नौकरशाही और लोकतंत्र के बीच एक नाजुक संतुलन बनाकर ही हम यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि शासन वास्तव में लोगों का, लोगों द्वारा और लोगों के लिए बना रहे।

लोकतंत्र की ताकत चुनौतियों का सामना करने और विकसित होने की क्षमता में निहित है। सहयोग और आपसी सम्मान की संस्कृति को बढ़ावा देकर, नौकरशाह और नेता लोकतंत्र के वादे को पुनः प्राप्त कर सकते हैं और एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर सकते हैं जहां लोगों की इच्छा वास्तव में सर्वोच्च होगी। इससे कम कुछ भी उन सिद्धांतों के साथ विश्वासघात होगा जिन पर लोकतंत्र कायम है।

> एक वाक्य बीते कई दशकों से हमारी जेहन में पैवस्त है- क्यों माने तुम्हारी बात? कहीं के कलेक्टर हो क्या? दरअसल, अंग्रेजी शासनकाल में कलेक्टर अपने जिले का वह तानाशह होता था, जो जैसे चाहे जनता को हांक सकता था

जंग अब विश्व में नहीं, हथियारों में लगे

ललित गर्ग

शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च, शस्त्रीकरण एवं घातक हथियारों की होड़ किसी खतरे की घंटी से कम नहीं। शस्त्रीकरण के भयावह दुष्परिणामाअें से समूचा विश्व भयाक्रांत है, हर पल आणविक हथियारों के प्रयोग को लेकर दुनिया डर के साये में जी रही है। इसीलिये आज अयुद्ध, निशस्त्रीकरण एवं शांति की आवाज चारों ओर से उठ रही है। शक्ति संतुलन के लिये शस्त्र-निर्माण एवं शस्त्र संग्रह की बात से किसी भी परिस्थिति में सहमत नहीं हुआ जा सकता। क्योंकि इससे अपव्यय हो होता ही है, साथ ही किसी भी गलत हाथों से दुरुपयोग होने की बहुत संभावनाएं रहती है। ताजा घटनाक्रम को देखें तो एक ओर रूस और यूक्रेन आमने-सामने हैं, वहीं दूसरी तरफ इजरायल और ईरान के बीच तल्खी भी चरम पर है। चीन और ताइवान के बीच भी रह-रह कर युद्ध के बदल मंडरा रहे हैं। ऐसे माहौल में यह सवाल भी गूंजना स्वाभाविक है कि क्या सचमुच दुनिया तीसरे विश्व युद्ध की ओर बढ़ते हुए घातक हथियारों के उपयोग की प्रयोगभूमि बन रही है? सवाल दूसरे ओर भी हैं। स्टॉकहोम इन्टरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट की हथियारों पर आयी ताजा रिपोर्ट ऐसे ही सवाल खड़े कर रही है। इसका संतोषजनक जवाब शायद ही मिले क्योंकि दुनिया सीधे-सीधे दो खेमों में बंट गई है।

स्टॉकहोम की रिपोर्ट के आंकड़े चौंकाने वाले ही नहीं, डराने वाले हैं। शांति के तमाम उपायों के बीच दुनियाभर में सैन्य खर्च का बढ़ना एवं नये-नये हथियारों का बाजार गरम होना, चिन्ताजनक है। रिपोर्ट में खास बात यह है कि दुनिया में र्स्वाधिक सैन्य खर्च करने वाले देशों में भारत चौथे नंबर पर बरकरार है। शांति एवं अहिंसा की भूमि पर हथियारों का जमावड़ा उसकी कथनी एवं करनी के भेद को उजागर कर रहा है। ये सवाल स्वाभाविक है कि जब प्रत्येक देश शांति बनाए रखने की वकालत करता है फिर हथियारों की होड़ लगातार क्यों बढ़ रही है? भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक देश बन चुका है। स्टॉकहोम की ओर से जारी रिपोर्ट में इसका खुलासा हुआ है। भारत ने बीते पांच साल में दुनिया में सबसे ज्यादा हथियार खरीदे हैं। इस रिपोर्ट में बताया गया है कि यूरोप का हथियार आयात 2014-18 की तुलना में 2019-23 में लगभग दोगुना बढ़ा है, जिसके पीछे रूस-यूक्रेन युद्ध बड़ा कारण माना जा रहा है। वहीं, इसके अलावा पिछले पांच वर्षों में सबसे ज्यादा हथियार एशियाई देशों ने खरीदे हैं। इस लिस्ट में रूस-यूक्रेन का युद्ध देश के रक्षा निर्यात को काफी प्रभावित किया है। इस कारण से पहली बार रूस हथियार निर्यात में तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। तो वहीं, अमेरिका पहले और फ्रांस दूसरे नंबर पर है।

पिछले 25 सालों में पहली बार, संयुक्त राज्य अमेरिका एशिया और ओशिनिया का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता रहा। अमेरिका की हथियारों की होड़ एवं तकनीकीकरण की दौड़ पूरी मानव जाति को ऐसे कोने में धकेल रही है, जहां से लौटना मुश्किल हो गया है। अब तो दुनिया के साथ-साथ अमेरिका स्वयं ही इन हथियारों एवं हिंसक मानसिकता का शिकार है। अमेरिका दुनिया पर आधिपत्य स्थापित करने एवं अपने शस्त्र कारोबार को पनपाने के लिये जिस अपसंस्कृति को उसने दुनिया में फैलाया है, उससे पूरी मानवता कराह रही है, पीड़ित है। अमेरिका ने नई विश्व व्यवस्था (न्यू वर्ल्ड आर्डर) की बात की है, खुलेपन की बात की है लगता है विश्वमानव का दम घुट रहा है और घुटन से बाहर आना चाहता है। विडम्बना देखिये कि अमेरिका दुनिया का सबसे अधिक शक्तिशाली और सुरक्षित देश है लेकिन उसके नागरिक सबसे अधिक असुरक्षित और भयभीत नागरिक हैं। वहां की जेलों में आज जितने कैदी हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। ऐसे कई वाकये हो चुके हैं कि किसी रेस्तरां, होटल या फिर जमावड़े पर अचानक किसी सिरफिरे ने गोलीबारी शुरू कर दी और बड़ी तादाद में लोग मारे गए। 2014 में अमेरिका में हत्या के कुल दर्ज करीब सवा चौदह हजार मामलों में अड़सठ फीसद में बंदूकों का इस्तेमाल किया गया था।

एक तरफ अमरीका और उसके सहयोगी नाटो देश हैं तो दूसरी तरफ रूस-चीन का गठजोड़ है। तटस्थ रहने वाले देश भी गाहे-बगाहे अप्रत्यक्ष रूप से किसी न किसी खेमे की तरफ झुकाव प्रदर्शित करते रहे हैं। ऐसे में आखिरी उम्मीद संयुक्त राष्ट्र ही रह जाता है। जबकि संयुक्त राष्ट्र की शक्तियां एवं उद्देश्य कोरे दिखावे के हैं, समूची दुनिया इससे वाकिफ है। वह ऐसे किसी भी संकट में शांति प्रस्ताव पारित कर अपनी जिम्मेदारियों से इतिश्री कर पला झाड़ लेता है। वह न तो रूस-यूक्रेन के संघर्ष में और न ही इजरायल-फिलिस्तीन संघर्ष रोकने में कोई सार्थक भूमिका अदा कर पा रहा है। उसके कड़े से कड़े फैसले भी आखिर में महाशक्तियों के वीटो के सामने हथियार डाल देते हैं। दूसरे विश्वयुद्ध के बाद अस्तित्व में आया संयुक्त राष्ट्र कहने को तो दुनिया के देशों का सबसे बड़ा मंच है पर युद्धों को रोकने में उसकी भूमिका नगण्य है। ऐसे में दुनिया में बढ़ते हथियारों की होड़ एवं युद्ध की संभावनाओं को आखिर कौन-कैसे-किसको रोके? जाहिर है, ऐसी परिस्थितियों में तो हथियारों की होड़ बढ़ेगी ही। अमरीका एक तरफ युद्ध की तरफ बढ़ रहे देशों से शांति की अपील करने में सबसे आगे रहता है। लेकिन दूसरी तरफ अमरीकी हथियार कंपनियां तमाम देशों को खरबों रुपए के हथियार बेच रहीं है। इन कंपनियों के लिए तो युद्धकाल ही स्वर्णकाल होता है। ऐसे दौर में जब अधिकांश देश शिक्षा, रोजगार व सेहत के मोर्चे पर संकटों का सामना कर रहे हैं, हथियारों की इस होड़ को रोका ही जाना चाहिए।

रूस एवं यूक्रेन के बीच लम्बे समय से चल रहा युद्ध भीषणतम तबाही एवं सर्वनाश का कारण बनता दिख रहा है। रूस द्वारा परमाणु हथियारों के इस्तेमाल किये जाने एवं यूक्रेन के द्वारा डर्टी बम का इस्तेमाल किये जाने की धमकियां, दुनिया के लिये डर का कारण बन रही है। भयंकर विनाश की आशंकाओं के बीच समूची दुनिया सहमी हुई है। यदि परमाणु हथियारों का उपयोग होता है तो यह मानवता के मूलभूत सिद्धांतों के खिलाफ होगा एवं दुनिया को अशांति की ओर अग्रसर करने वाला होगा। अब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का खतरा इसलिए बढ़ गया है कि यूक्रेन को इतने लंबे समय से झुकता न देख रूस का अहं चोट खा रहा है। हालांकि परमाणु हथियारों के दुष्परिणामों से दोनों देश अनजान नहीं हैं। इस युद्ध को चलते लंबा वक्त हो गया। इस तरह युद्धरत बने रहना खुद में एक असाधारण और अति-संवेदनशील मामला है, जो समूची दुनिया को विनाश एवं विध्वंस की ओर धकेलने जैसा है। ऐसे युद्ध का होना विजेता एवं विजित दोनों ही राष्ट्रों को सदियों तक पीछे धकेल देगा, इससे भौतिक हानि के अतिरिक्त मानवता के अपाहिज और विकलांग होने का भी बड़ा कारण बनेगा।

यूक्रेन और रूस में शांति का उजाला करने, अभय का वातावरण, शुभ की कामना और मंगल का फैलाव करने के लिये भारत ने लगातार शांति प्रयास किये हैं। लेकिन प्रश्न है कि दुनिया को अहिंसा, अयुद्ध एवं शांति का सन्देश देने वाला भारत क्यों हथियारों की दोड़ में शामिल है? मनुष्य के भयभीत मन को युद्ध एवं हथियारों की विभीषिका से मुक्ति दिलाना आवश्यक है। युद्धरत देशों में शांति स्थापित कर, उन्हें अभय बनाकर, युद्ध-विराम करके विश्व को निर्भय बनाना चाहिए। निश्चय ही यह किसी एक देश या दूसरे देश की जीत नहीं बल्कि समूची मानव-जाति की जीत होगी। यथार्थ यह है कि अंधकार प्रकाश की ओर चलता है, पर अंधापन मृत्यु-विनाश की ओर। लेकिन रूस ने अपनी शक्ति एवं सामर्थ्य का अहसास एक गलत समय पर गलत उद्देश्य के लिये कराया है। इस युद्ध से होने वाली तबाही रूस-यूक्रेन की नहीं, बल्कि समूची दुनिया की तबाही होगी, क्योंकि रूस परमाणु विस्फोट करने को विवश होगा, जो दुनिया की बड़ी चिन्ता का सबब है।

बड़े शक्तिसम्पन्न राष्ट्रों को इस युद्ध को विराम देने के प्रयास करने चाहिए।

ट्रेड यूनियन की संयुक्त मोर्चा की बैठक शशि भूषण तिवारी के आवासीय कार्यालय में आयोजित हुई

- इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में अधिक से अधिक लोगों के समक्ष पहुंच कर प्रत्याशी का प्रचार प्रसार किया जाएगा:संयुक्त मोर्चा

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। गुरुवार को ट्रेड यूनियन की संयुक्त मोर्चा की बैठक शशि भूषण तिवारी के आवासीय कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक ईसीएल रीजनल कमेटी कार्यकारी अध्यक्षता शशि भूषण तिवारी ने की। सभी ट्रेड यूनियन के नेताओं ने बैठक में कहा इंडिया गठबंधन कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के समर्थन में अधिक से अधिक लोगों के समक्ष पहुंच कर प्रत्याशी का प्रचार प्रसार किया जाए। पूर्व दिग्गज नेता कोयला मजदूर के मसीहा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्र वधू अनुपमा सिंह पढ़ी लिखी और धनबाद की लड़की है योग्य और साफ सुथरी छवि वाली प्रत्याशी कांग्रेस की ओर से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी हैं। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के केंद्रीय समिति उपाध्यक्ष श्यामल सरकार ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि अनुपमा सिंह का मा-इका धनबाद, धनबाद में रहकर पढ़ाई की,यही पली बढ़ी,साफ सुथरी छवि वाली महिला प्रत्याशी हैं ट्रेड यूनियन के बारे में भी बहुत अच्छा समझ का कारण मजदूरों के मसीहा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुत्र वधू और वर्तमान में बेरमो विधायक कुमार जय मंगल सिंह की धर्मपत्नी है और युनियन का कार्यपद्धतियों की समझदारी से कार्य करने में सहयोग किया करती थी इसलिए यह धनबाद लोकसभा चुनाव प्रत्याशी के रुप में सबसे अच्छी प्रत्याशी हैं और निरसा विधानसभा से अच्छी मार्जिन में वोट लाकर जीत सुनिश्चित करने में अपना योगदान करें। बैठक में झामुमो जिलाध्यक्ष लखी सोरेन,राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के केंद्रीय समिति उपाध्यक्ष श्यामल सरकार,राष्ट्रीय कोलियरी यूनियन सीसीएल रीजनल के उपाध्यक्ष अंजनी त्रिपाठी,डीबीसी कर्मचारी संघ (इंटक) के सचिव सदन सिंह,कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या,प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधान सभा प्रभारी दुर्गा दास,शशि भूषण तिवारी, गणेश धर,कृष्णा सिंह,जगदीश शर्मा, हरेंद्र सिंह,बिनोद सिंह,धर्मेंद्र कुमार सिंह,प्रभु नाथ पासवान,एस पी चौहान,संजय पालित,तारा पदो गोप, बीपीन मंडल सहित अन्य शामिल हुए।

चुनाव का पर्व,देश का गर्व , को उत्सव की तरह मनाएं,सभी मतदान करें: प्रभाष दत्ता

स्वीप कोषांग अंतर्गत सभी प्रखंडों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन, नगर निगम क्षेत्र चास, नगर परिषद फुसरो, कौशल विकास केंद्र, सीएस कार्यालय सभागार आदि में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

उज्जवल दुनिया

बोकारो : जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने को लेकर स्वीप कोषांग द्वारा नियमित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम रही है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले के सभी खनन पट्टा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम सेंट्रल कोलडफिल्ड लिमिटेड (सीसीएल) ढ़ोरी माइंस क्षेत्र में आयोजित किया गया। जिसमें स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार, प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार, अंचलाधिकारी बेरमो संजीत कुमार,कार्यपालक पदाधिकारी फुस-रो गोपेश कुमार समेत सीसीएल के अधिकारी/कर्मी आदि उपस्थित थे। मौके पर अपने संबोधन में स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को लेकर तिथियां घोषित हो गई है। बोकारो जिले में मतदान आगामी 25 मई 2024 को निर्धारित है। चुनाव का पर्व,देश का गर्व है, उन्होंने चुनाव को उत्सव के तरह मनाने को कहा। लोकतंत्र की मजबूती को लेकर सभी अपने मतदान केंद्र में जाकर अपने मताधिकार का इस्तेमाल करें। अगर अभी भी किसी कारण से किसी का मतदाता सूची में नाम दर्ज नहीं है,तो वह अपने बीएलओ या आनलाइन माध्यम (वोटर हेल्पलाइन एप,#श्रढ ढडफ्ळअछ (वोटर सर्विस पोर्टल) ँ३३स्र२://५ङ्ग३ी१२ी.ङ्ग५.ल्ल) से मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन करें। आवेदन करने की आखिरी तिथि 26 अप्रैल 2024 है। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह एवं स्वीप कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी शक्ति कुमार ने बताया कि मतदान करने के लिए मतदाता को फोटो युक्त पहचान पत्र (ईपीक) प्रस्तुत करना होता है। यादि किसी कारणवश मतदाता मतदान केंद्र में ईपीक प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं तो ऐसी स्थिति में मतदाता वैकल्पिक फोटो युक्त पहचान पत्र दिखाकर

अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकता हैं। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के लिए ईपीक के अलावा 12 अन्य वैकल्पिक दस्तावेज को मान्य किया गया है। इसमें पासपोर्ट, ड्राइविग लाइसेंस, राज्य या केंद्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों या डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, पेन कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर (एनपीआर) द्वारा जारी किए गए कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड (श्रम मंत्रालय), फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज,आधार कार्ड,सांसद/विधायक पार्षद को जारी कार्ड एवं विशिष्ट दिव्यांगता पहचान पत्र (यूडीआइडी) शामिल है। मौके पर सभी को स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को लेकर मतदाता प्रतिज्ञा दिलाया गया। उधर, जिले के सभी प्रखंडों/नगर निगम क्षेत्र/नगर परिषद क्षेत्र में भी विभिन्न विभागों द्वा-रा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चास नगर निगम द्वारा क्षेत्र के विभिन्न वार्ड, सर्वोदय नगर के आरडब्लयूडी, मध्य विद्यालय चास में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही, शहर क्षेत्र में संचालित विभिन्न वाहनों में मतदाता जागरूकता संबंधित संदेश का स्टीकर चस्पा किया गया। वहीं, फुसरो नगर परिषद द्वारा भी क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। मतदाताओं को आगामी 25 मई को मतदान करने का अपील किया गया।

श्रम रोजगार प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग द्वारा बेरमो स्थित कौशल विकास केंद्र में छात्राओं द्वारा रंगोली बनाकर एवं मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्रों को अपने अभिभावकों एवं अपने आस -पास के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया। उन्हें स्वयं मतदान करने एवं दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने का प्रतिज्ञा दिलाया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सीएस कार्यालय सभागार में मलेरिया विभाग से संबंधित सभी चिकित्सक पदाधिकारी/कर्मियों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। मतदाता संदेश से संबंधित स्टीकर सभी को चस्पा किया गया। वहीं, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावाड-ीह समेत अन्य सीएचसी में कार्यरत स्वास्थ्य सहियाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

जहां संबंधित प्रखंड चिकित्सा प्रभारी पदाधिकारी ने सहियाओं एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान करने का प्रतिज्ञा दिलाया गया। झारखंड स्टेट लाइवलीहूड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की सखी दीदीओं ने स्लोगन लिखी मेंहदी लगाकर ग्रामीण महिलाओं को अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। मेहंदी से सखी दीदीओं ने अपने हाथों पर मतदान मेरा अधिकार - वोट डालने जाना है, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है,वोट हमारा है अधिकार करें नहीं इसको बेकार आदि का संदेश दिया.

रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी बुजुर्ग महिला का हुआ सोने की चेन चोरी,थाना में किया शिकायत

बोकारो थर्मल : रेलवे स्टेशन कॉलोनी निवासी 60 वर्षीय बुजुर्ग महिला बच्चनी देवी ने लगभग 50 हजार रुपए कीमत के सोने की चैन चोरी हो जाने की लिखित शिकायत बोकारो थर्मल थाना की पुलिस से किए है। पीड़ित महिला के पुत्र मनोज साव ने बताया कि वे लोग बोकारो थर्मल रेलवे स्टेशन समीप होटल चला कर जीविका चलाते है बुधवार को मेरी मां होटल के बगल स्थित पीपल पेड़ के चबूतरा में सोने का चैन बी अन्य सामान रख कर होटल के लिए मशाला पीस रही थी इसी बीच किसी ने चैन की चोरी कर ली। पड़ोस में ही रहने वाले दो युवकों के ऊपर सोने का चैन चोरी करने का संदेह वयक्त किया गया है। वही आवेदन के आधार पर बोकारो थर्मल थाना की पुलिस चोरी हुवे चैन की बरामदगी हेतु मामले की जांच व आरोपी उवाको से पूछताछ कर रही है.

गोविंदपुर में एक कलुगी पुत्र ने किया बुजुर्ग पिता व बहन की पिटाई,मामला थाना पहुंचा

बोकारो थर्मल : गोविंदपुर बि पंचायत के निसंघात कॉलोनी निवासी 65 वर्षीय बुजुर्ग सुदामा चौधरी ने अपने पुत्र कृष्णा चौधरी एवम बहु के ऊपर मारपीट करने का आरोप लगाया है। मारपीट का कारण जमीनी विवाद बताया जा रहा है। घटना बुधवार देर रात्रि की है जिसकी लिखित शिकायत आवेदन पीड़ित पिता ने गुरुवार को बोकारो थर्मल थाना की पुलिस को देकर न्याय वा सुरक्षा की गुहार लगाई है। आवेदन में पीड़ित बुजुर्ग सुदामा चौधरी ने लिखा है की उसका बड़ा पुत्र कृष्णा चौधरी एवम उसकी पत्नी बुधवार की रात्रि मेरे कमरे में आया और मेरे साथ मारपीट करने लगा बीच बचाव करने पहुंची मेरी पुत्री सुनीता देवी के साथ भी मारपीट किया। बुजुर्ग सुदामा ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र कृष्णा चौधरी गांव की पुस्तैनी जमीन अपने नाम पर लिखने का दबाव बना रहा है। जिसकारण आएदिन मारपीट कर रहा है। वही आवेदन के आधार पर बोकारो थर्मल थाना की पुलिस कार्यवाई हेतु मामले की जांच सुरु कर दिया है.

कांग्रेस प्रत्यासी अनुपमा सिंह का चिरकुंडा शहीद चौक पर जोड़दार किया स्वागत

- अनुपमा सिंह का चिरकुंडा, कुमारधुबी,एग्यारकुंड क्षेत्र में धुआंधार जनसंपर्क अभियान

उज्जवल दुनिया

एग्यारकुंड। कांग्रेस के प्रत्यासी अनुपमा सिंह का चिरकुंडा शहीद चौक पर गुरूवार की संध्या स्वागत किया गया। वहीं चिरकुंडा शहीद चौक से लेकर अंबेडकर चौक तक अनुपमा सिंह ने चिरकुंडा के लोगों से संपर्क किया वहीं इंडि गठबंधन को मजबूत बनाने को लोगों से अपील भी की। सर्वप्रथम अनुपमा सिंह द्वारा चिरकुंडा के शहीद चौक स्थित शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण की उसके बाद वे वहां से पैदल यात्रा करते हुए चिरकुंडा नगर परिषद कार्यालय के समीप स्थित अंबेडकर चौक तक गई और आम जनों से गठबंधन को मजबूत बनाने को लेकर अपील भी की। धनबाद के विकास को लेकर भी चर्चा की व कही कि धनबाद के विकास की गति जो धीमी पड़ी है उसे गति में रफ्तार लाने की बात कही। पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि धनबाद में सबसे बड़ी समस्या बेरोजगारी है व यहां के लोगों के आर्थिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक व सामाजिक विकास तथा आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की। उन्होंने कहा कि आम लोग उनसे जुड़े व गठबंधन के हाथों को मजबूत करें तथा अपना मतदान करें। मौके पर उनके साथ युवा राजद के जिलाध्यक्ष बिट्टू मिश्रा,सुनिता सिंह, झारखंड मुक्ति मोर्चा से रंजीत बाउरी,कांग्रेस से गैरूल हसन,जिप सदस्य गैरूल हसन, सोनू खान, बबलू शर्मा, प्रकाश ओझा, उपेंद्र यादव, हरे राम यादव, विक्रम यादव,मो आरिफ,मो फिरोज, राजकिशोर पासवान आदि थे। वहीं अनुपमा सिंह को टेंपो स्टैंड कमेटी वालों ने माला पहनकर स्वागत किया व उनका अभिनंदन किया।

धनबाद जिले के तीन केंद्रों पर प्रशिक्षुओं को उनको कार्य दायित्व से अवगत कराया

उज्जवल दुनिया

टुंडी : धनबाद जिले के तीन केंद्रों गुरुनानक कॉलेज भुदा,पी0 के0 रॉय मेमोरियल कॉलेज धनबाद एवं एस0 एस0 एल0 एन0 टी0 महिला कॉलेज धनबाद में मतदान दल के मतदान पदाधिकारी- 2 के प्रशिक्षण में कुशल प्रशिक्षक अजीत सिंह एवं पुष्कर चन्द्र झा ने सभी को उनके कार्य दायित्व जैसे मतदाता पंजी में प्रत्येक मतदाता के सम्बंध में प्रविष्टि करना, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करना एवं प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ के तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी । अजीत सिंह ने सभी मतदान दल के मतदान पदाधिकारी द्वितीय को ए0 एस0 डी0 मतदाता के संबंध में भी सभी आवश्यक जानकारी देते हुए कहा है कि आप सभी मतदान पदाधिकारी ए0एस0डी0 मतदाता को भी आवश्यक घोषणा (प्रपत्र 14) लेकर उनके मतदान को सुनिश्चित करेंगे एवं उनके मतदान प्रक्रिया का वीडियो रिकॉर्डिंग भी करेंगे ताकि एक भी मतदाता मत देने से ना छूटे । प्रशिक्षण के दौरान मास्टर प्रशिक्षक अजीत सिंह ने यह भी कहा कि आपके पास मतदान प्रक्रिया के दौरान जो मतदाता पंजी (17अ) रहेगा उसमें मतदान अधिकारी प्रथम के द्वारा इसके प्रथम पृष्ठ पर टोटल इन द कंट्रोल यूनिट इज चेक्ड एंड फाउंड टू बी जीरो कलम से लिखेंगे । इस अवसर पर कुशल प्रशिक्षक बिनोद महतो, उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, राजेस सिन्हा, सुरेश सिंह, शम्भू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, अनूप बाजपेयी आदि उपस्थित थे।

खान क्षेत्र में सुरक्षा, पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को बनाए रखना नितांत आवश्यक है -उप निदेशक

गुवा । खान सुरक्षा उप निदेशक श्री एस सुधीर की अध्यक्षता एवं सेल मुख्य महाप्रबंधक (खनन) कमल भास्कर व सेल गुवा पदाधिकारी की उपस्थिति में सेल गुवा माइंस का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान माइंस के उत्पादन प्रक्रिया एवं सुविधाओं का मुआयना किया गया ।

सुरक्षा के नियमों का अनुपालन एवं उत्पादन प्रक्रिया का जायजा ली गई ।सेल गुआ के लौह अयस्क उत्पादन व सुरक्षा के नियमो की सराहना की गई । बताया गया कि सेल की लौह अयस्क खदान स्टील प्लांट की रीढ़ होती है। स्टील बनाने में इसका अहम योगदान होता है। सेल गुवा लौह अयस्क खान के विस्तार की पूरी संभावनाए हैं एवं आनेवाले समय में सेल गुवा का भविष्य स्वर्णिम होगा तथा सेल गुवा लौह अयस्क खदान नई पृष्ठभूमि में दिखेगी।

सेल गुवा माइंस निरीक्षण के उपरांत खान सुरक्षा उप निदेशक श्री ए सुधीर एवं सेल मुख्य महाप्रबंधक (खनन) कमल भास्कर की अध्यक्षता में सेल गुवा एचआरडी भवन में बैठक का आयोजन किया गया ।

चिन्मया विद्यालय बोकारो का जे.ई.ई मैंस में शानदार परिणाम

- 108 छात्र एडवांस के लिए चयनित

उज्जवल दुनिया

बोकारो : चिन्मय विद्यालय के अनिमेष राय 99.802 परसेंटाइल के साथ बने विद्यालय टॉपर जब की आयुष कुमार 99.733 परसेंटाइल दूसरे स्थान पर और ऋषभ कुमार 99.7211 तृतीय स्थान पर रहे उन्हें 2023 24 के जे.ई.ई मैंस में चिन्मय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रदर्शन बेहतरीन रहा है दूसरे सत्र में कई छात्र-छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर हुआ है अभी तक प्राप्त समाचार के अनुसार 108 से अधिक छात्र-छात्राएं जी एडवांस्ड के लिए उत्तीर्ण हुए हैं यह संख्या और भी आगे जा सकती है क्योंकि छात्र-छात्राएं शहर से बाहर है और उनसे संपर्क स्थापित किया जा रहा है इस बेहतरीन प्रदर्शन को देखते हुए विद्यालय के प्राचार्य श्री सूरज शर्मा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का प्रदर्शन जे.ई ई मैंस के साथ अन्य सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में साल दर साल विद्यालय का प्रदर्शन बेहतर होते जा रहा है। और उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में यह संख्या अपने उच्चतम प्रतिशत तक पहुचेगी। मैं सभी सफल छात्र-छात्रों एवं उनके अभिभावकों एवम विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई देता हुँ। जिनके परिश्रम एवम कुशल मार्गदर्शन के कारण बड़ी संख्या में छात्रों ने ऊंचे प्रतिशत के साथ सफलता प्राप्त की। और ये लगातार बेहतरीन प्रदर्शन कर हम सभी को गौरवान्वित होने का अवसर दे रहे हैं।

99 परसेंटाइल से अधिक

विद्यालय के कई होनहार छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। अनिमेष रॉय 99.802, आयुष कुमार 99.735, ऋषव कुमार(99.721) शुभम आनंद(99.6809), प्रियांशु पीयूष (99.314), देव संगम(99.041) परसेंटाइल प्राप्त हुआ। 45 छात्रों को मिला 95 परसेंटाइल से अधिक अंक- इस वर्ष 45 से अधिक छात्रों को 95 से अधिक परसेंटाइल मिला है। कृष कुमार, आर्यन कुमार, निलेश कुमार , सचिन राय, प्रियांशु रंजन , रूशिल सिंहा, सयन मुखर्जी, उत्कर्ष कुमार, आर्कष कुमार, प्रिंस राज , शोमया ज्योति सेन, राजा कुमार, सिंह , शुभ बनर्जी, मयुरेश भारती , प्रियांशु राज , शोर्या कुमार , वंशिका वानया, विशाल कुमार महथा, विवेक कुमार, विश्वनाथ मुखर्जि , श्रेर्या स्नेहा, विवेक कुमार मोर्या , शास्वत कुमार झा, अनिश रंजन , कुमार किसलय तेजस्वी , सुरज कुमार प्राकृत प्रशुण , निखिल कुमार, सोरव कुमार वर्मा , भावभुती देव , सत्यम कुमार सिंह , अंकित कुमार , विभुति देव , निलेश कुमार, अनिव प्रकाश , सहित 45 बच्चै ने 95 परसेंटाइल अंक के साथ सफलता प्राप्त किया। सभी सफल छात्र-छात्राओं को परम पूज्य स्वामिनी, संयुक्तानंदा सरस्वती, (आचार्या चिन्मय मिशन केंद्र बोकारो), बिश्वरूप मुखोपाध्याय (अध्यक्ष, विद्यालय प्रबंधन समिति), आर.एन.मल्लिक (कोषाध्यक्ष) , एवं उपप्राचार्य (नरमेंद्र कुमार) ने उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया। इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक, शंभु नाथ झा, चंदन कुमार सिंह,पी के सिंह,अमरेन्द्र नारायण उपाध्याय, अशोक चैबे, कुमोद रंजन सिंह, अजय कुमार सिंह , आर एल महतो, उत्पल मित्रा आदि थे।

टुंडी के प्रा०वि० चरकखुर्द में वि०प्र०स० की मासिक बैठक सम्पन्न-नए सत्र में शत-प्रतिशत नामांकन पर दिया जोर

टुंडी : टुण्डी प्रखण्ड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय चरक संकुल अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय चरकखुर्द में गरुवार को मासिक बैठक सम्पन्न हुई । बैठक की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बुधन मंडल एवं संयुक्त रूप से संचालन विद्यालय प्रभारी पारा शिक्षक तुलसी नारायण सिंह एवं नवीन चन्द्र सिंह ने किया । कार्यवाही प्रारम्भ कर विशेष बिन्दुओं पर हुई चर्चा बच्चों को परीक्षाफल कार्यक्रम के सम्बन्ध में साथ ही गृह कार्य सम्पादन करना। बच्चों की शत-प्रतिशत नामांकन एवं 100% उपस्थिति पर पर सबों का विशेष ध्यान आकृष्ट कराया गया । विद्यालय परिसर को साफ-सफाई एवं सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी एवं जवाबदेही शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ- ही-साथ समस्त ग्रामीणों की भी होती हैं। इन सभी बिन्दुओं पर बारी-बारी से सबों ने अपने-अपने मंतव्य दिये । बैठक में मुख्य रूप से पारा शिक्षक तुलसी नारायण सिंह एवं नवीन चन्द्र सिंह, बिनोद कुमार सिंह, रमेश कुमार मंडल, रीता देवी, लक्ष्मी देवी, प्रतिमा देवी, फुलवा देवी, मुनेजा बीबी, अनिता देवी, रीना देवी एवं जहीरन बीबी इत्यादि उपस्थित रहें।

कांग्रेस के न्याय पर जनता को पूरा भरोसा: सीता राणा

धनबाद। धनबाद लोकसभा चुनाव में धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने झरिया, सिंदरी , सहरपुरा, अम्बेडकर नगर में कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए जन संपर्क अभियान चलाया।

सीता राणा ने मौके पर कहा कि देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है जानता को अब झूठे सपनो पर भरोसा नहीं है। देश की आम जनता को अब कांग्रेस के पांच न्याय और पच्चीस गारंटी पर भरोसा है। कांग्रेस ने देश में वास्तविक विकास किया जिसे झूठ से दबाया जा रहा है। कांग्रेस की सरकार बनी तो युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सम्मान बुजर्गों को पेंशन के साथ शिक्षा और स्वास्थ्य की भरपूर सुविधा मिलेगी। इसलिए झूठे वादों पर नही बल्कि सत्य के साथ कांग्रेस को वोट देना है। जिला सचिव सह सिंदरी विधानसभा प्रभारी हेमंती जयसवाल ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को रिकॉर्ड मतो से बिजाई बनाने की अपील करते हुए कहा कि कांग्रेस जन कल्याणकारी विचारधारा की पार्टी है। राष्ट्र हित में कांग्रेस को वोट करें।

मौके पर मीना देवी, नूतन विश्वकर्मा, मुस्कान खातून, पायल देवी, जानकी देवी, आरती देवी, गुड़िया देवी, मुन्नी देवी, ललिता देवी, रूबी देवी, चित्रा देवी, सोनिया देवी, सपना देवी, मंटू कुमार, रतन राम, मंगल राम, सागर कुमार, चमेली देवी, मीना देवी आदि मौजूद थी।

एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के मध्य विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया

एग्यारकुंड। एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के मध्य विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। हर भारतीय को मतदान करने के अधिकार पर गर्व होना चाहिए मतदान भविष्य का विधाता होता है उक्त बातें एग्यारकुंड दक्षिण पंचायत के मध्य विद्यालय निरसा तीन परिसर में गुरुवार को अभिभावक शिक्षक की बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी प्रधानाध्यापक सह एग्यारकुंड निर्वाचन नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झां ने कही बैठक में। वोटर रजिस्ट्रेशन ,वोटर हेल्पलाइन ऐप , अभिभावकों एवं उनके परिवार के सदस्यों का नाम मतदाता सूची में है या नहीं,मतदान के दिन सब परिवार उपस्थित होकर अपने मताधिकार के प्रयोग करने आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। श्री झा ने कहा कि कार्यपालिका,विधायिका,न्यायपालिका, पत्रकारिता चारों स्तंभ हमारे लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किए हुए हैं ह्रहमें गर्व है हमारे लोकतंत्र पर हमारे लोकतांत्रिक मूल्यो पर हमारे संविधान निमार्ता पर हमें गर्व है उन्होंने कहा कि अपना मत गुप्त रखें ई.वि.एम में बटन दबाने के बाद रुक कर वि.वि.पी.ए.टी में देखें कि आपने अपना मतदान जिसे दिया है उसी की पर्ची दिख रही है या नहीं। बैठक में विदन मंडल,कुमारी सोना दास,पंपी खा,ज्योति कुमारी, प्रमोद कुमार झा ,सीमा देवी,गुड़िया देवी ,बिंदु बाउरी,साधना बाउरी,उत्तरा बाउरी,पूजा देवी ,लक्ष्मी मोदी, ललिता देवी, लालती देवी, तुलसी कोडा, प्रमोद राव ,जमुनाबाउरी,मारुति बाउरी, हेमलाल बाउरी आदि उपस्थित थे।

वेदांता ईएसएल स्टील ने प्रतिष्ठित 5वीं सीआईआई राष्ट्रीय ईएचएस सर्कल प्रतियोगिता में सर्वोत्तम सुरक्षा प्रथाओं के लिए स्वर्ण पदक जीता

- सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित वार्षिक कार्यक्रम है
- ई एस एल स्टील लिमिटेड ने कुल 59 प्रविष्टियों में 2 नामांकन डिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी का सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोग और अनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाला सर्वश्रेष्ठ संगठन दर्ज किया
- ई एस एल स्टील लिमिटेड ने ए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधार परियोजना में गोल्ड अवार्ड जीता
- इस टीम में समीर दास, अभिषेक पॉल, के संदीप और जवेरिया मजहर सहित डिजिटल और सुरक्षा विभाग के कर्मी शामिल थे

उज्जवल दुनिया

बोकारो : वेदांता समूह की कंपनी और भारत में अग्रणी इंटीग्रेटेड स्टील उत्पादक ईएसएल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति उत्कृष्टता, नवीन भावना और समर्पण पर अटूट ध्यान है। हाल ही में, ई एस एल स्टील लिमिटेड को प्रतिष्ठित 5वीं सी आई आई राष्ट्रीय ई एच एस सर्कल प्रतियोगिता में गोल्ड अवार्ड से सम्मानित किया गया है, जिसे देश भर के संगठनों से 7 श्रेणियों में 59 प्रविष्टियाँ प्राप्त हुई थीं। यह वार्षिक प्रतियोगिता ह्रसी आई आई नेशनल ई एच एस सर्कल प्रतियोगिताह्न भारतीय उद्योग परिसंघ (सी आई आई) द्वारा आयोजित की जाती है और पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा पर केंद्रित है। जिस प्रोजेक्ट के लिए ई एस एल स्टील लिमिटेड ने गोल्ड अवार्ड जीता वह था ह्रअनुकरणीय सुरक्षा प्रथाओं को अपनाने वाले सर्वश्रेष्ठ संगठनह्न के तहत ह्रए आई - एन्हांस्ड कैमरा डिटेक्शन के साथ सुरक्षा में सुधारह्न। इस परियोजना के अलावा ई एस एल सर्कल लिमिटेड ने ऑनलाइन प्रतियोगिता में ह्रडिजिटलीकरण और प्रौद्योगिकी के सर्वोत्तम अनुप्रयोग और उपयोगह्न के लिए भी खुद को नामांकित किया। ई एस एल टीम में के संदीप, अभिषेक पॉल और जवेरिया मजहर सहित सुरक्षा और डिजिटल कर्मी शामिल रहे और इसका नेतृत्व समीर दास ने किया। ये उत्कृष्ट विजय है जो ई एस एल स्टील लिमिटेड का पर्यावरण, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण के कफोकस को प्रदर्शित करता है।

ये विजय उन सुरक्षा जोखिमों को सक्रिय रूप से पहचानने और कम करने के लिए ए आई - सक्षम उन्नत कैमरा पहचान की शक्ति का उपयोग करने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए एक सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा दिया। सावधानीपूर्वक योजना, कठोर मूल्यांकन और अटूट समर्पण के माध्यम से यह परियोजना अपने प्रभाव और प्रभावशीलता के लिए सामने आई और अपने प्रतिस्पर्धियों को पछाड़ते हुए प्रतिष्ठित स्वर्ण पदक जीता। इस अवसर पर, ईएसएल स्टील लिमिटेड के मुख्य परिचालन अधिकारी, श्री रवीश शर्मा ने कहा ह्रइस प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होने से वेदांता ई एस एल पर्यावरण, स्वास्थ्य और सुरक्षा के मामले में विनिर्माण उद्योग में एक उल्लेखनीय नाम बन गया है। यह एक राष्ट्रीय मंच पर हमारी अनुकरणीय सुरक्षा और पर्यावरण प्रथाओं को प्रदर्शित करता है, हमारे संगठन के भीतर सुरक्षा और स्थिरता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देता है और नवाचार, सहयोग और समर्पण द्वारा चिह्नित है।

बिजनेस एक्सीलेंस टीम के बारे में:

सुश्री मीनाक्षी सभरवाल के नेतृत्व में ई एस एल स्टील लिमिटेड की बिजनेस उत्कृष्टता टीम और विनय भूषण कुमार और शालू प्रिया की सहायता से ईएसएल स्टील में अपनाई गई प्रगति, नवाचार और उद्योग की सर्वोत्तम प्रथाओं को प्रदर्शित करने के लिए विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेना अनिवार्य है।

भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो का निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुंआ धार जनसम्पर्क अभियान

निरसा । भाजपा के लोकसभा प्रत्यासी सह बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो ने अपने समर्थकों के साथ निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुंआ धार जनसम्पर्क अभियान चलाया । जनसम्पर्क अभियान की शरुआत कलियासोल प्रखण्ड के दलदली आश्रम श्री श्री गोकुलानन्द मठ में पूजा अर्चना से शुरू की । ततपश्चात लेदाहरिया, डुमरिया,कलियासोल, मैथन, पतलाबाड़ी, तिलतोरया, उपचुरिया ,उदयपुर, भागाबांध, रामकनाली ,धोबारी,बड़ा आममोना की जनता से जनसम्पर्क किया और हरि नाम संकीर्तन में शामिल हुये । तिलतोरिया में चल रहे सप्ताहांत भागवत कथा में पंहुचे,वाचक बृंदाबन से आये परम पूजनीय श्रधेय देवकीनन्दन जी महाराज का आशीर्वाद लिया। मैथन में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक कर रणनीति पर विचार विमर्श किया । वंही घटवार समाज के लोंगों ने ढुल्लू महतो का स्वागत किया और जीत की अग्रिम बधाई दी ।

सुबोध यादव करेंगे 1 मई को नामांकन पत्र दाखिल

डुमरी- डुमरी प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह मुखिया सह सामाजिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार यादव 01 मई को गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रुप में अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।गुरूवार को उन्होंने बताया कि गिरिडीह लोकसभा के मतदाताओं की आकांक्षाओं को युवा सांसद ही पूरा कर सकता है क्योंकि आजतक जो सांसद इस लोकसभा सीट से बने हैं सभी ने यहां के लोगों को सिर्फ बरगलाने का काम किया है साथ ही युवाओं के रोजगार के दिशा में कोई पहल नही हुआ है इसलिए इसबार मतदाताओं ने युवा चेहरे पर अपना विश्वास जताने का मन बनाया है और यही कारण है कि लोकसभा के विभिन्न क्षेत्रों में किये गये जनसंपर्क में समाज के सभी वर्गों का साथ मिलने का भरोसा हमें मिला है।.....

जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर का गर्भ कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया

मधुबन(गिरिडीह) शाश्वत तीर्थराज सम्मेदशिखर की पावनधरा मे बसा 20 तीर्थकरों की निर्वाण स्थल पारसनाथ पर्वत मे गुरुवार बैसाख कृष्ण पक्ष द्वव्ज को जैन धर्म के 23 वें तीर्थंकर देवाधिदेव 1008 पारसनाथ भगवान स्वामी जी का गर्भ कल्याणक महोत्सव पूरे हर्षोउल्लास व उत्साह के साथ मनाया गया।प्रातःकाल पर्वत मे बना प्रभुजी का मोक्ष भुमि मे बना टोंक का साफ-सफाई कर टोंक मे विराजमान प्रभुजी का चरणपादुका का जल व पंचामृत से अभिषेक व पूजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधान कर पूजा,अर्चना व यथा संभव त्याग कर पुण्य अर्जित करने का संकल्प भी दिलवाया गया।एवम चरणपादुका का आरती भी उतारी गई।

झंडा मैदान में रन फॉर डेमोक्रेसी का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर किया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

गिरिडीह अमित सहाय : लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु स्वीप एक्टिविटी के तहत जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सकें। गुरूवार को झंडा मैदान से रन फॉर डेमोक्रेसी/रन फॉर वोट का आयोजन किया गया। झंडा मैदान में आयोजित रन फॉर डेमोक्रेसी का शुभारंभ जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने हरी झंडी दिखाकर किया। वहीं डीसी ने रन फॉर डेमोक्रेसी में शामिल सभी लोगों को मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई तथा मतदान के महत्व की विस्तृत जानकारी दी।

शहरी क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित

इस दौरान उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्र में लोगों को मतदान के प्रति उदासीनता को दूर करने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मतदान सबका अधिकार है और हम सबको लोकतंत्र के इस महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वीप एक्टिविटी के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों/कम मतदान प्रतिशत वाले क्षेत्रों में भी व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम किया जा रहा है। इसके अलावा जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा इस बार दिन भर मतदान रखा गया है। कोडरमा लोकसभा और 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए 20 मई तथा गिरिडीह लोकसभा के लिए 25 मई मतदान की तिथि घोषित की गई है। साथ ही मतदान का समय सुबह 07-00 बजे से शाम 05-00 बजे तक रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस बार दिन भर मतदान के उद्देश्य को चरितार्थ करते हुए आप सभी अपने घरों से बाहर निकल कर अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। आपका एक वोट अमूल्य है और मजबूत लोकतंत्र में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करता है, इसलिए अपने मताधिकार को व्यर्थ न करें, उसका उपयोग देश के लिए जरूर करें।

लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की - स्नेह

रन फॉर डेमोक्रेसी को संबोधित करते हुए नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप ने कार्यक्रम के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन, सभी प्लस टू उच्च विद्यालयों, स्वीप कोषांग की टीम, सभी प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि समेत सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। ताकि शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित किया जा सकें।

अगामी एक मई को विश्व मजदूर दिवस मनाने की तैयारियां को लेकर चर्चा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

मधुबन(गिरिडीह) : असंगठित मजदूर यूनियन शाखा मधुबन के मजदूरों को अगामी एक मई को विश्व मजदूर दिवस के पावन अवसर पर हटियाटांड मैदान के प्रागंण मे मनाने की तैयारियां को लेकर चर्चा व बैठक का आयोजन हटियाटांड मैदान के प्रागंण मे किया गया।जिसकी अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष अजीत राय ने किया।वही बैठक का संचालन शाखा सचिव मनोज कुमार महतो ने किया।श्री राय ने बैठक मे उपस्थित सदस्यों को जानकारी देते हुए बताया की झारखंड सरकार 11 मार्च को न्यूनतम मजदूरी का बृध्दि किया गया है।लेकल अभी तक मधुबन के किसी भी संस्था या ठीकेदार के द्वारा न बढाया गया है।न ही बढाने पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।और तो और मधुबन मे कार्यरत स्थाई मजदूरों का ई0पी0एफ0 का भी भुगतान अच्छे तरीकों से नहीं किया जा रहा है।

और न कर्मचारियों का स्थाईकरण किया जा रहा है।श्री राय ने बताया की मधुबन मे वर्षो से कार्यरत मजदूर अपनी स्थाईकरण करने को लेकर दर्जनों बार आंदोलन किया अब अपनी मांगो को पुरा करने को लेकर उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होना पडेगा।बैठक में मुख्य रूप से द्वारिका राय,बसंत राय,परसुराम महतो,सोहन महतो,रूपलाल महतो,बदरी राय,जागेश्वर महतो,पचिया देवी, डेगनी देवी,रूपा देवी,बसंती देवी,कलावती देवी,पूजा देवी,सुरज तुरी,थानुराम महतो,अनील किस्कू,चरण महतो,बंशीलाल मांझी,मनोज महतो आदि लोग उपस्थित थे।

मिठाई के नाम पर बेचे जा रहे स्वीट पॉइज़न

एसडीएम डुमरी को मांग पत्र सौंप कर मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच का किया मांग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डुमरी- युवा कांग्रेस के डुमरी विधानसभा अध्यक्ष सह हिन्द मजदूर किसान यूनियन के डुमरी अनुमंडल के अध्यक्ष गंगाधर महतो ने गुरुवार को एसडीएम डुमरी को एक मांग पत्र सौंप कर प्रखंड के डुमरी,जामतारा सहित विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे मिठाई निर्माण फैक्ट्री की वैधता एवं निर्माण होने वाले लड्डू सहित अन्य मिठाईयों की गुणवत्ता की जांच करने की मांग की है साथ ही विभिन्न मिठाई दुकानों में बेचे जाने वाले तरह तरह के मिठाई की गुणवत्ता एवं उसमें मिलाये जाने वाले रंग की मानकता की भी जांच करने की आग्रह किया है ताकि मिठाई के नाम पर बेचे जाने वाले स्वीट पॉइज़न से लोगों को बचाया जा सके।लिखा है कि क्षेत्र में कई जगहों पर लड्डू व अन्य मिठाई के निर्माण फैक्ट्री संचालित है।निर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों की गुणवत्ता निम्न किस्म का रहता है साथ ही उपयोग में लाये जाने वाले तेल की क्वालिटी निम्न स्तर का रहता है जबकि यही हाल रंग का होता है।श्री महतो ने लिखा है कि प्रखंड में संचालित अधिकांश मिठाई दुकानों में इन्हीं मिठाई निर्माण फैक्ट्री में बने निम्न स्तरीय एवं स्वास्थ्य के लिए अति नुकसानदायक मिठाई की बिक्री की जाती है ताकि ज्यादा मुनाफा कमाया जा सके।क्योंकि मिठाई निर्माण में निम्न स्तर की सामग्री उपयोग किये जाने के कारण लागत कम लगता है।वहीं इन मिठाई निर्माण फैक्ट्री से निकलने वाला अपशिष्ट जल एवं सामग्रियों के निस्तारण हेतु कोई मुक्कमल व्यवस्था नहीं होती है जिसके कारण दुर्गंधयुक्त अपशिष्ट जल से आसपास रहने वाले लोगों का जीना मुहाल हो जाता है जबकि 22 अप्रैल को डुमरी थाना क्षेत्र के आइबीपी में संचालित एक मिठाई निर्माण फैक्ट्री के संचालक द्वारा खुले में बनाये गये जल निस्तारण गड्ढा में डूबकर एक बच्चे की असमय मौत हो गयी इसलिए ऐसे लोगों एवं मिठाई के नाम पर स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई आवश्यक है।आवेदन में अखिल भारतीय मजदूर कल्याण सेवा संघ के प्रखंड अध्यक्ष महेन्द्र बिन्द के हस्ताक्षर है।

उपायुक्त की अध्यक्षता में चुनाव 2024 के निमित्त विभिन्न कोषांगो के द्वारा किए जा रहे कार्यों की हुई समीक्षा

गिरिडीह : जिला निर्वाचन पदाधिकारी, श्री नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित गठित किए गए विभिन्न कोषांग के कार्यों के अलावा अन्य बिंदुओं पर विस्तारपूर्वक समीक्षा किया गया। इस दौरान उपायुक्त ने समीक्षा करते हुए विभिन्न कोषांगों के कार्यों की जानकारी लेते हुए प्रतिनियुक्त किए गए पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि अपने कर्तव्यों का जिम्मेवारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। साथ ही कलस्टर, मतदान केन्द्रवार मूलभत सुविधाएं, मतदान केन्द्रवार रूट चार्ट/मैप, वाहनों की उपलब्धता, कम्युनिकेशन प्लान, मतदान कर्मियों की रहने की सुविधा से जुड़े बिन्दुओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। समीक्षा के क्रम में सी विजिल कोषांग, ट्रेनिंग कोषांग, लॉ एंड ऑर्डर, इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग सेल, आईटी सेल, पोस्टल बैलट, मेटेरियल डिस्ट्रीब्यूशन सेल, कंट्रोल रूम व हेल्पलाइन सेल, ऑब्जर्वर सेल, ट्रांसपोर्ट मैनेजमेंट सेल, स्ट्रॉंग रूम आदि कोषांगों के संबंधित नोडल ऑफिसर से किए जा रह कार्यों की जानकारी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने भारत निर्वाचन आयोग से उनके कोषांग से संबंधित जारी किए गए मैन्युअल को अच्छी तरह से पढ़ लेने एवं कार्यों के दौरान निर्वाचन आयोग से जारी सभी दिशा निर्देशों के अनुपालन का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कोई दुविधा होने पर अपने वरीय अधिकारियों के साथ समन्वय करने के उपरांत ही कार्य करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने लोकसभा आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के तहत सभी चुनावी प्रक्रियाओं को साफ-स्वच्छ, निष्पक्ष एवं निर्भीक होकर संपन्न कराने की बात कही।

इस दौरान उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, उप नगर आयुक्त, उप निर्वाचन पदाधिकारी, सभी संबंधित कोषांग के नोडल पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

सिविल सर्जन की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया

गिरिडीह : विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान सिविल सर्जन ने सभी अधिकारियों को शपथ दिलाई। तथा उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को मलेरिया सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जगरूक करना एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए उनका व्यवहार परिवर्तन किया जाना है। इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम स्वास्थ्य समानता, लैगिंक समानता एवं मानव अधिकार अब हमे मलेरिया उन्मूलन के लिए कार्य करना है जिससे ग्राम स्तर पर मलेरिया मुक्त किया जा सके विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार विश्व में मलेरिया उन्मूलन का लक्ष्य 2030 तक निर्धारित किया गया है।

उन्होंने कहा कि इस मलेरिया दिवस में हम संकल्प ले कि मलेरिया समाप्ति के लिए सकारात्मक एवं सशक्त पहल का आरंभ हम करेंगे मलेरिया रोगी संख्या में कमी एवं मलेरिया से होनेवाले मुत्यु को रोकने हेतु भारत सरकार के द्वारा डायग्नोस्टिक टुल-वाईभेलेन्ट कीट, पी0एफ0 रोगियों के उपचार हेतु कारगर दवा आर0टी0सू0ने80 पैक एवं पी0भी0 रोगियों के उपचार हेतु क्लोरोक्वीन एवं प्रईमाक्यून उपलब्ध करवाई गई है। मलेरिया से बचाव एवं सुरक्षा हेतु किटनाशी युक्त मच्छरदानी उपलब्ध करवाई गई है साथ हीं मच्छरो के बचाव हेतु घरो के अन्दर कीटनाशी छिड़काव भी कराया जाता है। हमारा लक्ष्य मलेरिया परजीवी को नस्ट करना है इस कार्य हेतु सभी मलेरिया रोगियों का प्रबंधन, कीटनाशीयुक्त मच्छरदानी की उपयोगिता निगरानी कार्य एवं जॉच तथा उपचार ग्राम स्तर पर सुनिश्चित किया जाना है। जिले को मलेरिया मुक्त बनाने का संकल्प ले एवं भविष्य को मलेरिया से सुरक्षित बनायें।

एसडीएम डुमरी के निदेश पर विभिन्न विद्यालयों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

डुमरी- एसडीएम शहजाद परवेज के निर्देशानुसार 25 अप्रैल को प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।मतदाता जागरूकता के तहत पीएनडी जैन उच्च विद्यालय इसरी,भगत मध्य विद्यालय,कन्या मध्य विद्यालय,प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय,मध्य विद्यालय तुरी टोला,बेसिक स्कूल आदि सहित कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक- शिक्षिकाओं के साथ अपने-अपने विद्यालय से रैली निकाल कर नगर भ्रमण किया।बच्चे पहले मतदान, फिर जलपान,छोड़ो सारे काम,पहले करो मतदान जैसे नारे लगाते हुए मतदान के लिए जागरूक कर रहे थे। पीएनडी जैन उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय परिसर से रैली निकाल कर पारसनाथ रेलवे स्टेशन,अहिंसा चौक,शिवाजी नगर,तुरी टोला होते हुए वापस हटियांटाड़ इसरी बाजार में एकत्रित हुए। सभी विद्यालय के बच्चे हटियां टाड़ में जमा हुए।इस दौरान एसडीएम शहजाद परवेज बीडीओ अन्वेषा ओना सीओ शशिभूषण वर्मा बीईईओ जयकुमार तिवारी । मुखिया प्रतिनिधि अजीत माथुर अधिवक्ता अशोक कुमार जैन प्रधानाध्यापक सुनील कुमार जैन मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुनिल जैन मुख्य रूप से उपस्थित थे।बच्चों को एसडीएम और बीडीओ ने संबोधित करते हुए कहा अपने माता पिता,संबंधियों, पड़ोसियों को मतदान करने के लिए कहें।संगीता जैन, प्रमोद कुमार यादव,डॉ श्याम कुमार सिंह,देवेश कुमार देव,मधु सिंह,रश्मि सिन्हा,रीता कुमारी,सुनीता कुमारी, गुरुगोविंद हांसदा,अनिता जैन,सुषमा कुमारी,सुबुही शबनम,रजत जैन,रूपलाल प्रसाद मंडल,सुब्रत कुमार सामंत,दयानंद कुमार,डॉ विवेक जैन,वैभव रानी,संजीव कुमार जैन,रवि कुमार,एतवारी महतो,रविंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।.

एक-नजर

भाजपा पार्टी की ओर से पीरटांड प्रखण्ड(मण्डल)का शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त

मधुबन(गिरिडीह) गिरिडीह लोकसभा चुनाव हेतू भाजपा पार्टी की ओर से पीरटांड प्रखण्ड(मण्डल)का शक्ति केंद्र प्रभारी नियुक्त किया गया।जिसमे कुम्हरलालो पंचायत के प्रभारी का जिम्मा मुन्नालाल उपाध्याय को सोंपा गया है।उसी तरह नावाडीह पंचायत का भार अमोज मोदक,पालगंज पंचायत का बेंकुठ पण्डित.चिलगा कैलाश बर्णवाल.बिशनपुर पंकज मिश्रा,शिमरकोढी, अरबिन्द चन्द्र रॉय,कुडको अजय सिंह,मंडरो, बालेश्वर यादव,हरलाडीह शमशाद आलम.खरपोक पंचम सिंह,खुखरा, अभय सिंह,बदगावां संतोष राणा,तुइयो अरबिन्द बर्णवाल,बांध बबलू साव,भारतीचलकरी अमर तुरी,चिरकी रेखा देवी,एवम मधुबन पंचायत प्रभारी प्रदीप सिंह को बनाया गया है।पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने बताया की पार्टी की ओर से अगामी लोकसभा चुनाव मे शक्ति केंद्र प्रभारियों को हर संभव लोकसभा चुनाव में आजसू पार्टी के सदस्य को मदद करते हुए जीत का सेहरा पहना कर बिजयी हासील करना है।

जंगलों में आग न लगाने की किया अपील

मधुबन(गिरिडीह)पारसनाथ पर्वत के आस-पास फैले गांवो मे पर्वत मे आग लगने से बचाने एवं वनो मे लगे पेड-पौधा-जीव-जन्तुओं की सुरक्षा को लेकर जागरूकता लाने के लिए गुरुवार को पारसनाथ मकर संक्रांति मेला समिति सह पारसनाथ वन सुरक्षा समिति के निर्देशानुसार गांवो-गांवो मे एक नुक्क? नाटक व आम सभा का आयोजन किया गया।समिति के अध्यक्ष नरेश कुमार महतो व संयोजक मनोज कुमार अग्रवाल ने बताया की पारसनाथ पर्वत एवं अगल-बगल के जंगलों में आग न लगाने की अपील करने हेतु समिति के सदस्यों द्वारा पारसनाथ पर्वत से सटा गांवों में जन जागरूकता अभियान हेतु चतरो, जिरुवाबेडा,बेलाटांड,बेकटपुर, बाराडीह,ढोलकट्टा आदि गांवों का चयन किया गया।एवम गांवों में प्रचार-प्रसार करते हुए नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया है।ताकी गांव के लोगों को उत्साह बढे तथा जंगलों में लगे आग को बुझाने मे मदद करे।मौके पर मुख्य रूप से लक्ष्मी कांत महतो,रोहित महतो,प्रदीप महतो,केदार महतो,गाजे महतो,बालेश्वर महतो,संदीप महतो,मोहन कर्मकार, राजेन्द्र टुडू,प्रकाश कुमार, उपमुखिया झरीलाल महतो,निवर्तमान मुखिया निर्मल तुरी,पंसस पुर्वी लईका तुरी,कृष्ण कुमार महतो,बैधनाथ महतो,पन्नालाल, बिनय महतो,छोटू महतो,रूपलाल महतो,तेजो महतो,सोनालाल मांझी,बडकू मांझी,सोहन महतो,आदि लोग उपस्थित थे।

बीएनएस डीएवी के खिलाड़ियो को डीएवी सीएमसी द्वारा किया गया पुरस्कृत

गिरिडीह- बीएनएस डीएवी पब्लिक स्कूल में क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन-एच डॉ पी हाजरा की उपस्थिति में उप प्राचार्य योगेश शर्मा के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक विजेता सुमित कुमार एथलेटिक्स एवं हर्ष कुमार सिंह ताइक्कांडो को 5100 रुपए का चेक देकर सम्मानित किया। क्षेत्रीय निदेशक सह प्राचार्य डीएवी पब्लिक स्कूल झारखंड जोन एच डॉ पी हाजरा ने बताया कि ÷हमारे विद्यालय के छात्रों ने डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स 2023 की राष्ट्रीय स्तर की अंडर 19 ताइक्कांडो प्रतियोगिता में हर्ष कुमार सिंह एवं अंडर 14 एथलेटिक्स में सुमित कुमार ने अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक का खिताब जीता। जिन्हें महात्मा हंसराज जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में 20 अप्रैल को डी ए वी थर्मल कॉलोनी पानीपत हरियाणा में डीएवी सीएमसी द्वारा पुरस्कृत किया गया। डी ए वी नेशनल स्पोर्ट्स एसजीएफआई द्वारा मान्यता प्राप्त है। जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतना बड़ी बात होती है। विद्यार्थियों ने यह बता दिया की कोशिश करने से बड़े से बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हम दोनों छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। मौके पर विद्यालय के पी टी आई एसके पटनायक बीके सिंह मौजूद रहे।

बीडीयो मनोज कुमार मरांडी के नेतृत्व चुनाव को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली गयी

मधुबन(गिरिडीह)मधुबन थाना ईलाके स्थान से प्रखंड के बीडीयो मनोज कुमार मरांडी के नेतृत्व चुनाव को लेकर एक जागरूकता रैली निकाली गयी।जो थाना परिसर से निकलकर पूरे मधुबन का भ्रमण करते हुए पर्वत की तलहटी तक जाकर कार्यक्रम को समापन किया गया।श्री मरांडी ने आम जनताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की किसी भी नागरिक को अगर वोटर लिस्ट मे नाम चढवाना है तो फ्रोम 06 भरकर नाम चढवा सकते है।सभी लोग अपनी श्वेक्षा से मतदान करने के लिए मतदान केंद्र मे जाना है।और ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की जरूरत है।श्री मरांडी ने आम जनता से भय मुक्त होकर मतदान करना है।मौके पर आंगनबा?ी केन्द्र की सेविका, बी0एल0ओ0मुखिया, वार्ड सदस्य, पंसस सदस्य, प्रखंड कर्मियों, आदि लोग उपस्थित थे।.

वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में मीडिया कोषांग की बैठक संपन्न

गिरिडीह : लोकतंत्र आम निर्वाचन एवं 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव 2024 के निमित्त वरीय पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में मीडिया कोषांग/स्ष्टस्ष्ट कोषांग द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक में वरीय पदाधिकारी मीडिया कोषांग द्वारा मीडिया/स्ष्टस्ष्ट कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों के कार्यों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक कार्यों को स-समय पूर्ण कर लें। उन्होंने सभी को बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए दायित्वों का निर्वहन करने का निर्देश दिया। इसके अलावा उन्होंने कहा कि दिनांक 26 मई से नाम निर्देशन का कार्य शुरू हो जाएगा, उसी के निमित्त प्रेस कॉन्फ्रेंस किया जाना है, उसे लेकर सारी तैयारियों को पूरा कर लें। उन्होंने नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग को निर्देश दिया कि एमसीएमसी कोषांग द्वारा पेड न्यूज का नियमित अनुश्रवण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य कई बिंदुओं पर चर्चा किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के सभी अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर रन फॉर वोट का आयोजन किया गया

गावां : गांवा प्रखंड में आगामी लोकसभा चुनाव को स्वीप कार्यक्रम को लेकर एक रन फॉर वोट का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर चलाए जा रहे स्वीप कार्यक्रम के तहत गुरुवार को गिरिडीह निर्वाचन कार्यालय की आदेश पर रन फॉर वोट का आयोजन किया गया हैं। जिसमें गावां बीडीओ महेंद्र रविदास, सीओ सह निर्वाचन पदाधिकारी अविनाश रंजन , साथ-साथ गावां +प्लस टू उच्च विद्यालय एवं प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय की छात्र छात्रा शामिल हुए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर नारे भी लगाए जिसमे जन-जन का एक नारा है मतदान अधिकार हमारा है, लोकतंत्र मजबूत बनाना है वोट देने जाना है, पहले मतदान फिर जलपान ,आदि के नारे के साथ साथ गांवा प्रखंड से रैली निकलकर पूरे गांवा बाजार का भ्रमण किया मौके पर उपस्थित आदित्य कुमार राम , अजय राम ,संजय कुमार, ब्रजेश पांडे, अनिल यादव ,नवीन पासवान ,राजू पांडेय, रविन्द्र कुमार वर्णवाल,दिनेश कुमार सिंह,आदि कई शिक्षक, एवं ब्लॉक कर्मचारी उपस्थित रहे।

मधवाडीह में नल जल योजना बनी शोभा की वस्तुः मुखिया

बेंगाबाद - गर्मी की दस्तक देते ही बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र में पानी के लिए हाहाकर मचने लगा है कुआं व चापानल की जल स्तर दिनों दिन नीचे की और खिसकता जा रहा है अधिकांश कुआं अभी से ही सुखने के कंगार पर है । कई चापानल खराब पड़ा हुआ है ।

लोकसभा चुनाव कार्यालय का भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी व अन्य ने किया उद्घाटन

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः- भारतीय जनता पार्टी ने राजमहल लोकसभा चुनाव के लेकर जिला मुख्यालय स्थित भारतीय कॉलोनी मोहल्ले में लोकसभा चुनावी कार्यालय का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी एवं प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर एवं लोकसभा प्रभारी राकेश प्रसाद एवं प्रदीप वर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बता दें कि पूर्व मुख्यमंत्री सह प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी अपने चॉपर से साहिबगंज पहुंचे।

इस दौरान हेलीपैड पर राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा ने उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। उधर कार्यालय उद्घाटन के पश्चात उपस्थित कार्यकताओं को उन्होंने संबोधित किया। जहां बाबूलाल मरांडी ने सभी भाजपा कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि यदि आप अपने बूथ को जीत लेंगे तो राजमहल लोकसभा इस बार भाजपा की झोली में जरूर आएगा और जिस तरह का राजमहल में रुझान देखने को मिल रहा है भाजपा इस सीट को अपनी झोली में करने को लेकर मोदी जी के 400 पार के नारे को और बुलंद करने में आप लोगों की सहयोग अति आवश्यक है।

राजमहल लोकसभा चुनाव में होगी कांटो की टक्कर किसके सिर पर सजेगा ताज

उज्जवल दुनिया संवाददाता

उधवाः राजमहल लोकसभा सीट पिछले दो बार से जातीय समीकरण के आधार पर झामुमो के झोली में सुरक्षित है, जबकि निकटतम प्रतिद्वंद्वी भारतीय जनता पार्टी रही है। वही दो बार के चुनावी मैदान में झामुमो के बीच भारतीय जनता पार्टी की टक्कर होती रही है लेकिन इस बार के लोकसभा चुनाव में झामुमो के कद्दावर नेता सह बोरियो विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने राजमहल लोकसभा से निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा करते ही इस बार 2024 में चुनावी समीकरण में बदलाव होने की संभावना है।

वही लोगों का मानना है कि इस बार जीत का बागडोर लोबिन हेम्ब्रम के हाथ में हैं। उधर लोबिन हेंब्रम के तूफानी जनसंपर्क अभियान एवं क्षेत्र के लोगों की चाहत को देखकर

कुछ लोग तो राजमहल लोकसभा क्षेत्र में त्रिकोणीय मुकाबला होने का अनुमान लगा रहे हैं। वही जनसंपर्क अभियान में लोबिन ने बताया कि पूरे लोकसभा क्षेत्र में पूर्व के सांसद विजय हांसदा का पुरजोर विरोध हो रहा है।

वही क्षेत्र में विकास के नाम पर विजय हांसदा के द्वारा सिर्फ अपनी कंपनी को बढ़ाने का कार्य किया गया है। उनके पास लोगों की समस्या सुनने एवं क्षेत्र की समस्या से अवगत होने का फुर्सत नहीं मिलता था। जहां वे इस बार निर्दलीय चुनाव लड़कर राजमहल संसदीय सीट को बचाने का कार्य करेंगे।

उधर उन्होंने कहा कि इस बार विजय हांसदा को हराने या बीजेपी को लाभ पहुंचाने के लिए मैदान में नहीं आए है वो तो सिर्फ झामुमो पार्टी का लाज बचाने के लिए मैदान में उतरे हैं।

वही लोबिन हेंब्रम के समर्थकों का कहना है कि संसदीय क्षेत्र में लगातार वर्तमान सांसद के विरोध का सीधा फायदा उठाने के उद्देश्य से लोबिन दा को चुनावी मैदान में उतारा गया है। वही पूरे लोकसभा क्षेत्र में इसका चर्चा भी खूब हो रहा है। वही राजनीति से जुड़े लोगों की माने तो राजमहल लोकसभा सीट कांग्रेस, झामुमो में या इंडिया गठबंधन की बात करें तो उधवा प्रखंड के पियारपुर एवं पाकुड़ जिला के इस्लामपुर दोनों राजनीति दृष्टिकोण से पूरे लोकसभा का केंद्र बिंदु व मुसलमानों का गढ़ है।

यहां के मतदाता जिधर हरी झंडी दिखाते हैं उसी प्रत्याशी की जीत तय माना जाता हैं। एक राजनीति विश्व योग ने बताया कि राजमहल में 37 फीसदी अनुसूचित जनजाति और 5 प्रतिशत अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं।

वही 29 फीसदी अल्पसंख्यक और 28 फीसदी सनातनी हिंदू रहते हैं अगर लोबिन हेंब्रम का चर्चा इसी तरह बन रहा तो मुस्लिम क्षेत्र में हवा बहाने में देर नहीं लगेगी। जहां इस बार का चुनाव लोबिन ही तय करेगी जीत का सफर। अब देखना दिलचस्प होगा कि मतगणना के बाद राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र का ताज किसके सिर पर सजता है।

मां वायसी मंदिर परिसर से निकली भव्य कलश शोभायात्रा, राजमहल विधायक रहे मौजूद

साहिबगंजः शहर के पुरानी साहिबगंज स्थित मां वायसी मंदिर परिसर से गुरुवार को श्री श्री 1008 श्रीमद भागवत कथा महापुराण को लेकर भारी संख्या में कुंवारी कन्याओं व महिलाओं ने अपने सिर पर कलश रखकर भव्य शोभा यात्रा निकाली। जहां इस कलश शोभा यात्रा में राजमहल विधायक अनंत कुमार ओझा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे। उधर गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा पूरे इलाके का भ्रमण करते हुए ओझा टोली गंगा घाट पहुंची जहां पुरोहितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना करने के बाद पवित्र गंगा नदी का जल सभी कलशों में भरकर पुन मां वायसी मंदिर परिसर में आकर संपन्न हुई। वही आपको बता दें कि यह श्री श्री 1008 श्रीमद भागवत कथा महापुराण अगले 1 मई तक चलता रहेगा। वही कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कई लोगों का भरपूर सहयोग मिल रहा है।

सुअर पालन से बदलेगी आजीविका सखी मंडल दीदियों की तकदीर

साहिबगंजः भारतीय स्टेट बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के माध्यम से 10 दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सुअर पालन कार्यक्रम का शूभारंभ आरसेटी प्रांगण में किया गया। इस मौके पर आरसेटी निदेशक संजीव सिन्हा और आजीविका सखी मंडल के जिला प्रबंधक मार्टिन तारिक ने दीप प्रज्वलित कर प्रशिक्षण कार्यकम का उदघाटन किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। वही प्रशिक्षक राजहंस कुमार ने 10 दिवसीय कार्यक्रम में सिलेबस के तहत एनआरएलएम तथा उनके अंग, व्यापार के प्रकार, उद्यम के प्रकार, बाजार की रूपरेखा, आर्थिक ब्योरा, आय एवं व्यय का विवरण, नकदी प्रवाह पपत्र, बैलेंस शीट, उद्यमी के लिए सरकारी योजनाएं तथा उनके लाभ इत्यादि के बारे में विस्तृत रूप से बताया। साथ ही सुकर से संबंधित सुअर के नस्ल बीमारी, खानपान तथा रखरखाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उधर प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण उद्यमिता तथा स्वरोजगार को बढ़ावा देना है। आगे आरसेटी के वरीय प्रशिक्षक राजहंस कुमार ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम जोकि आजीविका सखी मंडल से जुड़े हुए 30 लोगों को दिया जा रहा है इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में उनको बैंकिंग संबंधित सारी जानकारी भी दी जायेगी।

विश्व मलेरिया दिवस के मौके पर क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन

मंडरोः प्रखंड क्षेत्र के कौड़ी खुटाना पंचायत अंतर्गत मदर टेरेसा मेमोरियल स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस के उपलक्ष्य पर जिला बीबीडी पदाधिकारी प्रवीर कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर गुरुवार को क्यूज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें वेक्टर बोर्न डिजीज से संबंधित बीमारी जैसे मलेरिया, फलेरिया, कालाजार, डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस समेत अन्य बीमारियों से होने के कारण उनके लक्षण, बचाव एवं उपाय रोकथाम उपचार के बारे में बताया गया। वही जानकारी दी गई कि आईआरएस छिड़काव साल में कम से कम दो बार करवाने का निर्देश दिया गया एवं रात में सोते समय मच्छर दानी का उपयोग के बारे में बताया गया। इस मौके पर डॉ. एन एन सिंह, मंडरो बीपीएम ब्रजकिशोर राणा, सीएचओ रवि जाटव, एएनएम सरिता सोरेन, मदर टेरेसा मेमोरियल स्कूल की प्रिंसिपल रीना जयसवाल समेत स्कूल के सभी शिक्षक उपस्थित थे।

भीषण गर्मी को देखते हुए धनबाद व गोमो के रेलवे स्टेशनो पर रेलवे ने की जल वितरण की व्यवस्था

धनबाद,इस भीषण गर्मी को देखते हुए मंडल रेल प्रबंधक के.के.सिन्हा सह अध्यक्ष भारत स्काउट्स एंड गाइड्स महोदय के निदेर्शानुसार एवं वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी श्री अजित कुमार सह जिला आयुक्त स्काउट के नेतृत्व में धनबाद गोमो और कोडरमा स्टेशन पर शीतल जल वितरण करने का संकल्प लिया गया। जिसको पूरा करने के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स धनबाद मंडल के सीनियर स्काउट्स गाइड्स,रोवर,रेंजर्स,एवं लीडर्स ने मिलकर इसे सफलतापूर्वक सफल बनाने में हर सम्भव अपना अपना योगदान दिया। बीते एक हफ्ते से धनबाद स्टेशन,गोमो स्टेशन एवं कोडरमा स्टेशन पर आने जाने वाले द्वितीय श्रेणी के रेल यात्रियों को शीतल पेय जल यात्रियों तक पंहुचाया जा रहा हैं। यात्रियों द्वारा हमारी संस्था भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के इस कार्य को सरहाया। उनका कहना है कि इस चिलचिलाती गर्मी में आपसबों के द्वारा लिया गया संकल्प बहुत ही नेक है जिससे हमलोगों को शीतल पेय जल का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिससे हमारी आत्म संतुष्टि हो पा रही है। क्योंकि इस भीड़ से निकलकर पानी लेना युद्ध लड़ने के बराबर है। आप लोग अच्छे कार्य कर रहे है यूँही करते रहे हम सब की दुआ आप सबो के साथ है। यह सिर्फ हमारी संगठन की ताकत और सकारात्मक पहल है जिससे हमलोग यात्रियों तक पहुँचकर उनकी मदद कर पा रहे है । यात्रियों ने रेलवे और उनकेअधिकारियों व कर्मचारियों का आभार जताया है।

उप विकास आयुक्त ने सदर अस्पताल में चिकित्सकों व कर्मियों के साथ की बैठक

● ड्यूटी में लापरवाही बरतने वालों कर्मियों पर होगी कार्रवाईः सतीश चंद्रा

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः उपायुक्त हेमंत सती के निर्देश पर सदर अस्पताल के नए नोडल पदाधिकारी बनाए गए उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने गुरुवार को सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस स्थित सभागार में चिकित्सकों व कर्मियों के साथ बैठक भी की।

इस दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी कर्मियों व चिकित्सकों से ड्यूटी में लापरवाही नहीं बरतने की नसीहत दी। वही उप विकास आयुक्त ने बताया कि उपायुक्त के साथ निरीक्षण में कई मूलभूत कमियां पाई गई थी उसी के फॉलोअप में उन्होंने यहां अस्पताल प्रबंधन से जुड़े चिकित्सकों व कर्मियों से कमियों, उन्हें तत्काल दूर करने के उपायों पर चर्चा की है। आगे उप विकास आयुक्त ने कहा कि उम्मीद है कि एक से दो दिनों में बदलाव दिखना शुरू हो जाएगा।

वही उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल कमियों की लंबी अंबार है, जिसे जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। वही आए दिन ओपीडी में तैनात चिकित्सक के खाली रहने की शिकायतें मिलती रहती हैं इन सब समस्याओं पर चर्चा हुई है और सभी समस्याओं पर धीरे धीरे उन्हें दूर करने का काम किया जाएगा। आगे उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि लापरवाही के मामलों में सीधा कार्रवाई किया जाए।

वही किसी भी तरह के मामले सामने आते हैं तो शिकायत के बाद जांच कर प्रशासन कार्रवाई करेगा।

इस मौके पर डीपीएम हीना अरोड़ा वर्णवाल, जिला वीबीडी सालाहकार डॉ. सतीबाबू डाबडा, डॉ. शिवम, डॉ. राजेश, अस्पताल प्रबंधक जयराम यादव, बड़ा बाबू मुकेश सिन्हा व अन्य मौजूद थे।

विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

बोकारो । सिविल सर्जन बोकारो डॉ दिनेश कुमार एवं डॉ रेणु भारती जिला मलेरिया पदाधिकारी बोकारो की अध्यक्षता में सिविल सर्जन कार्यालय बोकारो के सभागार में विश्व मलेरिया दिवस पर मलेरिया उन्मूलन गोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। सिविल सर्जन बोकारो डॉ दिनेश कुमार द्वारा मलेरिया रोग से बचाव की जानकारी दी गई ।वहीं डॉ रेणु भारती ऊ्टड बोकारो ने बताया प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया विश्व मलेरिया दिवस का उद्देश्य है जन समुदाय को मलेरिया से सुरक्षा एवं बचाव के प्रति जागरूक करना और बेहतर स्वास्थ्य की देखभाल करना मलेरिया को समाप्त करने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने और बीमारी से होने वाली पीड़ा और मृत्यु को कम करने के लिए किया जा रहे कार्यों को प्रोत्साहित करने हेतु विश्व मलेरिया दिवस 25 अप्रैल को मनाया जाता है। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता हेतु अंतर विभागीय गोष्ठी का आयोजन किया गया इस वर्ष कार्यक्रम आयोजन का थीम रहा स्वास्थ्य सामानता , लैंगिक समानता एवं मानव अधिकार ।जिसके तहत हर किसी की सहभागिता अति अनिवार्य है मलेरिया का उन्मूलन करने के लिए।

डॉ रेणु भारती के द्वारा स्लाइड प्रेजेंटेशन के माध्यम से मलेरिया रोगों के इतिहास लक्षण बचाव जांच एवं निदान के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। सभी स्तर पर बुखार से पीड़ित रोगियों की जांच एवं उपचार की सुविधा निशुल्क उपलब्ध है इन सारे पहलुओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया बुखार होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य सुविधा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्वास्थ्य उपकेंद्र पर जाएं तथा खून की जांच और पूर्ण उपचार जरूर करवाएं मलेरिया जैसे संक्रामक बीमारियों के लक्षण जाड़े के साथ बुखार सिर दर्द बदन दर्द उल्टी बेचैनी कमजोरी सुस्ती अगर होती है तो तुरंत स्वास्थ्य केंद्र जाकर अपना पूर्ण उपचार जरूर करवाएं। सभागार में उपस्थित सभी लोगों ने शपथ लिया मलेरिया उन्मूलन को लेकर ईमानदार प्रयास करेंगे और बोकारो जिले को मलेरिया मुक्त बनाएंगे।

विश्व मलेरिया दिवस के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन बोकारो डॉक्टर दिनेश कुमार , डॉ रेणु भारती ऊ्टड बोकारो , डॉ अनिल कुमार झा प्रशांत कुमार सुषमा बाला सीएम चास नगर निगम पवन कुमार श्रीवास्तव आईडीएसपी प्रदीप कुमार सिन्हा डीपीएम कंचन कुमारी डीडीएम आरती मिश्रा एनसीडी उर्मिला आरसीएच मलेरिया विभाग से सलाहकार आशीष कुमार सुरेश कुमार एफएलए तनवीर अंसारी एलटी अनिल कुमार लिपिक अमित कुमार लिपिक विद्याधर रासबिहारी ठाकुर नितिन कुमार सिंह डीटीसी यक्ष्मा विभाग परशुराम लिपिक संजय कुमार लिपिक सिविल सर्जन कार्यालय मोहम्मद असलम एनटीसीपी सुरेंद्र प्रसाद ठाकुर एसटीटी बोकारो मुकेश कुमार एफएलसी एनसीडी बोकारो असीम कुमार डीईओ मधुमिता आरसी क्यू ए बोकारो स्वास्थ्य विभाग के स्वास्थ्य कर्मी स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि अन्य मुख्य रूप से शामिल रहे।

सदर अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजन का मोबाईल फोन हुआ चोरी, सुरक्षा व्यवस्था पर उठ रहे कई तरह के सवाल

उज्जवल दुनिया संवाददाता

साहिबगंजः सदर अस्पताल में इन दिनों भर्ती मरीजों की सुरक्षा भगवान भरोसे चल रही है जहां सदर अस्पताल में रांगा थाना क्षेत्र के वोटसा पहाड़ का रहने वाला सूरज पहाड़िया अपनी माँ डीमी पहाड़िन पिता लखन पहाड़िया का इलाज करा रहा है। उधर पहाड़िया आदिवासी युवक सूरज पहाड़िया का एक नही बल्कि दो दो मोबाइल फोन

चोरी हो जाने का मामला सामने आया है। इसको लेकर पीड़ित युवक ने बताया कि वो अपनी माँ को बेहतर इलाज करवाने के लिए बीते 15 दिनों से सदर अस्पताल में भर्ती करवाकर इलाज करा रहा है जहां उसके बैग से पोकको कंपनी का एंड्रॉयड मोबाइल फोन व पॉकेट से नोकिया मोबाइल फोन की चोरी कर ली गई है।

वही उसने बताया कि दोनों मोबाइल फोन चोरी हो जाने से अब वो अपने परिवार के किसी भी सदस्य के साथ बात नही कर पा रहा है और उस मोबाइल फोन में राशन कार्ड, आधार कार्ड सहित कई अन्य दस्तावेज भी थे जिसके चोरी हो जाने से काफी दिक्कत हो रही हैं। वही आपको बता दें कि सदर अस्पताल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर 10 होमगार्ड जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है जिससे अलग अलग शिफ्ट में ड्यूटी कराया जाता है। अब बड़ा सवाल यह उठता है कि जब सुरक्षा व्यवस्था को लेकर होमगार्ड जवानों की ड्यूटी सदर अस्पताल में लगाई गई है तो फिर भर्ती मरीजों के सामानों की चोरी कैसे हो रही है यह बहुत बड़ा सवाल है।

लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट, वाहन जांच में सख्ती

झारखंड के सीमावर्ती राज्य बिहार में चुनाव आज

उज्जवल दुनिया संवाददाता

मंडरोः बिहार में शुक्रवार को होने वाले लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मिजाचौकी थाना क्षेत्र के अंतर्राज्यीय चेकनाका पर प्रतिनियुक्त प्रभारी मजिस्ट्रेट एवं तैनात पुलिस पदाधिकारी के द्वारा चेकनाका पर पुलिस का गहन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

जहां दोपहिया व चारपहिया वाहनों में रखे बैग का गहनता से जांच किया जा रहा है। वही पुलिस के जवानों द्वारा वाहनों को चेक किया जा रहा है। उधर तीन शिफ्ट में सभी चेकनाका

पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति हैं। वही गुरुवार को भगैया चेकनाका के रास्ते गुजरने वाली सभी छोटी बड़ी वाहनों को प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस के जवानों के द्वारा जांच अभियान चलाई गई। बताते चले की शुक्रवार 26 अप्रैल को झारखंड राज्य के सीमावर्ती भागलपुर जिला के सभी सीमावर्ती क्षेत्र में लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर दोनों राज्यों के बॉर्डर को पूरी तरह सील कर दिया गया है और प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।

धूलकण से परेशान ग्रामीणों ने पत्थर क्रेशरों को बंद करने की रखी मांग

उज्जवल दुनिया संवाददाता

कोटालपोखरः- बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के मयुरकोला पंचायत अंतर्गत पीपलजोड़ी व लोहटिया मौजा में बृहस्पतिवार को ग्रामीणों ने एक बैठक की। जिसमें गांव के पास पत्थर क्रशरों से उड़ते धूलकण के कारण बृहस्पतिवार को सुबह के 6 से 7 बजे के बीच कई बुजुर्ग ग्रामीणों को पत्थर क्रशरों के उड़ते धूल के कारण सांस लेने में दिक्कतें हो रही थी। वही इस दौरान कइयों को दम घुटने की नौबत आ गई थी। उधर गर्मी में पछिया हवा चलने के कारण गांव की ओर ही धूल उड़कर चली आ रही है जिससे ग्रामीणों के घरों में पीने के पानी, खाने के सामानों पर भी धूलकण पहुंच रही है। वही कई बार ग्रामीण जा जाकर क्रेशर मालिकों को फॉगिंग मशीन चलाने को कहा लेकिन एक भी क्रेशर मालिक ग्रामीणों के बातों को नहीं रख रहे हैं। वही कोटालपोखर क्षेत्र तक धूलकण उड़ कर आ रही थी जिसको लेकर बरहरवा प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी बरहरवा को ग्रामीणों द्वारा आवेदन भी दे दिया गया है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं करने पर मजबूरन ग्रामीणों द्वारा पत्थर क्रेशर मशीनों से उड़ने वाले धूलकण की परेशानी को देखते हुए आंदोलन की रणनीति बनाई गई है। वही इसको लेकर ग्रामीणों ने कहा कि पत्थर क्रेशर मशीनों को बंद करने की मांग को लेकर जिला उपायुक्त को आवेदन सौंपा जाएगा। इस दौरान गांव के सभी ग्रामीण उपस्थित थे।

पानी की किल्लत से जूझ रही है मिर्जापुर सहित सभी पंचायत

उज्जवल दुनिया संवाददाता

बरहरवाः प्रखंड क्षेत्र के मिजार्पुर सहित बरारी कालू सभी जगह पर आज कल के तेज धूप एवं गर्मी के कारण मानव तंत्र पर कहर बारपा रही है। वही आलम यह है कि पानी की किल्लत से मवेशी अपने प्यास ठीक से बुझा नहीं पा रही है एवं मानव तंत्र को अपने प्यास बुझाने के लिए चापाकल एवं कुआं पर्याप्त नहीं पड़ रहा है। जहां एक पंचायत में 20 चापाकल लगेगा वहां पांच चापाकल जिससे कि 1 वार्ड में की आबादी 600 है वहां पर एक चापाकल है जिससे पूरी पर्याप्त रूप से पानी की कमी देखने को मिल रही है। वही पंचायत में लंबे समय

से यही सब पानी की महामारी हो रही है। वही चापाकल में लगभग 600 बाल्टी टंबलर लगे रहते हैं जिससे एक व्यक्ति को परस्पर पानी भरने में काफी समय लगता है जिससे कि किसी को काम पर जाना है तो कहीं बच्चों को स्कूल समय पर जाना है। वही लोगों को हजारों काम रहते हैं जहां समय पर पानी का न मिलाना एक बहुत बड़ी समस्या है। उधर इस समस्या को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि पानी किल्लत से पंचायत के सभी लोग जूझ रहे हैं फिर भी कोई ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उन लोगों की इन मूलभूत समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। वही इसको लेकर कई बार आवाज उठाते हैं तो फिर भी हमारे समस्या को सुनते नहीं आते हैं और हमें लाभ नहीं मिलता हैं। जहां सब ग्रामीणों को लगता है कि अधिकारियों कहीं ना कहीं मौन है। इस मौके पर जाफर, शरीफ समाद, शेख शमीम, अख्तर नसीम, शेख सलीम, गोविंद मंडल, खुशबू, शेख इकरामुल हक फारूक शेख आदि उपस्थित थे।

चार्टर्ड एकाउंटेंट्स प्रीमियर लीग 2024 क्रिकेट आज से प्रारंभा

रांची। चार्टर्ड एकाउंटेंट्स के सेंट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल की रांची शाखा द्वारा प्रति वर्ष आयोजित होने वाला क्रिकेट श्रंखला सी ऐ पी एल 2024 सौजन्य यूनाइटेड एशिया इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड एवं पॉवर्ड बाए प्रेमसंस मोटर्स आगामी 26 अप्रैल से रांची जिमखाना क्लब के ग्राउंड में आयोजित किया जायेगा। अन्य प्रायोजकों में हेल्थ पार्टनर समफोर्ड हॉस्पिटल, टी -शर्ट पार्टनर - फनस्पोर्ट्स , टॉस पार्टनर झ्र नवरत्न ज्वेलर्स एवं इनके साथ ओसम डेयरी रॉलिक आइस -क्रीम कस्सको स्टेशनर्स, माउंटेन ब्लू , हेल्थ फ्रिक्स एवं कफ्फैन्टेर्स है।

ये वर्ष पुरुष वर्ग का सातवां एवं महिला वर्ग का चौथा संस्करण है। पुरुष वर्ग में 8 एवं महिला वर्ग में 4 टीमें हिस्सा ले रहे है क26 एवं 27 को लीग मैच एवं 28 अप्रैल को सेमी फाइनल एवं फाइनल खेला जायेगा क पुरुष टीम में रांची चैलेंजर्स ,रांची वारियर्स ,राणीसती सुपरकिंग्स , रांची सुपर स्ट्राइकर्स , रांची वॉर हॉक्स , रांची टाइफूंस , रांची गरुडास एवं रांची फाइटर्स तथा महिला टीम में रांची वारियर्स,सुविधा सुपरनोवास, रांची फाइटर्स , स्काई वॉकर्स कि टीमें हिस्सा ले रही है क 24 अप्रैल को प्रतियोगिता के सुभारम्भ एवं ट्रॉफी के अनावरण के लिए जिमखाना क्लब में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भरोसे पर खरे उतरे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

रायपुर, (एजेंसी)।छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने उद्बोधनों में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की खूब सराहना की। सरगुजा में उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार को पूरे अंक देते हुए कहा कि साय सरकार रॉकेट की गति से काम कर रही है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के मुख से निकले ये शब्द निश्चित रूप से ह्लविष्णु के सुशासन की सरकारह्व के लिए उत्साहवर्धक साबित होंगे । प्रधानमंत्री मोदी ने सीएम विष्णु देव साय को अपना साथी और भाई कहकर संबोधित किया उन्होंने कहा कि भाई विष्णु जी विकास के लिए बहुत तेजी से काम कर रहे हैं। अभी ज्यादा समय नहीं हुआ, बहुत कम समय में उन्होंने रॉकेट की गति से सरकार चलाई है।

साय सरकार की तारीफ करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इतने कम समय में साय सरकार ने धान पर किसानों को दी हुई गारंटी पूरी कर दी। तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी अब ज्यादा पैसा मिलेगा और तेंदूपत्ता की खरीद भी तेजी से होगी। यहां की माताओं को भी महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है, साथ ही उन्होंने कहा की ह्लछत्तीसगढ़ मे जिस तरह कांग्रेस के घोटालेबाजों पर एक्शन हो रहा है ये पूरा देश देख रहा हैह्व।

प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ती के जेठा की सभा मे साय सरकार की कामयाबी का जिक्र करते हुए भूपेश सरकार की नाकामी बताई, उन्होंने साय और बघेल सरकार के बीच अंतर समझाया । उन्होंने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जनहित के सारे काम रोक दिए थे लेकिन अब विष्णु देव साय जी हैं तो सारे काम मुझे पूरे करने हैं। उन्होंने साय सरकार के पूरी टीम की तारीफ की और कहा कि छत्तीसगढ़ वासियों के लिए हमने जो गारंटी दी थी उसे हमारे नए मुख्यमंत्री भाई विष्णु देव साय और उनकी टीम ने आते ही 'कमाल' कर दिया। सरकार मे आते ही प्रमुख गारंटियों को प्राथमिकता से पूरा किया। प्रधानमंत्री के ह्लभाईह्व जैसे आत्मीयता भरे शब्द ह्ल साय सरकार ह्ल पर भरोसे का प्रतीक है। यह बताता है कि छत्तीसगढ़ सरकार प्रधानमंत्री मोदी के भरोसे पर खरी उतरी है।

धमतरी के श्यामतराई की सभा मे भी प्रधानमंत्री मोदी ने विष्णु देव साय की जमकर तारीफ की और कहा कि 4 जून को चुनाव के नतीजे आने के बाद तीसरी बार मेरी सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ में रोड, रेल, सिंचाई और इंटरनेट कनेक्टिविटी का और तेजी से विस्तार किया जायेगा इससे जुड़ी सारी जानकारियां विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार लगातार दिल्ली भेज रही है। यह कहकर मोदी ने केंद्र सरकार से लगातार जीवंत संपर्क एवं विकास को लेकर सतत प्रयास किए जाने की पुष्टि की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र में नई सरकार बनने के पहले 100 दिन में छत्तीसगढ़ के लिए जो फैसले होंगे उसके लिए इससे मदद मिलेगी। उन्होंने नक्सल उन्मूलन की दिशा मे साय सरकार के प्रयासों की सराहना तो की ही साथ ही भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध की गई कार्यवाही की भी तारीफ की। मोदी ने कहा भाजपा सरकार ने छत्तीसगढ़ में भ्रष्टाचार और नक्सली हिंसा दोनो को काबू किया है अब छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद तेजी से कम हो रहा है और मैं छत्तीसगढ़ को गारंटी देता हूं माओवाद को और नक्सलवाद को जड़ से समाप्त करके रहूंगा । भाजपा ने छत्तीसगढ़ के धान किसानों को 3100 रुपए कीमत और 2 साल का बकाया बोनस देने की गारंटी दी थी यहां विष्णु देव जी की सरकार ने इतने कम समय में ही ये गारंटी पूरी कर हजारों करोड़ों रुपए किसानों तक पहुंचा दिए हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से जनता के बीच सकारात्मक समीक्षा कर यह साफ कर दिया कि वे मुख्यमंत्री के कामकाज से संतुष्ट हैं ।

यह भी सही है कि महज सौ दिन की सरकार ने छत्तीसगढ़ मे जिस तरह से ह्यसांय सांयह्व फैसले लिए हैं।

विरासत टैक्स मामले मे कांग्रेस पर भड़के विष्णु देव साय

रायपुर, (एजेंसी)।छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विरासत टैक्स मामले मे कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा है कि कांग्रेस ने भारतीय समाज की उस पारिवारिक संरचना पर सीधा प्रहार किया है जो संपत्तियों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित करती है और पारिवारिक रिश्तों को जोड़ने की मजबूत कड़ी है।

श्री साय ने गुरुवार को जारी अपने बयान में आरोप लगाया कि कांग्रेस ने देश के टुकड़े किए फिर उसे जातियों मे बांटा, उसके बाद धार्मिक तुष्टीकरण करने के लिए देश के संसाधनों पर पहला हक मुस्लिमों का बताया। अब कांग्रेस कह रही है की आगे वो सत्ता मे आई तो कानून बना कर लोगों के मरने के बाद उनकी संपत्ति सरकार के जरिए हड़प लेगी। सैम पित्रोदा के बयान ने इसकी पुष्टि की है। यह बेहद शर्मनाक है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने बीते दिनों एक बयान में कहा था कि अगर चुनाव बाद उनकी सरकार सत्ता में आई तो एक सर्वे कराया जाएगा और पता लगाया जाएगा कि किसके पास कितनी संपत्ति है और अब सैम पित्रोदा ने अमेरिकी कानून का हवाला देकर कहा है, 'अमेरिका में 55 फीसदी संपत्ति सरकारी खजाने में जाती है। अमेरिका में विरासत पर कर लगता है। अगर किसी के पास 100 मिलियन डॉलर की संपत्ति है और जब वह मर जाता है तो वह केवल 45 प्रतिशत अपने बच्चों को हस्तांतरित कर सकता है जबकि 55 प्रतिशत सरकार द्वारा हड़प लिया जाता है। लेकिन भारत में रहकर अपनी पीढ़ी के लिए संपत्ति जुटाई और जब आप स्वर्गवासी हो रहे हैं तो आपको अपनी संपत्ति जनता के लिए छोड़नी चाहिए।श्री साय ने कहा है कि कांग्रेस मुस्लिम तुष्टिकरण मे इतनी अंधी हो गई है की वो देश के सनातन परंपरा और परिवार परंपरा पर सीधा चोट कर रही है। उनकी मंशा है की देश के लोगों की जायदाद राजसात कर उसे उनके बीच बाँट दे जिनके ज्यादा बच्चे हैं या घुसपैठिए हैं। इस देश और छत्तीसगढ़ की जनता को यह कतई स्वीकार नहीं है।श्री साय ने कड़ी शब्दों मे कहा है कि देश के लोगों की संपत्ति विदेशी घुसपैठियों के लिए नहीं है

महासमुंद लोकसभा चुनाव में 17 प्रत्याशी भाग्य आजमा रहे

धमतरी, (एजेंसी)। धमतरी जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के लोग महासमुंद और कांकेर लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशियों के लिए 26 अप्रैल शुक्रवार को सुबह सात बजे से वोटिंग करेंगे। मतदान शाम छह बजे तक निर्धारित है। महासमुंद क्षेत्र में 17 और कांकेर में 9 प्रत्याशी अपना भाग्य आजमा रहे हैं।लोकसभा चुनाव-2024 के लिए महासमुंद लोकसभा क्षेत्र से 17 ताम्रध्वज साहू कांग्रेस, बसंत सिन्हा बसपा, रूपकुमारी चौधरी भाजपा, गणेश राम ध्रुव हमर राज पार्टी, चम्पालाल पटेल राइट टू रिकॉल प्रेशर, नारद प्रसाद निषाद शक्ति सेना गैस, नितेश कुमार रात्रे सुंदर समाज पार्टी, फरीद कुरैशी गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, डॉ. विरेन्द्र चौधरी भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, ईश्वर मारकंडे निर्दलीय, कलिया प्रसाद सेठ निर्दलीय, महेश स्वण निर्दलीय, मुकेश अग्रवाल निर्दलीय, रेखराम बाघ निर्दलीय, सुखनंदन देशकर निर्दलीय, प्रो. सुरेश साहू निर्दलीय, संतोष दारचंद बंजारे निर्दलीय हैं। कांकेर लोकसभा क्षेत्र से नौ प्रत्याशी तिलक राम मरकाम बसपा, बीरेश ठाकुर कांग्रेस, भोजराज नाग भाजपा, जीवनलाल मातलाम सर्व आदि दल, थाकेश माहला भारतीय शक्ति चेतना पार्टी, भोजराम मंडावी राष्ट्रीय जनसभा पार्टी, विनोद नागवंशी हमर राज पार्टी, सुकचंद नेताम गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, सोनसिंह आंबेडकराइडट पार्टी आफ इंडिया मैदान में हैं।

मतदान दलों की अधिकारियों ने की मानिटरिंग

मतदान दलों को सामग्री वितरण केन्द्र शासकीय पालीटेक्निक रूद्री में 25 अप्रैल गुरूवार की सुबह बुला लिया गया। तीनों विधानसभा सामग्री वितरण के लिए अलग अलग बूथ बनाये गये। सुबह छह बजे कर्मचारी पहुंचना शुरू हो गये थे। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अनिल अग्रवाल, जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी, पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय सहित अन्य अधिकारी लगातार मानिटरिंग कर रहे थे। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी नम्रता गांधी ने बताया कि 26 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए के लिए 25 अप्रैल की सुबह तीनों विधानसभा धमतरी, कुरूद और सिहावा के लिए मतदान दल रवाना कर दिया गया। आपात स्थिति के लिए रिजर्व दल भी रखा गया है।

बघेल को वोट देना नवाज, अकबर, ढेबर और सौम्या को वोट देने जैसा ही है : भाजपा

रायपुर, (एजेंसी)।छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री,गृह मंत्री विजय शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री भरतलाल वर्मा ने पूर्व मुख्यमंत्री और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल पर तुष्टीकरण और भ्रष्टाचार के मामलों को लेकर हमला बोला है। श्री शर्मा और श्री वर्मा ने कहा कि भूपेश बघेल को वोट देना यानी नवाज खान, मो. अकबर, एजाज ढेबर को वोट देने जैसा ही है।

कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान, बिरनपुर में भुनेश्वर साहू की बर्बरतापूर्ण हत्या और राजनांदगांव जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व जिलाध्यक्ष नवाज खान के भ्रष्ट कारनामों का हवाला देकर भाजपा नेता द्वय ने दो टूक कहा है कि भूपेश बघेल को वोट देने का सीधा मतलब है कि छत्तीसगढ़ को लूटने वालों को वोट देना, भ्रष्टाचारियों को वोट देना, नवाज खान, अकबर, ढेबर और सौम्या चौरसिया को वोट देना।

प्रदेश के उप मुख्यमंत्री/गृह मंत्री श्री शर्मा ने कहा है कि पाँच सालों तक सरकार चलाते समय कांग्रेस की सरकार भूपेश बघेल ने नहीं, बल्कि मो, अकबर और ढेबर ने चलाई है। अकबर-ढेबर की जो सरकार चली है तो उस समय क्या-क्या अंधेरगर्दी मची थी, यह सब जान रहे हैं। किस तरह से कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीति परवान चढ़ी थी, यह भी सब जानते हैं।श्री शर्मा ने कवर्धा में भगवा ध्वज के अपमान की याद दिलाते हुए कहा कि उस समय बहुसंख्यक समाज की भावनाओं व आस्था की सुध लेने वाला कोई नहीं था।

बिरनपुर में मॉब लिंचिंग करके भुनेश्वर साहू की बर्बर हत्या की घटना की भी कोई सुध लेने वाला नहीं था।

केंद्र में तीसरी बार सरकार बनते ही साढे आठ लाख परिवारों को संभालने की जिम्मेदारी लेगी भाजपा : शर्मा

रायपुर, (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र में तीसरी बार सरकार बनते ही छत्तीसगढ़ के साढे आठ लाख परिवारों को संभालने की जिम्मेदारी भाजपा लेगी। यह मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और भाजपा का छत्तीसगढ़ के 70 साल के 8.50 लाख से अधिक बुजुर्गों से वादा है। श्री शर्मा ने कहा कि इन 8.50 लाख परिवार के बुजुर्गों की चिंता अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार करते हुए उनका पूरा मुफ्त इलाज आयुष्मान कार्ड के जरिए करेगी।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने गुरुवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पत्रकारों से कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और भाजपा ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी के अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए आम नागरिक के इलाज में होने वाली आर्थिक समस्या के लिए आयुष्मान कार्ड प्रारंभ किया।अब इस दिशा में एक कदम आगे बढ़ते हुए सभी वर्गों के, चाहे वह निम्न आय वर्ग हो, मध्यम आय वर्ग हो या उच्च मध्यम आय वर्ग हो, 70 साल व इससे अधिक आयु के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपये तक का चिकित्सकीय व्यय वहन करने की जिम्मेदारी प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने ली है।

श्री शर्मा ने कहा कि जब एक आम व्यक्ति जब बीमार पड़ता है तो एक तरफ उसकी आय के साधन रुक जाते हैं और दूसरी तरफ उसके व्यय इस कदर बढ़ जाते हैं कि व्यक्ति समय अनुसार शारीरिक रूप तो स्वस्थ हो जाता है परंतु वह जीवनभर आर्थिक रूप से बीमार पड़ जाता है ।इसीलिए आयुष्मान कार्ड योजना अस्तित्व में आई, जिससे देश के करोड़ों लोगों को इसका लाभ मिला और अब इसका दायरा बढ़ाने की गारंटी प्रधानमंत्री श्री मोदी ने दी है। श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार पिछले 10 वर्षों से आम नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं की चिंता कर रही है। जिन्होंने सपने में सोचा नहीं था, ऐसे गरीबों के आवास का सपना पूरा करने का कार्य प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से श्री मोदी ने किया।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री शर्मा ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के सलाहकार और कांग्रेस का घोषणापत्र बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले सैम पित्रोदा के विरासत-कर वाले बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि एक तरफ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार और भाजपा ने अपने घोषणापत्र में बुजुर्गों और उनके परिवार को सम्हालने की जिम्मेदारी ली है। वहीं कांग्रेस और इंडी गठबंधन उन बुजुर्गों के मरने की प्रतीक्षा कर रहे हैं ताकि वह उनके धन, उनकी सम्पत्ति और विरासत को लूटकर गुलछर्रे उड़ा सकें। श्री शर्मा ने कहा कि पहले अपने घोषणा पत्र में सम्पत्ति का सर्वे करके उन सम्पत्तियों को सबको बांट देने की बात कही और अब पित्रोदा ने अमेरिकी तर्ज पर विरासत पर मनमाना टैक्स लगाने की बात कहकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन की बदनीयती को जगजाहिर कर दिया है।

बलौदाबाजार : जिले में मनाया गया मलेरिया दिवस, साफ-सफाई और बचाव का दिया संदेश

बलौदाबाजार, (एजेंसी)। कलेक्टर के.एल.चौहान के निर्देश पर इस वर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस पूरे जिले में मनाया गया।

इस बाबत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आम जन को मलेरिया रोग के प्रति रैली,परिचर्चा के माध्यम से जागरूक करते हुए रोग से बचाव का संदेश दिया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एम पी महिस्वर के अनुसार प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस वर्ष का थीम है -अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाएँ।

राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल अधिकारी डॉ अभिजीत बैनर्जी के अनुसार बलौदाबाजार भाटापारा जिले में वर्ष 2023 में कुल 116 मलेरिया के प्रकरण मिले हैं जिसमें कसडोल में 95,बलौदा बाजार में 15,पलारी में 3,सिमगा में 1 और भाटापारा में 2 केस दर्ज किए गए। जिले में कसडोल का वनांचल क्षेत्र मलेरिया के लिए ज्यादा संवेदनशील है । जिले का कुल वार्षिक परजीवी सूचकांक 0.08 है । कसडोल के कुल 5-5 गाँव ऐसे हैं जहां वार्षिक परजीवी सूचकांक क्रमशः 5 तथा 10 हैं। विकासखंड कसडोल में केस की अधिकता को देखते हुए जनजागरूकता हेतु जिला तथा ब्लॉक कार्यालय के समन्वय से वनांचल ग्राम भिम्भोरी में समुदाय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रैली करते हुए मितानिनों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों को रोग के सम्बंध में बताते हुए मच्छर दानी उपचारित कर के भी दिखाया गया और अपील की गई कि बुखार की स्थिति में तुरंत जाँच मलेरिया की जाँच कराएं और रोग की स्थिति में उपचार लेवें।

मलेरिया प्लास्मोडियम नामक परजीवी के कारण होता है जिसका वाहक मादा एनाफिलीज मच्छर होता है। प्लास्मोडियम वाईवैक्स और फेलसिफेरम इसके प्रमुख प्रकार हैं। ठंड के साथ कंपकपी,तेज बुखार सर और बदन दर्द ,उल्टी,जी मिचलाना और गंभीर होने पर अचेत हो जाने जैसे लक्षण प्रकट होते हैं। फेलसिफेरम की स्थिति में उपचार न मिलने पर जान भी जा सकती है।

स्याही के निशान के साथ सेल्फी दिखाने पर खरीद पर मिलेगा छूट

कोरबा (एजेंसी)। लोकसभा निर्वाचन 2024 में कोरबा लोकसभा क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान हो, सभी लोग अपने मताधिकार का उपयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें, इस हेतु कोरबा नगर के व्यवसायियों ने अनोखी पहल करते हुए मतदान करने वाले मतदाताओं को उनके द्वारा खरीदे गए सामान पर आकर्षक डिस्कांउट दिए जाने की घोषणा की गई है, यह डिस्कांउट व्यवसायियों द्वारा दिए जा रहे नियमित डिस्कांउट के अतिरिक्त होगा। अभी तक कोरबा नगर के 1 दर्जन से अधिक प्रतिष्ठानों द्वारा डिस्कांउट की घोषणा की गई है, व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की इस अनोखी पहल से निश्चित रूप से मतदाता मतदान हेतु जागरूक होंगे तथा मतदान प्रतिशत बढेगा। जिला चेम्बर आफ कामर्स तथा नगर के व्यवसायीबंधुओं ने मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर अनिवार्य रूप से मतदान करें।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत वसंत के मार्गदर्शन में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शत प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को पूरा करने के लिए व्यापक पैमाने पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं तथा जिला प्रशासन व शासन के विभिन्न विभागों के साथ-साथ विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं, सामाजिक संगठनों, औद्योगिक एवं सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का सहयोग इस कार्यक्रम में लिया जा रहा है। इसी कड़ी में निगम आयुक्त सुश्री प्रतिष्ठा ममगाई द्वारा विगत दिवस जिला चेम्बर आफ कामर्स व व्यवसायीबंधुओं की बैठक लेकर मतदाता जागरूकता की दिशा में उनकी सहभागिता का आव्हान किया गया था।

संक्षिप्त खबरें

मे-फेयर लेक रिसॉर्ट में अंगुली की स्याही दिखाने पर 30 प्रतिशत छूट में मिलेगा भोजन

रायपुर, (एजेंसी)। प्रतिष्ठित होटल एवं रिसॉर्ट ग्रुप ह्लमे-फेयरह्व लेक रिसॉर्ट ने अभिनव पहल कर 7 मई को मतदान करने वाले हाथ की स्याही दिखाने वाले मतदाताओं के लिए स्पेशल डिस्काउंट ऑफर की घोषणा की है।

इसके तहत 7 मई से 12 मई 2024 तक सभी मतदाताओं को कार्ट ऑर्डर व बुफे पर स्पेशल डिस्काउंट दिया जाएगा। कलेक्टर डॉ. सिंह ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे अन्य संस्थानों के लिए भी अनुकरणीय बताया है।

लोकसभा चुनाव, 1750 जवानों की लगाई गई ड्यूटी

धमतरी, (एजेंसी)। मतदान दलों के साथ सुरक्षा के लिहाज से पुलिस के जवान रवाना किये गये। जिले में पुलिस विभाग सहित नगर सेना, वन विभाग, कोटवारों की कुल 1750 लोगों की ड्यूटी लगाई गई है। इसमें 753 बूथ भी शामिल है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय ने बताया कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के तहत पर्याप्त पुलिस बल लगाया गया है। 17 संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष बल तैनात किया गया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग की जा रही है।

315 वाहनों को किया गया अधिग्रहित, सभी में लगा जीपीएस

मतदान दलों के लिए वाहनों की जिम्मेदारी परिवहन विभाग को दी गई थी। तीनों विधानसभा के लिए अलग-अलग रूट चार्ट बनाया गया है। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर और नोडल अधिकारी डॉ. कल्पना ध्रुव ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन में तीनों विधानसभा के लिए 315 गाड़ियां लगाई हैं। सभी में जीपीएस सिस्टम लगाया गया है। जिसकी आनलाईन ट्रेकिंग शुरू हो गई है। 191 रूट के साथ 79 सेक्टर बनाए गए हैं। सभी मतदान दलों को वाहनों में रवाना कर दिया गया है।

किरंदूल से लौह अयस्क लेकर विशाखापट्टनम जा रही मालगाड़ी पटरी से उतरी

जगदलपुर, (एजेंसी)। किरंदुल-कोट्टावालसा रेल लाइन में जगदलपुर से 140 किलोमीटर दूर ओडिशा के पंढुया स्टेशन यार्ड में मालगाड़ी के छह डिब्बे पटरी से उतर गए। मिली जानकारी के अनुसार मालगाड़ी किरंदूल से लौह अयस्क भरकर विशाखापट्टनम जा रही थी, ओडिशा के पंढुया स्टेशन यार्ड में पंहुचकर आज गुरुवार दोपहर लगभग ढाई बजे मालगाड़ी डिरेल हो गई है। डबल लाइन होने से रेल आवागमन बाधित नहीं हुआ है।

व्यवसायी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, जांच में जुटी पुलिस

कांकेर, (एजेंसी)। जिले के भानुप्रतापपुर के युवा व्यवसायी चिराग शर्मा उम्र 30 वर्ष ने गुरुवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। इसकी सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मृतक की जेब से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें लिखा है मैं ऐसी दलदल में फंस गया हूं, जहां से वापस आना मुश्किल है। भानुप्रतापपुर पुलिस मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कार्रवाई कर रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम चिराग शर्मा सुबह अपनी दुकान खोलकर ग्राहक के यहां समान छोड़ने गया था। उसके बाद से वह वापस दुकान नहीं आया, कुछ देर बाद बड़े भाई ने फोन लगाकर जल्दी दुकान आने कहने के लिए मोबाइल पर काल किया परंतु फोन रिसीव नहीं हुआ। इसके बाद चिराग शर्मा की तलाश शुरू की गई। इस दौरान आज गुरूवार 11 बजे मृतक की स्कूटी भानुप्रतापपुर नगर से 3 किमी दूर देव दरहा के पास मिली और पास में ही मृतक का लटकता हुआ शव देखा गया।

खाना बनाने की बात को विवाद, छोटी बहन ने बड़ी बहन को उतारा मौत के घाट

रायगढ़ , (एजेंसी)।रायगढ़ में पतरापाली इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो सगी बहनों के बीच खाना बनाने को लेकर मामूली विवाद हुआ।विवाद के बाद जब बड़ी बहन खाना बनाने के बाद सो रही थी तब छोटी बहन ने अपनी सोती हुई बहन के सिर पर सिलबट्टे से हमला करते हुए उसे मौत के घाट उतार दिया । आरोपित छोटी बहन पुलिस हिरासत में है। उसने अपना अपराध कबूल लिया है।

इस संबंध में कोतरा रोड थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि ग्राम पतरापाली में रहने वाले एक परिवार की दो बहनों में लगातार घर में एक दूसरे को मिलने वाली छूट तथा माता-पिता के प्यार को लेकर विवाद चल रहा था।बीती रात दोनों बहनों के बीच फिर से खाना बनाने को लेकर विवाद हुआ।छोटी बहन ने बड़ी बहन के साथ झगडा भी किया। जब खाना बना तब उसकी बड़ी बहन ने भोजन करने के लिये भी कहा । रात करीब 10 बजे जब 24 साल की बडी बहन सो रही थी तब 22 साल की उसकी छोटी बहन ने घर में रखे सिलबट्टे से उसके सिर व शरीर में कई वार कर दिया। बुरी तरह घायल 24 वर्षीय बहन की कुछ देर बाद मौत हो गई। इस पूरी घटना की जानकारी कोतरा रोड थाने में दी गई।

कोतरा रोड थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि आरोपित युवती ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।उसे हिरासत में ले लिया गया है।

गद्दी चौक स्थित ट्रांसफार्मर में लगी भीषण आग, जनहानि नहीं

रायगढ़,(एजेंसी)। आज गुरुवार को रायगढ़ गद्दी चौक के पास स्थित ट्रांसफार्मर में अचानक आग लग गयी। यह आग धीरे-धीरे भीषण रूप लेने लगा जिससे धूं -धूं कर ट्रान्सफार्मर की तारे जलने लगी। ट्रान्सफर्मर के पास रखे 3 बाइक भी चपेट में आ गये जिसमे एक मोटरसाइकिल पूरी तरह जल कर खाक हो गया और ट्रान्सफार्मर के पास लगे घर का सामने वाला हिस्सा भी इस आग की चपेट मे आ गया। घटना की जानकारी मिलते ही बिजली विभाग की टीम और फायर ब्रिगेड पहुंचे और समय रहते ही आग पर काबू पर लिया गया।

नटवर स्कूल के पास शुद्ध शीतल पेयजल की व्यवस्था

रायगढ़,(एजेंसी)। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी मानवता की सेवा के लिए प्रतिबद्ध अघोर ब्रम्हनिष्ठालय गुरु पीठ ट्रस्ट बनोरा रायगढ़ छत्तीसगढ़ द्वारा राहगीरों के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. तोड़ाराम जोगी प्रतिमा स्थल नटवर स्कूल के पास रायगढ़ में शुद्ध शीतल पेय जल की उत्तम व्यवस्था किया गया। ज्ञातव्य हो कि विगत लगभग 15 वर्षों से कलेक्टर बंगला के पास व्यवस्था की जाती थी इस वर्ष स्थल परिवर्तन कर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. तोड़ाराम जोगी प्रतिमा स्थल नटवर स्कूल के पास रायगढ़ में व्यवस्था की गई है।

2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का नहीं, संविधान बचाने का चुनाव : डॉ. चंदन यादव

रायपुर, (एजेंसी)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव एवं प्रदेश प्रभारी डॉ. चंदन यादव ने रायपुर के राजीव भवन में गुरुवार को पत्रकारों से चर्चा की।डॉ. चंदन यादव ने कहा कि, 2024 का लोकसभा चुनाव सिर्फ सत्ता परिवर्तन का चुनाव नहीं है, दो विचारधारा का चुनाव है। संविधान बचाने का चुनाव है।उन्होंने कहा कि, कांग्रेस का हिस्सेदारी न्याय बड़ा चुनावी मुद्दा है। छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने विधानसभा के आरक्षण बिल पास करा कर मा. गवर्नर के पास भेजा अभी तक हस्ताक्षर नहीं हुआ। कौन है इसका जिम्मेदार?